www.deshbandhu.co.in खबरें लगातार ...

छत्तीसगढ़ का पहला राष्ट्रीय दैनिक

संपर्क करें : bilaspurdeshbandhu@gmail.com



पत्र नहीं मित्र

# देशबन्धु

बिलासपुर, शुक्रवार, 15 दिसंबर 2023 । वर्ष – 33 । अंक –226 । पृष्ठ –12 । मूल्य – 4.00 रु




लोकतंत्र की हत्या कर रही मोदी सरकार : कांग्रेस — पृष्ठ 3

■ यूजीसी और एनसीईआरटी का हिन्दू राष्ट्र शैक्षणिक कार्यक्रम
■ कॉप 28 ने भले ही टकराव को टाल दिया, पर संघर्ष के बिंदु अनसुलझे रहे — पृष्ठ 4

■ हमास नेता गाजा युद्धविराम के लिए इजरायल के साथ वार्ता को तैयार
■ इजरायल ने वेस्ट बैंक पर किया हमला, दो की मौत — पृष्ठ 9

शमी के द.अफ्रीका में टेस्ट सीरीज खेलने पर सस्पेंस! — पृष्ठ 10


# नई सरकार की पहली कैबिनेट बैठक में ही 18 लाख पीएम आवास को मंजूरी

**रायपुर,** 14 दिसम्बर (देशबन्धु)। प्रदेश में भाजपा सरकार बनने के बाद गुरुवार को साय कैबिनेट की हुई बैठक में बड़ा फैसला लिया है। बैठक में 18 लाख पीएम आवास को मंजूरी दे दी गई है।जिसको लेकर मुख्यमंत्री साय ने कहा, यह हमारा चुनावी वादा था। प्रधानमंत्री मोदी ने चुनाव के दौरान कहा था कि, बीजेपी सरकार बनने पर मुख्यमंत्री पहला फ़ैसला आवास योजना का लेंगे। अब जल्द ही राज्य के ग़रीब वर्ग के लोगों को प्रधानमंत्री आवास मिलेगा।

वहीं 25 दिसंबर को अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती पर किसानों को 2 साल का बकाया बोनस दिया जाएगा। साय कैबिनेट बैठक के बाद मीडिया से बात कर रहे थे। मीडिया से चर्चा में उन्होने यह भी कहा कि पिछली सरकार ने राज्य को आर्थिक रूप से खोखला कर दिया है। मोदी की गारंटी का शत प्रतिशत पालन किया जायेगा।



भाजपा सरकार ने किया पहला वायदा पूरा

पहली बैठक का एकमात्र एजेंडा आवास योजना का था। बैठक में 18 लाख ग्रामीण आवास निर्माण के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई। उन्होने कहा कि डबल इंजन की सरकार तेजी से चलेगी। किसानों को 25 दिसंबर को बकाया दो साल का बोनस दिया जायेगा। उन्होने कहा कि पांच साल में सारी घोषणाओं को पूरा किय जायेगा।

### जो किसान धान बेच चुके हैं उन्हें भी 3100 रुपये मिलेगा : विजय शर्मा

कर्ज माफी पर नव निर्वाचित उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि कर्ज माफी तब की जाती है जब किसानों की स्थिति ठीक ना हो।5 साल तक कांग्रेस सरकार में रही जिन्होंने केवल लालच देने के लिए कर्ज माफी की घोषणा की थी।हमारी सरकार 3100 रुपये प्रति क्विंटल के हिसाब से 21 क्विटंल प्रति एकड़ धान खरीदी करेगी। जो किसान धान बेच चुके हैं उन्हें भी 31 सौ रुपये राशि दी जाएगी। हसौद रवाना होने से पहले शर्मा ने कहा कि कमलेश साहू शहीद हुए हैं, उनके परिवार के दुख में शामिल होने जा रहा हूं।हमारी सरकार शहीद परिवार के साथ है।

जिन्होंने ऐसा किया उन्हें छोड़ा नहीं जाएगा।उनकी शहादत कभी भुलाई नहीं जाएगी। श्री शर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व और मार्गदर्शन में वह सभी बातें आएंगी जो हमने चुनाव के समय कही हैं। लॉ एंड ऑर्डर के लिए विशेष रूप से यह सरकार धरातल पर मिलेगी। पसीना बहाते मिलेगी, परिश्रम करते मिलेगी, सेवा करते मिलेगी। विगत सरकार की तरह हर चौक चौराहे पर पैसा खोजने का जो काम हुआ था उससे जनता को निजात मिलेगी।

# सुरक्षा में चूक पर संसद में हंगामा

## दिनभर चला संसद में हंगामा, 14 सांसद पूरे सत्र के लिए निलंबित



■ विपक्ष के हंगामे के कारण कई बार स्थगित करना पड़ा सदन

**नई दिल्ली,** 14 दिसम्बर (देशबन्धु)। लोकसभा की सुरक्षा में चूक के मामले पर विपक्षी सांसदों का सदन के अंदर और बाहर हंगामा गुरुवार को भी जारी रहा। विपक्षी दलों के हंगामे के कारण सदन की कार्यवाही को पहले 2 बजे, फिर 3 बजे तक और फिर दिन भर के लिए स्थगित करना पड़ा। बार-बार चेतावनी दिए जाने के बावजूद लोकसभा में हंगामा जारी रहने पर पहले पांच सांसदों और फिर नौ सांसदों यानी कुल मिलाकर 14 सांसदों को पूरे सत्र के लिए सदन से सस्पेंड कर दिया गया।

दोपहर 2 बजे सदन की कार्यवाही शुरू होने पर भी जब विपक्षी सांसदों का हंगामा जारी रहा तो केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री प्रल्हाद जोशी ने हंगामा कर रहे पांच सांसदों को सदन से सस्पेंड करने का प्रस्ताव सदन के अंदर रखा, जिसे सदन द्वारा स्वीकार कर लिए जाने के बाद हिबी ईडन, एस. ज्योतिमणि, टी एन प्रथापन, राम्या हरिदास और डीन कुरियाकोस को संसद के वर्तमान शीतकालीन सत्र की बची हुई अवधि के लिए सस्पेंड कर दिया गया।

### संसदीय कार्य मंत्री प्रल्हाद जोशी ने रखा प्रस्ताव

इसके बाद सदन की कार्यवाही को 3 बजे तक के लिए स्थगित कर दिया गया। दोपहर 3 बजे जब फिर से लोकसभा की कार्यवाही शुरू हुई तो उस समय भी विपक्षी सांसदों का हंगामा जारी रहने पर केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री प्रल्हाद जोशी ने हंगामा कर रहे नौ सांसदों का नाम लेकर उन्हें सदन से सस्पेंड करने का प्रस्ताव सदन के अंदर रखा, जिसे सदन द्वारा स्वीकार कर लिए जाने के बाद वीके श्रीकंदन, बेहनन बैन्नी, मोहम्मद जावेद, माणिक्कम टैगोर, कनिमोझी, एसआर पार्थिबन, पीआर नटराजन, एस वेंकटेशन और के. सुब्बारायण को संसद के वर्तमान शीतकालीन सत्र की बची हुई अवधि के लिए सस्पेंड कर दिया गया।

### इस तरह की घटनाएं पहले भी हुई: जोशी

इसके बाद सदन की कार्यवाही को दिन भर के लिए स्थगित कर दिया गया। लोकसभा की अगली बैठक अब शुक्रवार,15 दिसंबर को सुबह 11 बजे होगी। इससे पहले दोपहर दो बजे लोकसभा की कार्यवाही शुरू होते ही विपक्षी सांसदों के हंगामे के बीच सरकार की तरफ से केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री प्रल्हाद जोशी ने तारीख के साथ कई घटनाओं का जिक्र करते हुए कहा कि इस तरह की घटनाएं लोकसभा में पहले भी हुई है और बुधवार की घटना के बाद स्पीकर द्वारा बुलाई गई बैठक में आए सुझावों के आधार पर सुरक्षा को मजबूत करने के लिए कई कदम पहले ही उठा लिए गए हैं और आज भी स्पीकर ने इसकी समीक्षा की है। जोशी ने लोकसभा स्पीकर को पार्लियामेंट का कस्टोडियन बताते हुए आगे कहा कि इस पर कोई राजनीति नहीं होनी चाहिए, हम सबको दलगत राजनीति से ऊपर उठकर इस पर काम करना है। अतीत से सबक लेते हुए भविष्य के लिए काम करना है।

➤➤ शेष पृष्ठ 2 पर ➤

## प्रदेश में कांग्रेस को बड़ा झटका

# महंत रामसुंदर दास ने दिया इस्तीफा

**रायपुर,** 14 दिसम्बर (देशबन्धु)। कांग्रेस के वरिष्ठ सदस्य, गौ सेवा आयोग के पूर्व अध्यक्ष और दूधाधारी मठ के अध्यक्ष महंत रामसुंदर दास ने कांग्रेस से आज इस्तीफा दे दिया। उन्होंने अपना इस्तीफा प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज को लिखित में भेजकर आग्रह किया है कि उनका इस्तीफा स्वीकार कर लिया जाए। महंत रामसुंदर दास ने इस्तीफे का कारण महज रायपुर दक्षिण से अपना भारी पराजय को बताया है।

उन्होंने आज अपने दूधाधारी मठ में पत्रकारों को बताया कि वे पराजय से दुखी होकर इस्तीफा



दिये हैं। उन्होंने हार के लिए किसी और को नहीं सिर्फ अपने को ही कारण बताया और उसकी नैतिक जिम्मेदारी को लेकर इस्तीफा दिया है। यह पूछे जाने पर कि अब आपकी आगे की रणनीति क्या होगी तो उन्होंने कहा कि मठ के माध्यम से वे लोगों की सेवा करते रहेंगे। भाजपा में शामिल होने के जवाब में उन्होंने कहा कि अभी ऐसा कोई इरादा नहीं है पर आगे क्या होगा वह भविष्य के गर्भ में है। उन्होंने कहा कि हार के लिए जिम्मेदार मैं स्वयं हूं। सभी लोगों ने बहुत अच्छा मेहनत किया था पर परिणाम अप्रत्याशित निकला। जितने मतों से मैं हारा हूं उतने तो मुझे वोट भी नहीं मिले हैं। यह पूछे जाने पर कि आपके इस्तीफे से कांग्रेस का मनोबल गिरेगा तो उन्होंने कहा कि ऐसा नहीं होगा। बहुत लोग हैं काम करने के लिए।

## सार संक्षेप

### झारखंड विधानसभा का शीतकालीन सत्र आज से

**रांची।** 1 5 दिसंबर से शुरू हो रहे झारखंड विधानसभा के शीतकालीन सत्र में कांग्रेस के राज्यसभा सांसद धीरज साहू के ठिकानों से साढ़े तीन सौ करोड़ से ज्यादा की रकम और जेवरात की बरामदगी का मामला छाया रहेगा। भारतीय जनता पार्टी ने इस मुद्दे को लेकर कांग्रेस के साथ राज्य की गठबंधन सरकार की घेराबंदी की रणनीति तैयार की है। इसे लेकर गुरुवार शाम भाजपा विधायक दल की बैठक बुलाई गई है।

### आसियान-भारत श्री अन्न महोत्सव की शुरुआत

**नई दिल्ली।** केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री और जनजातीय कार्य मंत्री अर्जुन मुंडा ने गुरुवार को आसियान-भारत श्री अन्न महोत्सव का राष्ट्रीय राजधानी में शुभारंभ करते हुए कहा कि देश में मोटे अनाज को बढ़ावा देने के लिए केंद्र सरकार लगातार प्रयास कर ही है। इसी कड़ी में यहां वसंत कुंज इलाके में दो दिवसीय मिलेट मेले का आयोजन किया गया है। आसियान में भारतीय मिशन द्वारा कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय के सहयोग से आयोजित दो दिवसीय इस महोत्सव में भारत सहित आसियान देशों के नीति-निर्माता, उद्यमी, विशेषज्ञ स्टार्टअप एवं अधिकारी भाग ले रहे हैं।

### महाराष्ट्र-छत्तीसगढ़ सीमा के पास मुठभेड़ में 2 नक्सली ढेर

**गढ़चिरौली।** महाराष्ट्र-छत्तीसगढ़ सीमा के पास जंगलों में पुलिस के साथ मुठभेड़ में कम से कम दो नक्सली मारे गए। यह घटना एक गुप्त सूचना के बाद हुई कि नक्सलियों की एक बड़ी टुकड़ी छत्तीसगढ़ में गोडलवाही चौकी से लगभग 1 किमी दूर बोधिनटोला के पास डेरा डाले हुए थी। नक्सली सुरक्षा बलों पर घात लगाकर हमला करने और तोड़फोड़ की गतिविधियों को अंजाम देने और स्थानीय आदिवासियों को पुलिस मुखबिर बताकर मारने की योजना बना रहे थे।

### असम सरकार ने 1281 मदरसों को सामान्य स्कूलों में बदला

**गुवाहाटी।** असम सरकार ने राज्य के 31 जिलों में कम से कम 1281 मदरसों का नाम बदल दिया है और उन्हें सामान्य स्कूलों में बदल दिया है। माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, असम के तहत सभी सरकारी और प्रांतीय मदरसों को सामान्य स्कूलों में परिवर्तित करने के परिणामस्वरूप स्कूल शिक्षा विभाग, असम ने आज एक अधिसूचना द्वारा 1281 एमई मदरसों के नाम बदलकर मिडिल इंग्लिश स्कूल कर दिया है।

### श्रीनगर में शून्य से 5.4 डिग्री नीचे तापमान

**श्रीनगर।** श्रीनगर शहर में गुरुवार को न्यूनतम तापमान में और गिरावट हुई। यहां सीजन का अब तक का सबसे कम तापमान माइनस 5.4 डिग्री दर्ज किया गया।

# विनय जयसवाल व बृहस्पत सिंह को कांग्रेस से किया निष्कासित

**रायपुर,** 14 दिसम्बर (देशबन्धु)। प्रदेश कांग्रेस ने दो पूर्व विधायकों को पार्टी से निष्कासित कर दिया है। पूर्व विधायक बृहस्पत सिंह और डॉ. विनय जयसवाल को पार्टी ने 6 साल के लिए निष्कासित किया है। विधानसभा चुनाव में कांग्रेस की हार के बाद दोनों पूर्व विधायकों ने कांग्रेस नेताओं पर गंभीर आरोप लगाए थे, जिस पर प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने यह निर्णय लिया है।





वहीं विधानसभा चुनाव में कांग्रेस की करारी हार के बाद बृहस्पत सिंह ने कांग्रेस की प्रदेश प्रभारी कुमारी सैलजा व टी एस सिंहदेव पर हार का ठीकरा फोड़ा था। उन्होंने फर्जी सर्वे कराकर विधायको की टिकट काटने का आरोप लगाया था। विनय जायसवाल ने टी एस सिंहदेव पर दरबारियों को टिकट देने का आरोप लगाया था।उन्होंने कहा वे सिंहदेव के दरबारी नहीं थे इसलिए उनकी टिकट काट दी गई। इस मामले में कांग्रेस पार्टी

ने संज्ञान लेते हुए दोनो पूर्व विधायकों को नोटिस देकर जवाब मांगा था। उनके जवाब से संतुष्ट नहीं होने पर निष्कासन की कार्यवाही की गई है।

# कारोबारियों के ठिकानों पर आयकर विभाग का छापा



**रायपुर,** 14 दिसम्बर (देशबन्धु)। आयकर विभाग ने रायपुर, बिलासपुर, दुर्ग-भिलाई में छापा मारा है। इंदौर और नागपुर के करीब 200 अधिकारियों की टीम छत्तीसगढ़ में अलग-अलग जगहों में छापेमारी कर रही है।

जानकारी के अनुसार रायपुर, बिलासपुर और दुर्ग भिलाई के कोल्ड स्टोरेज और अनाज व्यवसायियों के ठिकानों पर टीम की छापेमारी जारी है। राधामोहन टावर के सभी अनाज व्यापारी, इसके अलावा लाल गंगा मिडॉज में व्यवसायियों के यहां आयकर की टीम पहुंची हुई है. जांच जारी है। राजधानी में समता शॉपिंग आर्केड, तेलघानी नाका चौक, सिलतरा, कुशालपुर में टीमों की जांच जारी है. समता शॉपिंग आर्केड स्थित केके एग्रो ट्रेड वेंचर्स प्राइवेट लिमिटेड, तेलघानी चौक स्थित दाल कारोबारी मेसर्स सूरज पल्सेस, सिलतरा स्थित राजेश्वरी कोल्ड स्टोरेज के ठिकानों पर जांच जारी है।

**अन्य राज्यों से जुड़े तार**=मौके पर एमपी पुलिस और सीआरपीएफ के जवान मौजूद हैं. जानकारी के मुताबिक अन्य राज्यों में रेड कार्रवाई से जुड़े तार के संबंध में यहां दबिश दी गई है।

# भजनलाल शर्मा आज लेंगे मुख्यमंत्री पद की शपथ

**जयपुर,** 14 दिसम्बर (एजेंसियां)। भाजपा के मनोनीत मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा 15 दिसंबर को अपने जन्मदिन पर शपथ लेंगे और वह जयपुर विधानसभा सीट से पहले मुख्यमंत्री भी होंगे। अधिकारियों ने बताया कि शपथ ग्रहण समारोह की तैयारियों के चलते एक दिन के लिए अल्बर्ट हॉल में पर्यटकों का प्रवेश बंद रहेगा। वहीं, पूरे इलाके में सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं। राजस्थान के मनोनीत मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा और दो उप मुख्यमंत्री दीया कुमारी और प्रेमचंद बैरवा 15 दिसंबर को शपथ लेंगे। अल्बर्ट हॉल (राम निवास बाग) के बाहर इस समारोह को भव्य बनाने की तैयारी की जा रही है। समारोह के लिए बीजेपी शासित राज्यों के मुख्यमंत्रियों, प्रधानमंत्री मोदी, गृह मंत्री अमित शाह और पार्टी प्रमुख जेपी नड्डा को निमंत्रण भेजा गया है।

# मथुरा शाही ईदगाह विवादित स्थल का होगा सर्वे : इलाहाबाद हाईकोर्ट

**प्रयाग,** 14 दिसम्बर (एजेंसियां)। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने मथुरा में श्रीकृष्ण जन्मभूमि परिसर स्थित शाही ईदगाह मस्जिद के विवादित स्थल पर सर्वे की मंजूरी दी है। साथ ही कोर्ट ने चल रहे विवाद पर कमिश्नर नियुक्त करने को कहा है।

इलाहाबाद हाईकोर्ट ने गुरुवार को मथुरा स्थित श्रीकृष्ण जन्मभूमि केस की पोषणीयता तथा कोर्ट कमिश्नर भेजे जाने संबंधी अर्जी पर अपना फैसला सुनाया। न्यायमूर्ति मयंक जैन की पीठ ने हिंदू पक्ष की याचिका पर सर्वे को मंजूरी दे दी है। पीठ कुल 18 सिविल वादों की सुनवाई कर रही है। दरअसल, 16 नवंबर को इस अर्जी पर सुनवाई के बाद फैसला सुरक्षित रखा गया था। इस दिन विवादित परिसर की 18 याचिकाओं में से 17 पर सुनवाई हुई। ये सभी याचिकाएं मथुरा जिला अदालत से इलाहाबाद हाईकोर्ट में सुनवाई के लिए शिफ्ट हुई थी।

पक्षकार ने मंदिर का पौराणिक पक्ष रखते हुए कहा कि भगवान श्रीकृष्ण के पौत्र ने मथुरा मंदिर का निर्माण कराया था। मंदिर के लिए जमीन दान में मिली। इसलिए जमीन के स्वामित्व का कोई विवाद नहीं है। मंदिर तोड़कर शाही मस्जिद बनाने का विवाद है। राजस्व अभिलेखों में जमीन अभी भी कटरा केशव देव के नाम दर्ज है। कोर्ट का फैसला आने के बाद श्रीकृष्ण जन्मस्थान सेवा संस्थान के सचिव कपिल शर्मा ने कहा कि कोर्ट ने ऐतिहासिक फैसला दिया है। यह श्रीकृष्ण जन्मभूमि को मुक्त कराने के लिए चल रहे आंदोलन में मील का पत्थर साबित होगा। श्रीकृष्ण जन्मभूमि मुक्ति संघर्ष न्यास के अध्यक्ष महेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि कोर्ट कमिश्नर के सर्वे से दूध का दूध और पानी का पानी हो जाएगा।

**शाही ईदगाह मस्जिद के अधिवक्ता ने आपत्ति दर्ज कराई थी**–शाही ईदगाह मस्जिद और यूपी सेंट्रल वक्फ बोर्ड के अधिवक्ता ने कोर्ट में आपत्ति दर्ज कराई थी। मुस्लिम पक्षकारों का कहना था कि यह याचिका सुनवाई योग्य नहीं है, इसको खारिज किया जाए। जिसे कोर्ट ने नहीं माना।

# सौम्या चौरसिया को सुप्रीम कोर्ट से बड़ा झटका, जुर्माना भी लगाया



**रायपुर,** 14 दिसंबर (देशबन्धु)। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की उपसचिव रही सौम्या चौरसिया को सुप्रीम कोर्ट से एक बार फिर बड़ा झटका लगा। प्रदेश की प्रभावशाली अफसरों में शामिल रही सौम्या चौरसिया की जमानत याचिका सुप्रीम कोर्ट ने खारिज कर दी। वहीं कोर्ट ने सौम्या पर एक लाख का जुर्माना भी लगाया है। गौरतलब है कि पिछले साल ईडी ने सौम्या चौरसिया को कोयला लेव्ही केस में गिरफ्तार किया था। ईडी के अनुसार छत्तीसगढ़ में कोयला ट्रांसपोर्टिंग में 25 रुपए टन की लेव्ही वसूली की जाती थी। जिसमें प्रदेश के कई बड़े असफर शामिल है जिन्में कुछ अभी जेल में है। वहीं इससे पहले सौम्या ने बिलासपुर हाईकोर्ट में जमानत याचिका दायर की थी। लेकिन कोर्ट ने उनकी याचिका खारिज कर दी। अब सुप्रीम कोर्ट से भी सौम्या की जमानत याचिका खारिज कर दी गई है।

# लॉरेंस बिश्नोई–गोल्डी बराड़ गैंग का शार्पशूटर दबोचा

■ दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा ने मुठभेड़ के बाद पकड़ा
■ दिल्ली में पूर्व विधायक के घर पर फायरिंग में था शामिल

**नई दिल्ली,** 14 दिसम्बर (एजेंसियां)। दिल्ली के पंजाबी बाग इलाके में रंगदारी के लिए शिरोमणि अकाली दल के पूर्व विधायक के घर पर गोलीबारी की घटना के सिलसिले में वांछित लॉरेंस बिश्नोई–गोल्डी बरार गिरोह के एक और शार्पशूटर को दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा ने गिरफ्तार कर लिया है। एक अधिकारी ने गुरुवार को यह जानकारी दी। आरोपी की पहचान हरियाणा के सोनीपत निवासी 23 वर्षीय सोमबीर उर्फ तोताला के रूप में हुई। पिछले सप्ताह पूर्व विधायक के आवास के सामने सात से आठ राउंड फायरिंग करने के आरोप में गिरोह के दो शार्पशूटरों को गिरफ्तार किया गया था। अपराध शाखा के एक अधिकारी के अनुसार, शार्पशूटरों की पहचान हरियाणा के रहने वाले आकाश उर्फ कस्सा (23) और नितेश उर्फ सिंटी (19) के रूप में हुई। इससे पहले, बिश्नोई–बराड़ गिरोह के सदस्यों ने पंजाब के विधायक की दो दुकानों को भी जला दिया था, जिनका उस राज्य में शराब का कारोबार है और इस संबंध में पंजाब में दो अलग-अलग मामले दर्ज किए गए थे। 3 दिसम्बर को पंजाबी बाग थाने के प्रभारी को दीप मल्होत्रा के आवास के सामने गोलीबारी की सूचना मिली। घर के मुख्य गेट के पास चार खाली कारतूस मिले।

विशेष पुलिस आयुक्त (अपराध), रवींद्र सिंह यादव ने कहा कि इनपुट मिले थे कि सनसनीखेज गोलीबारी की घटना में शामिल सोमबीर नाम का एक और शार्पशूटर अपने साथियों से मिलने के लिए पीरागढ़ी इलाके में आएगा।

## रिपोर्ट

### 5 राज्यों में विजयी उम्मीदवारों का एडीआर ने किया विश्लेषण

# 678 विजयी उम्मीदवारों में से 594 करोड़पति

**नई दिल्ली, 14 दिसम्बर (एजेंसियां)। देश के पांच राज्यों में हाल ही में संपन्न विधानसभा चुनावों में 678 विजयी उम्मीदवारों का विश्लेषण किया गया। जिनमें से 594 करोड़पति हैं और इसमें 298 विधायक भाजपा के हैं।**

नेशनल इलेक्शन वॉच और एसोसिएशन ऑफ डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (एडीआर) ने गुरुवार को अपनी रिपोर्ट में कहा कि मिजोरम, छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश, राजस्थान और तेलंगाना में सभी 678 विजयी उम्मीदवारों के स्व-शपथ पत्रों का विश्लेषण किया। रिपोर्ट में कहा गया है कि 230 सदस्यीय मध्य प्रदेश विधानसभा में 205 करोड़पति हैं, जबकि राजस्थान में 199 विजयी उम्मीदवारों में से 169 करोड़पति हैं। रिपोर्ट के अनुसार, तेलंगाना के 119 विजयी उम्मीदवारों में से 114 और छत्तीसगढ़ के 90 विजेता उम्मीदवारों में से 72 करोड़पति हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि मिजोरम में 40 विजयी विधायकों में से 34 करोड़पति हैं। रिपोर्ट में कहा गया है, भाजपा के 342 जीते हुए विधायकों में से 298 करोड़पति हैं, जबकि कांग्रेस के 235 जीते हुए विधायकों में से 209 करोड़पति हैं, जबकि बीआरएस के 39 जीते हुए विधायकों में से 38 करोड़पति हैं और जेडपीएम के 27 में से 22 विधायक करोड़पति हैं।

भाजपा के टिकट पर चुने गए 298 करोड़पति

# सेना ने सिक्किम में फंसे 1,217 पर्यटकों को बचाया

**गंगटोक,** 14 दिसम्बर (एजेंसियां)। सेना ने पूर्वी सिक्किम में ऊंचाई वाले इलाकों में भारी बर्फबारी और खराब मौसम के कारण फंसे 1,217 पर्यटकों को बचाया है।रक्षा प्रवक्ता लेफ्टिनेंट कर्नल महेंद्र रावत ने कहा कि बुजुर्ग, महिलाओं और बच्चों सहित पर्यटक बुधवार से पूर्वी सिक्किम के ऊंचाई वाले इलाकों में फंसे हुए थे। त्रिशक्ति कोर के जवान बचाव अभियान शुरू करने के लिए तत्काल कार्रवाई में जुट गए। बचाव अभियान रात भर जारी रहा। बचाए गए पर्यटकों को सुरक्षित क्षेत्रों में ले जाया गया और आश्रय, गर्म कपड़े, चिकित्सा सहायता तथा गर्म भोजन दिया गया।

# मतदान केन्द्रों के युक्तियुक्तकरण के संबंध में कलेक्टर कार्तिकेया गोयल ने ली बैठक

## मतदाता सूची के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम-2024 के संबंध में दी गई जानकारी

### राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि बैठक में हुए शामिल





**रायगढ़,** 14 दिसंबर (देशबन्धु)। कलेक्टर कार्तिकेया गोयल ने आज कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में मतदान केन्द्रों के युक्तियुक्तकरण तथा मतदाता सूची के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम-2024 के संबंध में राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की बैठक ली। अपर कलेक्टर राजीव कुमार पाण्डेय भी इस बैठक में उपस्थित रहे। कलेक्टर गोयल ने प्रतिनिधियों को जानकारी देते हुए कहा कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण के अंतर्गत मतदान केन्द्रों से निर्धारित न्यूनतम दूरी एवं अधिकतम मतदाता संख्या आदि मापदण्डों के अनुरूप मतदान केन्द्रों को स्थापित करने एवं पूर्व स्थापित मतदान केन्द्रों का युक्तियुक्तकरण किया जाना है। जिससे मतदाताओं को मतदान के दौरान आयोग द्वारा निर्धारित सुविधाएं प्राप्त हो सके। इस दौरान नये मतदान केन्द्र, भवन व स्थल परिवर्तन, मतदान केन्द्रों के विलोपन एवं नाम परिवर्तन, मतदान केन्द्र के अनुभाग स्थानांतरण का प्रस्ताव एवं अनुभाग का नाम परिवर्तन के प्रस्ताव के संबंध में विस्तृत चर्चा की गई तथा राजनीतिक दलों से उनके सुझाव मांगे गये जिसे निर्वाचन आयोग को भेजा जा सके।

कलेक्टर गोयल ने इस अवसर पर भारत निर्वाचन आयोग द्वारा मतदाता सूची के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम-2024 के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि मतदाता सूची में नाम जोडने् तथा विलोपन के लिए अभियान चलाया जाएगा। जिससे नये मतदाता अपना नाम सूची में जुड़वा सके तथा ऐसे व्यक्ति जिनका नाम यहां दर्ज है किन्तु वे स्थायी रूप से कहीं और निवासरत हैं या उनकी मृत्यु हो चुकी है तो उनके नाम को पूरी प्रक्रिया का पालन कर विलोपित करने का कार्य किया जाएगा। इसके लिए बीएलओ बूथ स्तर पर कार्य करेंगे।

कलेक्टर श्री गोयल ने राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को भारत निर्वाचन आयोग नई दिल्ली द्वारा घोषित विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम-2024 के संबंध में आगे जानकारी देते हुए बताया कि मतदान केन्द्रों के युक्तियुक्तकरण के लिए 21 दिसम्बर 2023 की तिथि निर्धारित की गई है। इसी तरह पुनरीक्षण के पूर्व गतिविधियां पूर्ण करने हेतु 20 दिसम्बर 2023 से 5 जनवरी 2024 तक, एकीकृत मतदाता सूची का प्रारंभिक प्रकाशन 6 जनवरी 2024 को किया जाएगा। दावा/आपत्तियां दाखिल करने की अवधि 6 जनवरी से 22 जनवरी 2024 तक निर्धारित है। 13 एवं 14 जनवरी को विशेष शिविर का आयोजन होगा। दावा/आपत्तियों का निराकरण 2 फरवरी 2024 को किया जाएगा। 8 फरवरी को मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन किया जाएगा। बैठक में विलिस गुप्ता, मनीष पाण्डेय, गोपाल बापोडिया, आशीष शर्मा, प्रिंकल दास सहित निर्वाचन शाखा के कर्मचारीगण उपस्थित थे।

# कोटा विधानसभा के विकास के साथ रतनपुर का भी विकास होगा- अटल



### रतनपुर के मतदाताओं एवं कार्यकर्ताओ का आभार प्रकट करने रतनपुर पहुंचे नवनिर्वाचित कोटा विधायक अटल श्रीवास्तव

**बिलासपुर,** 14 दिसंबर (देशबन्धु)। कोटा के नवनिर्वाचित विधायक अटल श्रीवास्तव ने रतनपुर पहुंचकर मां महामाया, गिरजाबंध हनुमान मंदिर, चपोरा सिद्ध बाबा आश्रम पहुंचकर माथा टेका कोटा के विकास हेतु आशीर्वाद प्राप्त किया। तत्पश्चात् रतनपुर ग्रामीण एवं शहर के कांग्रेस जनों द्वारा आयोजित स्वागत एवं आभार रैली में भाग लिया। रतनपुर पहुंचने पर सर्वप्रथम मां महामाया मंदिर चौक पर वरिष्ठ कांग्रेसजनों एवं कांग्रेस के पदाधिकारी, जोन, सेक्टर, बूथ के अध्यक्षों द्वारा, युवा कांग्रेस, महिला कांग्रेस, एनएसयूआई, किसान कांग्रेस के साथियों द्वारा जोरदार ढोल, बाजा एवं पटाखे के साथ स्वागत किया गया। कोटा विधायक अटल श्रीवास्तव रैली के साथ वार्ड नं 3 महामाया वार्ड का भ्रमण किया, बाजार में सभी व्यापारियों से मिलकर उनका आभार प्रकट किया। रैली के दौरान अपने-अपने घरों के सामने नागरिकों एवं महिलाओं ने आरती उतारी, फूल मालाओं से स्वागत किया और खुशी की मिठाई खिलाई। रैली महामाया चौक पर समाप्त हुई, जहां विधायक अटल श्रीवास्तव ने सभा को संबोधित किया। चपोरा स्थित चांपी जलाशय पहुंचने पर रतनपुर ग्रामीण के अध्यक्ष यासीन खान के नेतृत्व में जोन, बूथ, सेक्टर अध्यक्षों ने स्वागत किया। चांपी में ही सभी कार्यकर्ताओं ने विधायक के साथ भोजन ग्रहण किया।

स्वागत एवं आभार सभा को संबोधित करते हुए विधायक अटल श्रीवास्तव ने कहा कि रतनपुर ग्रामीण एवं शहर के कार्यकर्ताओं ने चुनाव में दिन रात मेहनत कर मुझे विधायक बनाया। भूपेश बघेल सरकार की योजनाओं को लेकर कार्यकर्ता मतदाताओं तक पहुंचे और मतदाताओं ने कांग्रेस कार्यकर्ताओं पर भरोसा करते हुए कांग्रेस को अपना वोट दिया। आज जो मुझे सम्मान मिल रहा है, इस सम्मान के हकदार रतनपुर के कार्यकर्ता भी है।

## प्रथम पृष्ठ का शेष

### सुरक्षा में चूक पर...

पार्थिबन का निलंबन हुआ रद्द- गलत आचरण और सदन की कार्यवाही में बाधा पहुचाने के आरोप में गुरुवार को लोकसभा के 14 और राज्य के एक सांसद को पूरे शीतकालीन सत्र के लिए निलंबित कर दिया गया। लेकिन चौकाने वाली बात यह रही डीएमके के एक सांसद एसआर पार्थिबन इस दौरान लोकसभा में मौजूद ही नहीं थे,लेकिन उन्हें भी पहले निलंबित किया गया। बाद में जब इस पर आपत्ति दर्ज कराई गई तो उनका निलंबन वापस हो गया। यह संसदीय इतिहास की शायद पहली घटना थी कि जिस सांसद को आसन की अवमानना व संसद की कार्यवाही में बाधा डालने के आरोप में निलंबित किया गया वह घटना के समय सदन में मौजूद ही नहीं था। इसे लेकर बसपा से निलंबित सांसद दानिश अली ने सवाल उठाया। उन्होंने कहाकि जिन सांसदों को निलंबित किया गया है,उसमें से एक पार्थिबन सदन में थे ही नही। संसदीय मामलों के मंत्री प्रह्लाद जोशी को यह पता ही नहीं है कि सांसद सदन में आया भी है या नहीं। उन्होंने कहाकि भगवान ही जानता है कि यह देश कैसे चल रहा है।

### अधीर रंजन ने मोदी, शाह को चुप्पी पर घेरा

**नई दिल्ली।** लोकसभा में कांग्रेस के नेता अधीर रंजन चौधरी ने गुरुवार को संसद की सुरक्षा उल्लंघन को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की चुप्पी के लिए उनकी आलोचना की है। उनका कहना है कि उन्हें कम से कम उन सांसदों और सुरक्षाकर्मियों की सराहना करनी चाहिए थी, जिन्होंने उपद्रवियों को पकड़ा था।

### सांसदों का निलंबन तानाशाही : खड़गे

**नई दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने संसद में सुरक्षा को लेकर सवाल पूछने पर पार्टी सांसदों के निलंबन को अलोकतांत्रिक करार देते हुए कहा कि सुरक्षा में चूक का मामला गंभीर है और इस मुद्दे को संसद में उठाने के कारण सांसदों का निलम्बन तानाशाही रवैया है। श्री खड़गे ने कहा राष्ट्रीय सुरक्षा और हमारे लोकतंत्र के मंदिर यानी संसद की सुरक्षा को खतरे में डालने के बाद भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) अब इस मुद्दे को लेकर बात करने वालों को ही सजा दे रही है।

# रिश्तेदार महिला के साथ बलात्कार करने वाला शिक्षक हुआ गिरफ्तार

## पेंड्रा विकासखंड के ग्राम लटकोनी में पदस्थ शिक्षक ने दिया घटना को अंजाम

### पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपी शिक्षक को किया गिरफ्तार

**गौरेला पेंड्रा मरवाही** 14 दिसंबर (देशबन्धु)। रिश्तेदार महिला के साथ बलात्कार करने वाले शिक्षक को पेंड्रा पुलिस ने सलाखों के पीछे भेजा है। आरोपी शिक्षक पेंड्रा विकासखंड के ग्राम लटकोनी के पूर्व माध्यमिक शाला मैं पदस्थ हैं ।

शिक्षक पर आरोप है कि उसने अपने ही रिश्तेदार महिला को अपने हवस का शिकार बनाया है। पीड़ित महिला ने पहले पूरे घटना की जानकारी अपने परिजनों को दी और जिसके बाद पीड़ित थाने पहुचकर आरोपी शिक्षक के खिलाफ दुष्कर्म का अपराध दर्ज कराया है। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने भादवि की धारा 376 के तहत मामला दर्जकर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।



मामला पेण्ड्रा थाना क्षेत्र इलाके का है जहां पर रहने वाली एक महिला ने अपने परिजनों के साथ पहुचकर पेण्ड्रा विकासखंड के ग्राम लटकोनी स्थित माध्यमिक शाला स्कूल में पदस्थ शिक्षक तेरसु राम चौधरी के खिलाफ दुष्कर्म का अपराध दर्ज कराया है। पीड़ित महिला के अनुसार तेरसु राम चौधरी जो पेशे से शिक्षक है और उनका रिश्तेदार है और उनका उनके घर मे आना जाना भी होता रहता है।बीते दिनों शिक्षक तेरसु राम उनके घर आया और मौका देखकर पीड़िता के साथ दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया।

पीड़िता लगातार विरोध कर रही थी उसके बाद भी आरोपी ने रिश्ते को शर्मसार करते हुए उसके साथ दुष्कर्म किया और वहां से चला गया जिसके बाद पीड़िता पहले तो लोक लाज के चलते किसी से कुछ नही बोली पर जब महिला को अंदर ही अंदर घुटन महसूस होने लगा तो वो पूरे घटना की जानकारी अपने पति को दी और पति के साथ पेण्ड्रा थाने पहुचकर आरोपी शिक्षक तेरसु राम चौधरी के खिलाफ दुष्कर्म का अपराध दर्ज कराया है। पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर पतगवा गांव के रहने वाले और लटकोनी गांव के माध्यमिक शाला स्कूल में पदस्थ शिक्षक तेरसु राम चौधरी के खिलाफ़ 376 का अपराध दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

घटना की पुष्टि करते हुए मनीषा ठाकुर रावटे अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जीपीएम ने कहा कि आरोपी शिक्षक को गिरफ्तार कर पुलिस मामले की विवेचना कर रही है तथा उसे न्यायालय में पेश किया जाएगा।

# 18 लाख आवास, 3100 में धान खरीदी और बकाया बोनस देना किसानों के हित में लिया गया निर्णय - सिंह

**बिलासपुर,** 14 दिसंबर (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने आज प्रेस कांफ्रेंस कर सरकार के पहले ही दिन 18 लाख प्रधानमन्त्री आवास और किसानों को 2 साल का भाजपा ने अपने चुनावी घोषणा पत्र में वर्ष 2016-17 और वर्ष 2017-18 में समर्थन मूल्य पर धान बेचने वाले किसानों को प्रति क्विंटल तीन सौ रुपये बोनस देने की बात कही थी। चुनाव के बाद प्रदेश में भाजपा की सरकार बन गई है और अब सरकार के बोनस देने की घोषणा के बाद भाजपा नेताओं ने खुशी जाहिर की है । घोषणा को लेकर प्रदेश भाजपा किसान मोर्चा के सह कोषाध्यक्ष बी पी सिंह ने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय द्वारा किसानों को दो साल का बोनस देने की घोषणा से किसानों के चेहरे पर खुशी दिख रही है उन्होंने आगे कहा कि राज्य सरकार द्वारा किसान हित में बोनस देने की घोषणा से प्रदेश के किसानों को बड़ी राहत मिली यह किसानों के हित में लिया गया सबसे बड़ा निर्णय है।



## नाम परिवर्तन सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मै **स्मृति भावना पांडे पुत्री श्री राधेश्याम पांडे** निवासी कोरबा छत्तीसगढ़ यह घोषणा करती हूं कि स्मृति भावना पांडे मेरा विवाह के पहले का नाम था।विवाह के बाद मेरा नाम **स्मृति शर्मा पति सुमित कुमार शर्मा** है। अत: आज से मुझे समस्त शासकीय, अर्धशासकीय व अन्य दस्तावेजों में मेरे नए नाम **स्मृति शर्मा पति सुमित कुमार शर्मा** निवासी गोड़पारा बिलासपुर के नाम से ही जाना पहचाना जावे।

**स्मृति शर्मा**
**पति श्री सुमित कुमार शर्मा**
**गोड़पारा,**
**बिलासपुर (छ.ग.)**

## नाम परिवर्तन सूचना

सर्वसाधाण को सूचित किया जाता है मैं पुराना नाम अपराना पति इवाटूरी सूर्य किरण अपना पुराना नाम को बदलकर नया नाम इवाटूरी अपर्णा पति इवाटूरी सूर्य किरण निवासी बी-1, सन सिटी, शुभम विहार, वार्ड नं. 14, मंगला, बिलासपुर (छ.ग.) 495001 रख ली हूं। अत: अब मुझे भविष्य में समस्त शासकीय, अर्धशासकीय व अन्य दस्तावेजों में मेरे नया नाम इवाटूरी अपर्णा पति इवाटूरी सूर्य किरण से जाना एवं पहचाना जाय।

इवाटूरी अपर्णा
बी-1, सन सिटी, शुभम विहार, वार्ड नं. 14, मंगला,
बिलासपुर (छ.ग.)
495001

**न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार सकरी, तहसील सकरी, जिला बिलासपुर (छ.ग.)**

## ईश्तहार

रा.प्र.क्र. ........../ अ-6 / 2023-24

ग्राम अमेरी,
तहसील सकरी जिला-बिलासपुर

एतद् द्वारा सर्वसाधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदिका कस्तूरी शुक्ला पति स्व. श्री देवीदत्त शुक्ला निवासी शांति नगर अमेरी तहसील सकरी जिला बिलासपुर (छ.ग.) के द्वारा मौजा अमेरी प.ह.नं. 43 रा.नि.मं. सकरी तहसील सकरी जिला बिलासपुर छ.ग. स्थित भूमि खसरा नंबर 416/16 रकबा 0.240 भूमि देवीदत्त शुक्ला पिता सुंदर लाल शुक्ला के नाम पर राजस्व अभिलेख में दर्ज है। भूमिस्वामी देवीदत्त शुक्ला का मृत्यु दिनांक 26/07/1997 को हो गया है। आवेदिका उक्त भूमि को वसीयत के आधार पर भूमिस्वामी देवीदत्त शुक्ला का नाम विलोपित कर आवेदिका अपने नाम पर नामांतरण करने हेतु छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 109, 110 के अन्तर्गत इस न्यायालय में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। इस ईश्तहार के माध्यम से दावा/ आपत्ति आमंत्रित किया जाता है।

अत: उक्त आवेदन के संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा/ आपत्ति हो तो वह अपना दावा/ आपत्ति स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से इस न्यायालय में नियत पेशी 28/12/2023 तक प्रस्तुत कर सकते हैं। उक्त तिथि पश्चात् दावा/ आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 14/12/2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की सील एवं मुहर से जारी किया गया।

सील — **अतिरिक्त तहसीलदार सकरी**

**न्यायालय- द्वितीय व्यवहार न्यायाधीश वर्ग-01, बिलासपुर छ.ग.**
**(पीठासीन अधिकारी-श्रीमती मनीषा ठाकुर)**

सुमितपुरी गोस्वामी................ आवेदक
// विरूद्ध //
छ.ग.शासन वगैरह ........... अनावेदकगण

सक्सेसन प्र. क्रमांक 67/ 2023
पेशी- 10.11.2023 (21/12/2023)
आदेश दिनांक 06/11/2023
प्रोसेस नं. ......

प्रति,
आम जनता, जिससे संबंधित हो।

इस न्यायालय में आवेदक-सुमितपुरी गोस्वामी पिता लवपुरी गोस्वामी उम्र 20 वर्ष, निवासी कोनी थाना कोनी, जिला बिलासपुर (छ.ग.) के द्वारा अपनी माता स्व. कुमारी बाई की मृत्यु दिनांक 01/05/2018 स्थान कोनी में होने तथा आवेदक मृतिका के नजदीकी वारिसान होने से उत्तराधिकारी प्रमाण पत्र जारी किये जाने हेतु माननीय न्यायालय के समक्ष भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम 1925 की धारा 372 के अंतर्गत आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। उक्त संबंध में आम जनता जो भी इससे हितबद्ध/ संबंधित हो उनके लिए राष्ट्रीय दैनिक समाचार पत्र में समंत/ नोटिस का प्रकाशन किया जा रहा है।

उपरोक्त प्रकरण के संबंध में किसी भी आमजन/ आम जनता को कोई अधिकार या हित हो या उत्तराधिकारी के संबंध में कोई आपत्ति हो तो उक्त प्रकरण की पेशी दिनांक 21/12/2023 के स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर आपत्ति सम्यक जवाब मय दस्तावेज प्रस्तुत कर सकते हैं, नियत पेशी दिनांक 21/12/2023 तक कोई आपत्ति प्राप्त न होने पर प्रकरण में अग्रिम कार्यवाही की जावेगी।

यदि किसी कारणवश पेशी दिनांक 21/12/2023 के इस न्यायालय में अवकाश घोषित हो जाता है या सार्वजनिक अवकाश घोषित हो जाता है अथवा पीठासीन अधिकारी अवकाश में रहता है तो उसके अगले कार्य दिवस को अग्रिम कार्यवाही की जावेगी।

आज दिनांक 06/11/2023 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुहर लगाकर जारी किया गया।

सील — **(मनीषा ठाकुर)**
**द्वितीय व्यवहार न्यायाधीश वर्ग-1**
**जिला- बिलासपुर (छ.ग.)**

**छत्तीसगढ़ शासन, जल संसाधन विभाग कार्यालय कार्यपालन अभियंता जल संसाधन संभाग, पेण्ड्रारोड (छ.ग.)**

**ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना**

eProcurement Portal: https://eproc.cgstate.gov.in

## शुद्धि पत्र क्र. 2

निविदा सूचना क्र. 03/व.ले.लि./ 2023-24, पेण्ड्रारोड, दिनांक 26.09.2023 सिस्टम निविदा क्र. 148457 (प्रथम आमंत्रण) जिसका जी-क्र. 05791, दिनांक 29.09.2023 में एवं निविदा सूचना क्र. 04/ व.ले.लि./ 2023-24, पेण्ड्रारोड, दिनांक 26.09.2023 सिस्टम निविदा क्र. 148459 (प्रथम आमंत्रण) जिसका जी-क्र. 05815, दिनांक 29.09.2023 में निम्नानुसार संशोधन किया जाता है।

| S.N. Item Number | Previous issue | Amendment |
|---|---|---|
| 1. Physical & Financial Turnover | 2018-19 To 2022-23 | 1017-18 To 2021-22 |
| 2. Bid Due date & time | 17.10.2023<br>17.30 Hours | 19.12.2023<br>17.30 Hours |
| 3. Bid open start date & time | 18.10.2023<br>11.30 Hours | 20.12.2023<br>11.30 Hours |

निविदा की अन्य शर्तें यथावत रहेगी।

**कार्यपालन अभियंता**
**जल संसाधन संभाग पेण्ड्रारोड (छ.ग.)**
**कृते- मुख्य अभियंता**
**हसदेव कछार, जल संसाधन विभाग**
**बिलासपुर (छ.ग.)**

जी- 06339/3

**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER, (E&M) DIVISION, PUBLIC HEALTH ENGG. DEPTT., BILASPUR (C.G.)**

**N.I.T. No./ 01 2023-2024/TS/E.E.E&M/ DN./P.H.E.D./** — **Bilaspur, Dt. 11.12.2023**

SORT NOTIC INVITING TENDER
SECOND CALL

| S. N. O | Brief description of materials | Qty | Estimated Cost (in lacs) | Earnest Money (in Rs.) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | Drill rod suitable for Hydraulically operated D.T.H. drilling unit having following specifications, 3050 m.m.(10') long drill rod sutiable for 125/150 m.m. dia DTH Bore. OD 88.90 m.m.Thickness 7.5 mm of Seam less pipe, Flush Hole dia should be 42 mm with both side adopter fitting with pining (Male & Female) of EN-19 metal 4 thread per inch. (API) Grade of pipe ASTMA 106-B, Weight 52 kg (_+)2 % | 28 Nos | 4.844 | 14600/- |

2. Last date of Receipt of application for Issue of tender documents.: 26.12.2023 Up to 5.00 pm.
3. Last date of sale of tender document : 27.12.2023 Up to 5.30 pm.
4. Last date of reseipt of tender document. 28.12.2023 Up to 3.00 pm.
5. Date of Opening of Financial Bid : 28.12.2023 at 4.00 pm.
6. Cost of tender Document for each group : Rs. 750/-
7. Period of supply : 30days from date of supply order

" TERMS AND CONDITIONS"

1. The ordered materials shall be inspected by the inspecting agencies i.e.D.G.S.&D/S.G.S./R.T.E.S/ IRCLASS. The inspection charges as applicable shall be paid extra by the Department.
2. Detailed specials terms and coditions can be seen at this office, during office hours. Tender forms will be provided only with the written consent of Acceptance of departmental terms conditions.

**Executive Engineer**
**(E&M) Division**
**Public Health Engg. Deptt.**
**Bilaspur (C.G.)**

**G - 06349/1**

**कार्यालय क्षेत्रीय महाप्रबंधक, छ.ग. राज्य वन विकास निगम लि.**
आफिस केम्पस ब्लाक- 7, सेक्टर - 24, नया रायपुर (छ.ग.) 492002
E-mail: rgmfde rpr@yahoo.co.in

## वर्ष 2023-24 में वनोपज परिवहन हेतु संक्षिप्त निविदा आमंत्रण सूचना

सर्व साधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि छत्तीसगढ़ राज्य वन विकास निगम लि. के रायपुर क्षेत्र से संबंधित बारनवापारा परियोजना मण्डल, पानाबरस परियोजना मण्डल, अन्तागढ़ परियोजना मण्डल, कवर्धा परियोजना मण्डल, औद्योगिक वृक्षारोपण मण्डल, जगदलपुर के विभिन्न कूपों में पातन से प्राप्त होने वाली ईमारती काष्ठ, जलाऊ लकड़ी, व्यापारिक बांस एवं औद्योगिक बांस का परिवहन विभिन्न काष्ठागारों में किया जाना है। परिवहन संबंधित पूर्ण विवरण परिवहन निविदा आवेदन समूह सूची में उल्लेखित है। उपरोक्त वनोपज के परिवहन हेतु निविदाएं निर्धारित प्रपत्र में निम्नानुसार आमंत्रित की जाती है :-

| निविदाओं का दौर | निविदा जमा करने की तिथि एवं समय | निविदा खोले जाने की तिथि एवं समय |
|---|---|---|
| प्रथम दौर निविदा द्वारा | 16/01/2024-14.00 बजे तक | 16/01/2024-14.30 बजे |
| द्वितीय दौर निविदा द्वारा | 06/02/2024- 14.00 बजे तक | 06/02/2024 - 14.30 बजे |
| तृतीय दौर निविदा उपरांत शेष बचे हुए का नीलाम द्वारा निर्वतन किया जावेगा | 27/02/2024- 14.00 बजे तक | 27/02/2024 - 15.00 बजे |

**संक्षिप्त निविदा शर्तें :-**

1/ परिवहन समूहों की सूची तथा निर्धारित निविदा फार्म संबंधित मण्डल प्रबंधकों के कार्यालय से रू. 200/- (रूपये दो सौ मात्र) का नगद भुगतान कर कार्यालयीन दिवस में प्रकाशन तिथि से प्राप्त की जा सकती है।

2/ जिस तिथि को क्षेत्रीय महाप्रबंधक कार्यालय में निविदा खोली जानी है, उस तिथि से एक दिन पूर्व कार्यालयीन समय में भरी गई निविदाएं संबंधित मण्डल कार्यालयों में भी जमा करवायी जा सकती है। कोई भी परिवहनकर्ता किसी भी परियोजना मण्डल के परिवहन समूहों के लिए निविदा दे सकता है किंतु निविदाएं क्षेत्रीय महाप्रबंधक कार्यालय से ही मान्य/ अमान्य की जावेगी।

3/ परिवहनकर्ता किसी भी परियोजना मण्डल से निविदा भर सकता है किन्तु जिस परियोजना मण्डल का परिवहन समूह हेतुं निविदा भरा जायेगा, उसी परियोजना मण्डल के नाम से सत्यंकार राशि का ड्राफ्ट बनाया जाना जरूरी होगा।

**(बी.विवेकानंदा रेड्डी)**
**भा.व से.**
**क्षेत्रीय महाप्रबंधक, रायपुर**
**छ.ग.रा.व.वि.नि.लि.**

संवाद- 39103/3

**CHHATTISGARH STATE POWER GENERATION CO. LTD.**
(A Govt. of Chhattisgarh Undertaking) CIN:U40108CT2003SGC015821

No.15-06/S&P/EE-II/I/P/TN-119/23/3250 — Marwa, dtd.13.12.202

NOTICE INVITING E-TENDER NO. TN-119/2023

Online bids are invited by the undersigned through CSPCL e-bidding system (SAP SRM) for supply of material as mentioned below for ABVTPS, CSPGCL, Janjgir-Champa:-

| S. No | Tender Specification No. | RFx No. (E-Tender No.) | Particulars | Last Date/Time of submission of bid. | Tender Fee (Rs.) | EMD (Rs.) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 01. | 15-06/ S&P/ EE-II/P/ T-175/23 | 8100035005 | Supply of furniture (Table & Chair) forOperator's cabin at all TP's and other various location in CHP (OPRN), 2x500 MW, ABVTPS, CSPGCL, Janjgir-Champa. | 10.01.2024 15:30 Hrs | Rs. 590/- (500 + GST @18%) | Rs. 6,060/- |
| 02. | 15-06/ S&P/ EE-II/P/ T-176/23 | 8100035004 | Supply of carrying roller for 1400 mm conveyor belt installed in CHP, 2x500 MW, ABVTPS, CSPGCL,Janjgir-Champa. | 12.01.2024 15:30 Hrs | Rs. 590/- (500 + GST @18%) | Rs. 13,200/- |
| 03. | 15-06/ S&P/ EE-I/P/ T-177/23 | 8100035007 | Supply of Hydraulic Jack and Mechanical Puller for TMD of 2x500 MW, ABVTPS, CSPGCL, Janjgir-Champa. | 10.01.2024 15:30 Hrs | Rs. 590/- (500 + GST @18%) | Rs. 9,900/- |
| 04. | 15-06/ S&P/ EE-I/P/ T-178/23 | 8100035009 | Supply of Galvanized Electro forged grating for Turbine & Turbine BOP area of 2x500 MW, ABVTPS, CSPGCL, Janjgir-Champa. | 12.01.2024 15:30 Hrs | Rs. 590/- (500 + GST @18%) | Rs. 14,300/- |

The bidder shall deposit the requisite Tender Fee & EMD amount online through our e-bidding portal before due date and time. For other details, please visit our website www.cspc.co.in/CSPGCL/Ebidding/Ebidding web portal. Any Extension/ Corrigendum / amendments, if required, shall be displayed on above websites only.

// SAVE ELECTRICITY FOR THE BENEFIT OF SELF & NATION //

Superintending Engineer (Procurement)
O/o The Addl. Chief Engineer (S&P) ABVTPS, CSPGCL, Janjgir-Champa

**कार्यालय, जोन क्रमांक-10, नगर पालिक निगम, रायपुर ( छ.ग. )**

## निविदा आमंत्रण सूचना

क्रमांक62/न.पा.नि./जोन-10/23-24 — रायपुर, दिनांक 14.12.2023

मैनुअल पद्धति निविदा आमंत्रित की जाती है :-

01. निविदा प्रपत्र हेतु आवदेन तिथि — 28.12.2023 — कार्यालयीन समय 5.00 बजे तक
02. निविदा प्राप्त करने की तिथि — 29.12.2023 — कार्यालयीन समय 5.00 बजे तक
03. निविदा जमा करने की तिथि — 04.01.2024 — कार्यालयीन समय 3.00 बजे तक
04. निविदा खोलने की तिथि — 04.01.2024 — कार्यालयीन समय 5.00 बजे तक

कार्य का विवरण निम्नानुसार है :-

| क्र. | कार्य का नाम | आगणित राशि (लाख में) | अमानती राशि | निविदा मूल्य प्रपत्र | ठेकेदार की श्रेणी | प्रपत्र एवं एस.ओ. आर. का विवरण | समयावधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | डॉ. राजेन्द्र प्रसाद वार्ड क्रं. 52 अंतर्गत पाईप लाईन लिकेंज हुए स्थानों में पेंच रिपेयरिंग का कार्य। (संधारण मद) | 3.85 | 4000/- | 750/- | 'डी' एवं उससे ऊपर | प्रपत्र 'अ' (पी.एच.डी. दिनांक 01.06.2020 संशोधित एस.ओ.आर.) | 02 माह |
| 02 | रविन्द्रनाथ टैगोर वार्ड क्रं. 55 अंतर्गत लालपुर ओवर ब्रिज के नीचे रघु टेलर से एम.एम.आई. जाने वाले मार्ग तक रोड, नाली एवं रिटेंरनिंग वॉल निर्माण कार्य। (सामान्य मद) | 18.17 | 13650/- | 750/- | 'डी' एवं उससे ऊपर | प्रपत्र 'अ' (पी.डब्ल्यू.डी. भवन/ रोड दिनांक 01.01.2015 संशोधित एस.ओ.आर.) | 04 माह |
| 03 | रानी दुर्गावती वार्ड क्रं.50 अंतर्गत पाईप लाईन लिकेंज हुए स्थानों में पेंच रिपेयरिंग का कार्य। (संधारण मद) | 3.94 | 4000/- | 750/- | 'डी' एवं उससे ऊपर | प्रपत्र 'अ' (पी.एच.डी. दिनांक 01.06.2020 संशोधित एस.ओ.आर.) | 02 माह |
| 04 | बाबू जगजीवन राम वार्ड क्रं. 53 अंतर्गत एक्स -प्रेस-वे फुण्डहर चौक जाने वाले मार्ग के पास सौन्दर्यीकरण कार्य। (अधोसंरचना मद) | 17.30 | 13000/- | 750/- | 'डी' एवं उससे ऊपर | प्रपत्र 'अ' (पी.डब्ल्यू.डी. भवन/ रोड दिनांक 01.01.2015 संशोधित एस.ओ.आर.) | 03 माह |
| 05 | जोन क्रं.10 अंतर्गत वार्डो में सफाई व्यवस्था हेतु 03 नग ट्रेक्टर ट्रॉली किराये पर उपलब्ध कराये पर उपलब्ध कराये जाने बाबत्। (सफाई मद) | 13.11 | 10000/- | 750/- | 'डी' एवं उससे ऊपर | प्रपत्र 'ब' (प्रति दिवस के दर पर) | 12 माह |

1. नगर पालिक निगम, रायपुर द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु लोक निर्माण विभाग छ.ग. शासन, रायपुर में एकीकृत पंजीयन प्रणाली से सक्षम श्रेणी में पंजीकृत तथा कार्य के अनुभवी ठेकेदारों से तीन लिफाफा पद्धति जमा करना है।
2. लिफाफा (अ) में अमानती राशि का एफ.डी.आर. व शपथ पत्र एवं चाही गई समस्त दस्तावेज।
3. लिफाफा (ब) में निविदा प्रपत्र भरकर सीलबंद करना होगा।
4. (अ)+(ब) एक अन्य तीसरे लिफाफा (स) में भरकर ही स्पीड पोस्ट के द्वारा प्राप्त किया जावेगा ।
5. सर्वप्रथम लिफाफा (स) खोलने के पश्चात् लिफाफा (अ) खोला जावेगा जिसमें अमानती राशि का एफ.डी.आर. एवं अन्य चाही गई दस्तावेज होने पर ही निविदा प्रपत्र की लिफाफा (ब) खोली जावेगी तथा लिफाफे में अ,ब,स अंकित होगा अनिवार्य है।
6. निविदा जमा करने की तिथि एवं खोलने के तिथि में किसी वजह से अवकाश घोषित होता है तो वह कार्यालयीन दिवस में किया जावेगा।
7. सक्षम श्रेणी का ई-रजिस्ट्रेशन, बैंक सालवेंसी, अंतिम तीन साल का आईटीआर, पेन कार्ड, जीएसटी रजिस्ट्रेशन एवं अंतिम तीन माह का जी.एस.टी.आर., अमानती राशि का एफ.डी.आर. के साथ जमा करना अनिवार्य होगा।
8. स.क्र.05 में आबंटित होने पर वाहन स्वस्थ कंडीशन में पंजीयन इन्सोरेसन्स कम्पलीट आरसी बुक तथा आईडी प्रूफ सहित प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा। वाहन चालक / परिचालक का लायसेंस एवं चरित्र तथा फिटनेस प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा। किसी भी दुर्घटना एवं अन्य परिस्थितियों के लिए निगम प्रशासन कोई भी उत्तरदायित्व नहीं होगा। दरें डीजल ड्राईवर सहित देना होगा तथा प्रतिदिन 08 घंटे कार्यदिवस एवं न्यूनतम दो ट्रीप कचरा परिवहन ट्रेक्टर ट्रॉली से करना होगा। यदि वाहन (ट्रेक्टर ट्रॉली) दो दिन्य लगातार, ठेकेदार प्रदाय करने में असफल रहता है तो ठेकेदार से अर्थदण्ड वसूल किया जावेगा एवं ट्रेक्टर ट्रॉली) को कार्य की आवश्यकतानुसार दिन अथवा रात में कभी भी कार्य कराया जा सकता है। रात्रिकालीन कार्या हेतु अतिरिक्त भुगतान नहीं किया जावेगा।
9. तीन वर्ष के आयकर की बाध्यता नए फर्मो के लिए बाध्यकारी नहीं होगी।
10. किसी भी निविदा को स्वीकार अथवा अस्वीकार करने का अधिकार नगर निगम रायपुर के पास सुरक्षित है।
11. निविदा संबंधी अन्य शर्त एवं जानकारियों कार्यालय अवधि/दिवस में प्राप्त की जा सकती है।
12. ठेकेदार को From A & B में दिये गये सभी शर्ते के अनुसार कार्य किये जाना अनिवार्य है।

**जोन आयुक्त**
**जोन क्रमांक-10**
**नगर पालिक निगम, रायपुर**

घरों से निकलने वाले गीला एवं सूखा कचरे को सफाई मित्र ( वाहन ) को देवें

# देश

उवाच

“ ट्रेनों में यात्रा के लिए खिड़की से लिए गए टिकटों को रद्द करने के लिए वैकल्पिक व्यवस्था की जानी चाहिए। टिकट रद्द करने का शुल्क भी बढ़ाया गया है जिसे कम किए जाने की जरूरत है।

–अखिलेश प्रसाद सिंह, कांग्रेस नेता



| तापमान | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| दिल्ली | 21` | 1`` |
| मुंबई | 29` | 23` |
| कोलकाता | 21` | 12` |
| चेन्नई | 27` | 26` |

# लोकतंत्र की हत्या कर रही मोदी सरकार : कांग्रेस

## विपक्ष ने संसद सत्र के दौरान बड़ी संख्या में सांसदों के निलंबन पर केंद्र सरकार को घेरा

**नई दिल्ली,** 14 दिसम्बर (एजेंसियां)। संसद के शीतकालीन सत्र के दौरान असंसदीय आचरण के आरोप में बड़ी संख्या में सांसदों को निलंबित किए जाने पर विपक्ष ने केंद्र की मोदी पर हमला बोला।

**भाजपा सरकार ने संसद को रबर स्टाम्प बनाकर रख दिया है**

निलंबन के बाद कांग्रेस ने गुरुवार को कहा कि संसद में सुरक्षा मामले को लेकर सवाल पूछने के कारण पार्टी के सांसदों को निलंबित किया जाना लोकतंत्र के विरूद्ध है और ऐसे कदम उठाकर मोदी सरकार लोकतंत्र की हत्या कर रही है। कांग्रेस के संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल ने यहां जारी एक बयान में कहा कि 13 दिसम्बर को संसद की सुरक्षा में जो चूक हुई उसके खिलाफ कांग्रेस के सांसदों ने आवाज उठाई तो सरकार ने उन्हें गुरुवार को निलंबित कर दिया। उन्होंने कहा कि संसद में हुए सुरक्षा उल्लंघन पर सरकार से जवाब मांगने के लिए विपक्षी सांसदों को निलंबित करना एक गलत और अलोकतांत्रिक कदम है। एक तरफ जवाबदेही की मांग करने पर पार्टी सांसदों को निलंबित कर दिया जाता है तो दूसरी तरफ उपद्रवियों के प्रवेश में मदद करने वाले भाजपा सांसद के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की गई। उन्होंने सरकार के इस कदम को लोकतंत्र की हत्या करार दिया और कहा कि यह लोकतंत्र की हत्या है। भाजपा सरकार ने संसद को रबर स्टाम्प बनाकर रख दिया है। अब लोकतांत्रिक प्रक्रिया दिखावे के लिए भी नहीं बची है। डीएमके सांसद कनिमोझी करुणानिधि को भी शीतकालीन सत्र की बाकी अवधि के लिए निलंबित किया है। उन्होंने लोकसभा के स्पीकर की तरफ से दिखाई गई सख्ती पर कहा, संसद में सुरक्षा प्रोटोकॉल का उल्लंघन करने के आरोपियों को एक सांसद के कहने पर विजिटर पास दिए गए। 24 घंटे से अधिक समय बीतने के बावजूद इस मामले में सांसद के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की गई है।



संसद में हुए सुरक्षा उल्लंघन पर सरकार से जवाब मांगने के लिए विपक्षी सांसदों को निलंबित करना अलोकतांत्रिक कदम : केसी वेणुगोपाल

### तानाशाहीपूर्ण रवैया अपना रही है सरकार

विपक्षी दलों का आरोप है कि सरकार तानाशाहीपूर्ण रवैया अपना रही है और विपक्षी सांसदों की बातों को अनसुना किया जा रहा है। सदन से निलंबित किए गए सांसदों ने प्रधानमंत्री और गृह मंत्री अमित शाह से जवाब मांगा है। विपक्ष का आरोप है कि 13 दिसम्बर को दर्शक दीर्घा से दो लोगों का सदन के भीतर कूदना बड़ी खुफिया विफलता है। संसद से 15 सांसदों के निलंबन पर कांग्रेस सांसद कार्ति चिदंबरम ने कहा कि बुधवार को जो हुआ वह बड़ी सुरक्षा और खुफिया विफलता थी। हम चाहते हैं कि सरकार सदन में बयान दे। गृह मंत्री या प्रधानमंत्री को 13 दिसम्बर की घटना के बारे में पूरी जानकारी देनी चाहिए। सांसदों को यह भी बताना चाहिए कि आने वाले दिनों में ऐसी घटनाएं न हों, इसके लिए सरकार क्या कदम उठाने जा रही है। सरकार सदन में बयान नहीं देने पर अड़ी हुई है। पीएम मोदी या गृह मंत्री शाह के बयान की मांग करने और सदन के भीतर अपना विरोध दर्ज कराने के कारण सरकार विपक्षी सांसदों की आवाज दबा रही है। 15 सांसदों को बाकी बचे शीतकालीन सत्र के लिए निलंबित कर दिया गया है। विपक्षी पार्टियां प्रधानमंत्री या गृह मंत्री से सदन के पटल पर स्पष्ट बयान देने की मांग कर रही हैं। कनिमोझी ने तृणमूल कांग्रेस सांसद महुआ मोइत्रा के मामले पर हुई कार्रवाई का जिक्र करते हुए कहा, हमने देखा है कि महुआ के मामले में क्या कार्रवाई हुई है। जांच पूरी हुए बिना ही उन्हें सदन के लिए अयोग्य घोषित कर दिया गया। लोकसभा की दर्शक दीर्घा से दो लोगों के कूदने के मामले में पास जारी करने वाले सांसद को निलंबित भी नहीं किया गया है। डीएमके सांसद ने कहा, जब हमने विरोध किया और पीएम मोदी या गृह मंत्री के बयान की मांग की तो सरकार ऐसा करने के लिए तैयार नहीं हैं।

बकौल कनिमोझी, जब विपक्षी दलों ने सरकार ने विरोध किया, तो वे विपक्ष के राजनीतिक दलों की तरफ से आवाज उठाने वाले सांसदों को निलंबित किया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि पहले पांच, फिर नौ और लोगों को निलंबित कर दिया गया। राज्यसभा सांसद कपिल सिब्बल ने कहा, सरकार ने सांसदों को सदन से निलंबित करने की संस्कृति विकसित की है। जैसे ही आप किसी बात का विरोध करते हैं कहा जाता है, आपकी बात रिकॉर्ड पर नहीं जाएगी, फिर सांसदों के चर्चा में भाग लेने का मतलब क्या है।

## विपक्ष को डराना चाहता सत्ताधारी दल : ललन सिंह



**नई दिल्ली।** जेडीयू सांसद राजीव रंजन (ललन) सिंह ने 15 सांसदों के निलंबन पर कहा कि सरकार अपनी विफलताओं को छिपाने के लिए निलंबन कर रही है। ऐसी कार्रवाई से सत्ताधारी दल विपक्ष को डराना चाहती है। आप खौफ का माहौल बनाकर शासन नहीं कर सकते। अगर विपक्षी सांसद लोकसभा और पूरे संसद की सुरक्षा मे हुई चूक, खुफिया विफलता के संबंध में गृह मंत्री से बयान की मांग कर रहे हैं, तो इसमें गलत क्या था। ललन सिंह ने कहा, गृह मंत्री शाह को खुद पहल करनी चाहिए।

उन्हें सदन में आकर बयान देना चाहिए। उन्होंने कहा, सरकार निलंबित करा सकती है, उनके पास बहुमत है और वे जो चाहें कर सकते हैं। जदयू सांसद ललन सिंह के मुताबिक अगर चकमा देकर संसद में घुसने वाले दोनों व्यक्ति मुस्लिम होते या विजिटर पास किसी कांग्रेस सांसद ने जारी किया होता तो सरकार का आचरण बिल्कुल अलग होता।

## संसद से

### डिब्रूगढ़ हवाई अड्डे का नाम चौलुंग सुकाफा रखने की रास में उठी मांग

भारतीय जनता पार्टी के पबित्रा मार्गरिटा ने गुरुवार को राज्यसभा में असम के डिब्रूगढ़ हवाई अड्डे का नामकरण क्षेत्र के लोकप्रिय सम्राट चौलुंग सुकाफा नाम रखने की मांग की। मार्गरिटा ने सदन में शून्यकाल में सभापीठ की अनुमति से उठाए गए मामले के दौरान कहा कि असम में अहोम साम्राज्य के संस्थापक चौलुंग सुकाफा भी सम्राट अशोक और चंद्रगुप्त मौर्य के समान प्रतापी और महान थे। सम्राट चौलुंग सुकाफा ने आधुनिक असम को आकार दिया है। भाजपा सदस्य ने कहा कि उनकी याद को बनायें रखने व उन्हें सम्मान देने के लिए केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्रालय को डिब्रूगढ़ हवाई अड्डे का नाम सम्राट चौलुंग सुकाफा हवाई अड्डा कर देना चाहिए। यह एक छोटा कदम होगा लेकिन दुनिया को सम्राट चौलुंग सुकाफा के बारे में बताने का बेहतर तरीका है। मार्गरिटा ने कहा कि सम्राट सुकाफा भारतीय इतिहास में सबसे लंबे समय तक चलने वाले साम्राज्य के संस्थापक रहे हैं।

### गंगा की सफाई के लिए दस साल में हुआ व्यापक काम : शेखावत

सरकार ने कहा है कि गंगा की सफाई के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार ने पिछले 1 साल के दौरान जो कदम उठाए हैं उनकी वजह से गंगा स्वच्छता का काम व्यापक स्तर पर हुआ हैं। जल शक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने गुरुवार को लोकसभा में एक पूरक प्रश्न के जवाब में कहा कि मोदी सरकार ने निर्मल गंगा के लिए नमामि गंगे कार्यक्रम की शुरुआत की जिसके तहत इतने कदम उठाए हैं कि संयुक्त राष्ट्र की धरोहरों में सुधार के लिए दुनिया के देशों से मांगी गई 1 नाम की सूची में नमामि गंगे अभियान के तहत हुआ काम शीर्ष पर है। उन्होंने कहा कि पिछले 1 साल के दौरान यह सुनिश्चित करने का प्रयास किया गया है कि गंगा में गंदा पानी नहीं गिरे और इसके लिए शिवर ट्रीटमेंट संयंत्रों की स्थापना हुई है जिससे गंगा को मैला होने से बचाने का काम आसान हुआ है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि गंगा की सफाई के अलावा हिंडन, काली नदी सहित कई नदियों में भी सफाई का अभियान शुरू किया गया है।

### संसद की सुरक्षा में चूक निंदनीय : राजनाथ

संसद में सुरक्षा में चूक के मुद्दे पर केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने लोकसभा में वक्तव्य दिया। उन्होंने कहा कि बुधसवार को जो घटना हुई, उसकी सबने निंदा की है। यह बहुत दुर्भाग्यपूर्ण घटना है...आपने (लोकसभा अध्यक्ष) घटना के जांच के आदेश दिए हैं। हम सभी सांसदों को सावधानी बरतने की आवश्यकता है...इस प्रकार से संसद में अराजक स्थिति पैदा करना उचित नहीं है।

### रास में उठी एसिड हमलों से पीड़ित महिलाओं की मदद की मांग

राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी की फौजिया खान ने कहा कि बच्चों का मोबाइल फोन और लैपटाप पर स्क्रीन समय बढ़ रहा है जिससे मानसिक और शारीरिक समस्याएं पैदा हो रही है। सरकार को इस संबंध में ठोस कदम उठाने चाहिए और दिशा निर्देश जारी करने चाहिए। मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी के इलावरम करीम और भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के संदोष कुमार पी ने केरल में वित्तीय संकट का मामला उठाया और कहा कि केंद्र-राज्य वित्त संबंधों की समीक्षा की जानी चाहिए। जनता दल युनाइटेड के अनिल प्रसाद हेगड़े ने किसानों को उच्च गुणवत्ता युक्त देसी बीज उपलब्ध कराने की मांग की और कहा कि जीएम बीजों पर रोक लगाई जानी चाहिए। वाईएसआरसीपी ने ओबीसी वर्ग को आरक्षण के लिए आय सीमा आठ लाख रुपए से 12 लाख रुपए प्रति वर्ष करने की मांग की। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी की फौजिया खान ने कहा कि बच्चों का मोबाइल फोन और लैपटाप पर स्क्रीन समय बढ़ रहा है जिससे मानसिक और शारीरिक समस्यायें पैदा हो रही है। सरकार को इस संबंध में ठोस कदम उठाने चाहिए और दिशा निर्देश जारी करने चाहिए।

### अंतर्देशीय मछली उत्पादन का स्तर 214-23 के बीच 96 प्रतिशत बढ़ा

सरकार ने लोकसभा में बताया कि भारत में पिछले नौ वर्षों की अवधि में अंतर्देशीय मछली उत्पादन सालाना 8.78 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई और 214-23 के दौरान वार्षिक उत्पादन में करीब 96 प्रतिशत वृद्धि हुई। पशुपालन और डेयरी मंत्री परषोत्तम रूपाला ने लोकसभा में एक प्रश्न करने के लिखित उत्तर में बताया कि 222-23 में देश में 131.13 लाख टन का उच्चतम अंतर्देशीय मछली उत्पादन दर्ज किया गया।
वर्ष 214-15 में मछली उत्पादन 66.91 लाख टन था। वर्ष 219-2 में उत्पादन बढ़ कर 14.37 लाख टन हो गया। उन्होंने कहा कि 214-15 से 222-23 के दौरान वार्षिक अंतर्देशीय मछली उत्पादन का स्तर 95.9 प्रतिशत बढ़ा है। उन्होंने कहा कि सरकार ने मछली उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए शुरू की गई विभिन्न पहलों और कार्यक्रमों की जानकारी दी।

## सार संक्षेप

### कश्मीर में कड़ाके की ठंड का दौर जारी

**श्रीनगर।** केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर में लगातार ठंड बढ़ रही है। जहां कश्मीर के हाड कंपाने वाली ठंड जारी है, वहीं श्रीनगर में इस मौसम की सबसे सर्द रात दर्ज की गयी है। मौसम विज्ञान विभाग ने गुरुवार को यह जानकारी दी। मौसम विभाग केंद्र श्रीनगर ने कहा कि दक्षिण कश्मीर में शोपियां जिला में सबसे ज्यादा ठंड रिकॉर्ड की गई है, जहां पिछली रात न्यूनतम तापमान शून्य से नीचे 6.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। तापमान में आई भारी गिरावट के कारण श्रीनगर के डल झील के आंतरिक हिस्से और अन्य निकाय तथा पानी के पाइप में पानी जम गया है।

### तेलंगाना विस के अध्यक्ष बनें प्रसाद कुमार

**हैदराबाद।** तेलंगाना में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता गद्दाम प्रसाद कुमार को गुरुवार को सर्वसम्मति से तीसरी तेलंगाना विधानसभा का अध्यक्ष चुना गया। गद्दाम सभी विधायकों के समर्थन से तेलंगाना विधानसभा के लिए चुने गए पहले दलित स्पीकर हैं। प्रोटेम स्पीकर अकबरुद्दीन ओवैसी ने कहा कि बुधवार को कोई अन्य नामांकन दाखिल नहीं होने के कारण उन्हें निर्विरोध चुना गया। उन्होंने आज सदन में घोषणा की कि उनकी उम्मीदवारी का प्रस्ताव मुख्य विपक्षी भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) सहित 23 सदस्यों ने किया था। नए अध्यक्ष के चुनाव की घोषणा करने से पहले, प्रोटेम स्पीकर ने उन सदस्यों को शपथ दिलाई, जो नौ दिसम्बर के समारोह में शामिल नहीं हो सके।

### मप्र का विस सत्र 18 से 21 दिसम्बर तक

**भोपाल।** मध्य प्रदेश में आगामी 18 से 21 दिसम्बर के बीच चार दिवसीय विधानसभा सत्र आयोजित होगा, जिसमें प्रोटेम स्पीकर गोपाल भार्गव नवनिर्वाचित विधायकों को शपथ ग्रहण कराएंगे और विधानसभा के पूर्णकालिक अध्यक्ष और उपाध्यक्ष का निर्वाचन होगा। भार्गव ने प्रोटेम स्पीकर के तौर पर शपथ ग्रहण करने और अपना पदभार संभालने के बाद सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर इस बारे में जानकारी दी।

### सारण में ट्रक से कुचलकर महिला की मौत

**छपरा।** बिहार में सारण जिले के पूर्वोत्तर रेलवे के छपरा-थावे रेलखंड के मशरक-राजापट्टी स्टेशन के बीच रेलवे क्रासिंग पर ट्रक से कुचलकर एक महिला की मौत हो गई। जिले के मशरक थाना क्षेत्र के पदमौल गांव निवासी फुलेश्वरी कुंवर गोपालगंज के फैजुल्लाहपुर गांव से एक शादी समारोह में शामिल होने के बाद अपने पुत्र के साथ मोटर साइकिल से वापस घर आ रही थी। इसी दौरान डुमरसन रेलवे क्रासिंग पर वह मोटर साइकिल से गिर गई।

## नीतीश की रैली को नहीं मिली वाराणसी में जगह

**पटना,** 14 दिसम्बर (देशबन्धु)। 24 दिसम्बर को जेडीयू की रैली वाराणसी में होने वाली थी लेकिन अब यह रैली 24 दिसम्बर को नहीं होगी। नीतीश की रैली को जगह नहीं मिलने के कारण स्थगित कर दिया गया है। अब अगली तारीख में इस रैली की घोषणा की जाएगी। बिहार के मंत्री श्रवण कुमार ने इस बात की जानकारी दी है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के गढ़ वाराणसी में रैली करने वाले थे। 24 दिसम्बर को रैली प्रस्तावित थी। इस रैली को सीधे तौर पर लोकसभा चुनाव से जोड़कर देखा जा रहा था। इसे लेकर भाजपा लगातार हमलावर थी।

बिहार भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सम्राट चौधरी सहित कई बीजेपी नेता नीतीश की वाराणसी में प्रस्तावित रैली को लेकर हमलावर नजर आए। वही भाजपा सांसद रवि किशन ने जेडीयू की इस रैली को लेकर तंज भी कसा था। रविकिशन ने कहा कि था कि महादेव की नगरी है, आएं. हमने सुना है कि जहां कण-कण में शिव हैं वहां नीतीश कुमार आ रहे हैं। नीतीश कुमार को मैं क्षमा के साथ कहना चाहता हूं क्योंकि बहुत बड़े लीडर हैं वो, आव फरिया ल। नीतीश कुमार पर तंज कसते हुए भाजपा सांसद रविकिशन ने फिर कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गरीबों के नेता हैं, कार्यकर्ताओं को मुख्यमंत्री बनाने वाले नेता हैं, इस देश को पांच ट्रिलियन डॉलर पर ले जाने वाले नेता हैं, उनसे आप लड़ने आ रहे हैं।

## राज्य की आर्थिक स्वायत्तता पर अतिक्रमण करना बंद करे केंद्र सरकार : विजयन

### विपक्ष व केरल समाज से सरकार के साथ खड़े होने का किया आह्वान

**कोट्टयम,** 14 दिसम्बर (एजेंसियां)। केरल के मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन ने गुरुवार को केंद्र से राज्य की आर्थिक स्वायत्तता पर अतिक्रमण करने से परहेज करने का आग्रह किया। विजयन ने राज्य सरकार के आउटरीच कार्यक्रम नवकेरल नाडास के हिस्से के रूप में यहां एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए आगाह किया कि यदि केंद्र राज्य की आर्थिक स्वायत्तता पर अपना अतिक्रमण नहीं रोकता है तो राज्य एक आसन्न वित्तीय आपदा की ओर चला जाएगा। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार सोची-समझी चालों से संविधान के आर्थिक संघवाद को धीरे-धीरे खत्म करके एक खतरनाक खेल खेल रही है। उन्होंने विपक्ष और केरल समाज से सरकार के साथ खड़े होने का आह्वान करते हुए कहा कि राज्य सरकार भारतीय संघवाद को संरक्षित करने के लिए एक निर्णायक कानूनी और ऐतिहासिक लड़ाई शुरू कर रही है। उन्होंने राज्यपाल से केंद्र से स्पष्टीकरण मांगने का भी आग्रह किया, जो उधार सीमा में कटौती के माध्यम से वित्तीय स्वायत्तता पर अतिक्रमण करके राज्य में विकास और कल्याण गतिविधियों को पटरी से उतारने की लगातार कोशिश कर रहा है।



### पिनाराई ने कुन्हिरमन के निधन पर जताया शोक

**कासरगोड।** केरल के मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन ने त्रिकारीपुर के पूर्व विधायक और मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा)) के पूर्व जिला सचिव के कुन्हिरमन के निधन पर शोक व्यक्त किया। उन्होंने कन्नूर के एक निजी अस्पताल में अंतिम सांस ली। वह 80 वर्ष के थे। विजयन ने कहा कि एक बेहतरीन संगठनकर्ता के रूप में राजनीतिक क्षेत्र और एक आयुर्वेद चिकित्सक के रूप में पारंपरिक सांस्कृतिक अभ्यास में उनका योगदान यादगार रहेगा। उनके परिवार में उनकी पत्नी एनटीके सरोजिनी और पांच बच्चे सिंधु, शीना, शीजा, अनिल और सुनील हैं। वह वृद्धावस्था संबंधी बीमारी से पीड़ित थे जिसके कारण उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया था।

## हमेशा से दूर की सोच रखते हैं नीतश : प्रणव

### बिहार बिजनेस कांटेक्ट में प्रणव अडानी ने की नीतीश की तारीफ

**पटना,** 14 दिसम्बर (देशबन्धु)। अब बिहार को लोग उद्योग लगाने के लिए एक आकर्षित रूप में देख रहे हैं। साल 2003 में हमारे एक योजना का शुभारंभ वर्तमान में बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने ही किया था। उस समय भी नीतीश कुमार विकास के लिए तत्पर नजर आए थे और आज भी विकास के लिए तत्पर नजर आते हैं। यह बातें अदानी ग्रुप इंडस्ट्रीज की तरफ से बिहार बिजनेस कांटेक्ट में आए प्रतिनिधि प्रणव अडानी ने कही है। बिहार की राजधानी पटना के ज्ञान भवन में उद्योग विभाग के तरफ से बिहार बिजनेस कनेक्ट 2023 ग्लोबल इन्वेस्टर्स सीमिट का आयोजन किया गया। जिसमें देश भर के करीब 600 कंपनियां भाग ले रही है। ऐसे में अदानी ग्रुप के तरफ से प्रणव अडानी पटना आए और उन्होंने बिहार सरकार की जमकर तारीख की है।



प्रणव अडानी ने कहा कि नीतीश कुमार हमेशा काफी दूर की सोच रखते हैं। केंद्रीय रेल मंत्री के तौर पर नीतीश कुमार ने 20 साल पहले इंटरनेट टिकट बुकिंग सेवा शुरू करवाई थी जिसका आज लाखों लोग फायदा ले रहे हैं। आज यह दुनिया का सबसे बड़ा ऑनलाइन टिकट बुकिंग साइट है। इस सिस्टम की सफलता यह बतलाती है कि नीतीश कुमार कितने दूर के सोचते हैं। प्रणव अदानी ने कहा कि हमारा बिहार में काफी रुचि है और हम बड़े पैमाने पर यहां उद्योग लगाने की कोशिश में लगे हुए हैं। बिहार में अदानी ग्रुप लॉजिस्टिक, गैस समेत कई चीजों में पहले से मौजूद है।

### आज बिहार में दिख रहा बदलाव : अडानी

प्रणव अडानी ने कहा कि आज बिहार में बदलाव दिख रहा। बिहार के लॉन आर्डर बिहार के हर चीज में बदला दिख रहा है। यहां की शिक्षा और महिला साक्षरता में भी बदलाव देखने को मिला है। यदि बिहार के विकास की बात करें तो साइकिल वितरण और पोशाक वितरण स्कीम ने बिहार में काफी परिवर्तन लाया है। महिला के जीवन शैली में काफी बदलाव आया है। इसके अलावा मुख्यमंत्री के तरफ से बेरोजगार युवाओं के लिए रोजगार भत्ता दी जा रही है जो बिहार के विकास के लिए काफी बेहतर है। इसलिए अदानी ग्रुप नीतीश कुमार के बिहार के

## नेहरू के कारण भारत में शामिल हुआ कश्मीर : पीडीपी

**श्रीनगर,** 14 दिसम्बर (एजेंसियां)। पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) ने गुरुवार को कहा कि जम्मू-कश्मीर देश के प्रथम प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू के कारण भारत का हिस्सा बना। पीडीपी ने आज जारी अपने मासिक समाचार पत्र स्पीक-अप में नेहरू का बचाव किया, जिनकी हाल ही में गृह मंत्री अमित शाह ने आलोचना की थी। शाह ने पिछले हफ्ते कहा था कि जम्मू-कश्मीर को नेहरू की दो ऐतिहासिक भूलों के कारण नुकसान उठाना पड़ा- पहले युद्धविराम की घोषणा करना और फिर संयुक्त राष्ट्र में जाना। पार्टी के न्यूजलेटर में लिखा गया, जवाहरलाल नेहरू की गलतियों पर चिंतन करने के बजाय, भाजपा को खुद से यह पूछने की ज़रूरत है कि 2014 में सत्ता में आने के बाद से उन्होंने भारतीय कश्मीर के लिए क्या किया है। लेख में कहा गया, हमारी भूमि और संसाधनों को अपने साथियों के लिए विभाजित करने और संसद में अपने ‘प्रचंड’ बहुमत का उपयोग करके हमारे लोगों को कमजोर करने के लिए कानून गिराने के अलावा, भाजपा ने हमारे लिए क्या किया है। शायद उन्हें पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर को खोने का अफसोस है क्योंकि वे इसे युद्ध की लूट की तरह नहीं मान सकते।

आस — *लद्दाखियों को फिलहाल विधायिका चाहिए जब तक राज्य का दर्जा नहीं मिला जाता*

# लोकसभा की दो संसदीय सीटों पर दावा ठोकेगें लद्दाखी नेता

■ सुरेश एस डुग्गर

**जम्मू, 14 दिसम्बर (देशबन्धु)। लद्दाख में उपजे आक्रोश को थामने की खातिर केंद्रीय गृह मंत्रलय लद्दाखी नेताओं से दूसरे दौर की बातचीत से पहले उनकी मांगों का विस्तृत विवरण तो चाहता है पर उसने यह स्पष्ट संकेत दे दिए हैं किए लद्दाखियों की राज्य का दर्जा प्राप्त करने की मांग पर विचार नहीं किया जाएगा। ऐसे में लद्दाखी नेता फिलहाल यूटी के भीतर ही विधायिका की मांग पर सहमत होते दिख रहे हैं पर स्टेटहुड पाने को वे लंबे संघर्ष की तैयारी करने लगे हैं।**

दरअसल केंद्रीय गृह मंत्रालय ने लेह एपेक्स बाडी (एलएबी) और करगिल डेमोक्रेटिक अलायंस (केडीए) को संभावित विकल्पों सहित उनकी मांगों को रेखांकित करते हुए एक व्यापक दस्तावेज बनाने का निर्देश दिया है। हालांकि गृह मंत्रालय का दल लद्दाख की यात्रा के दौरान घोषणाएं कर सकता है, लेकिन राज्य के दर्जे की संभावना से इनकार कर दिया गया है। लद्दाख के लिए दो संसदीय सीटों की मांग के संबंध में, यह संकेत दिया गया है कि तब तक निर्वाचन क्षेत्रों के परिसीमन पर रोक के कारण इस पर 2026 के बाद ही विचार किया जा सकता है। दो संसदीय सीटों की मांग के संबंध में सूत्रों ने बताया कि यह 2026 के बाद ही किया जा सकता है क्योंकि तब तक निर्वाचन क्षेत्रों का परिसीमन रुका हुआ है। बताया जाता है कि यह दस्तावेज संसद के मौजूदा शीतकालीन सत्र के बाद नई दिल्ली में होने वाली बैठक के दौरान प्रस्तुत किए जाने की उम्मीद है। गृह मंत्रालय ने अपने आश्वासन में कहा कि केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल, गृह सचिव एके भल्ला और वरिष्ठ अधिकारियों के साथ, उक्त बैठक के बाद लद्दाख का दौरा करेगा। मिलने वाले समाचार कहते हैं कि प्रमुख समावेशन पर ध्यान केंद्रित करते हुए चल रही चर्चाओं के साथ, एलएबी और केडीए दस्तावेज का मसौदा तैयार करने में सहयोग करने के लिए तैयार हैं। यह सच है कि चार दिसम्बर की बैठक के लिए एमएचए की घोषणा लद्दाखियों की राज्य का दर्जा पाने की मांग को विशेष रूप से संबोधित नहीं करता था। इन परिस्थितियों में लद्दाखी नेताओं का कहना था कि ऐसे परिदृश्य में, लद्दाख के कुछ प्रतिनिधियों का विचार है कि राज्य का दर्जा मांगने के बजाय, जिस पर केंद्रीय गृह मंत्रालय चर्चा करने के लिए भी तैयार नहीं है, उन्हें केंद्र शासित प्रदेश के भीतर विधानमंडल की मांग करनी चाहिए, लेकिन कुछ लोगों की तरह राज्य के दर्जे के लिए संघर्ष जारी रखना चाहिए। इसके विपरीत, लद्दाख के लिए छठी अनुसूची की मांग को लेकर एलएबी और केडीए अपने रुख पर कायम हैं। विकल्प तलाशने के गृह मंत्रालय के सुझाव के बावजूद, वे भूमि, संस्कृति और पहचान से संबंधित लद्दाखियों के अधिकारों की रक्षा के साधन के रूप में छठी अनुसूची के प्रति प्रतिबद्ध हैं।



■ गृहमंत्रालय से मुलाकात के दौरान रखेंगे बात

बिलासपुर, शुक्रवार 15 दिसम्बर 2023
संस्थापक-संपादक : स्व. मायाराम सुरजन

# धुएं और नारों पर मौन मोदी

बुधवार को भारत के नये संसद भवन में घुसकर धुंआ फैलाने और बाहर नारेबाजी करने के पीछे जो लोग हैं, उनमें से चार को पकड़ लिया गया है तथा कुछ की तलाश जारी है। इनसे पूछताछ से मुख्यत: जो बात सामने आई है, उससे प्रथम दृष्टया यही प्रतीत होता है कि उनका मकसद कोई बड़ी घटना को अंजाम देना नहीं था, वरन जनता की कतिपय समस्याओं की ओर देश की सबसे बड़ी पंचायत का ध्यान आकृष्ट करना था। यह तो माना जा सकता है कि युवाओं द्वारा अपनी बात को थोड़ा सनसनीखेज तरीके से ज़रूर उठाया गया है, लेकिन इसके बरक्स दो बातें सामने आई हैं- पहली तो यह कि करोड़ों रुपयों से निर्मित नये संसद भवन की सुरक्षा व्यवस्था अत्यंत लचर है; और दूसरी बात है प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की हमेशा की भांति चुप्पी। इस हादसे ने साबित कर दिया है कि देश के साथ बड़ी से बड़ी बात हो जाये, मोदी अपना मौन व्रत कतई नहीं तोड़ेंगे। यह दुर्भाग्यपूर्ण ही नहीं वरन एक हद तक शर्मनाक भी है।

नया संसद भवन मोदी का ड्रीम प्रोजेक्ट रहा है। देश में जब कोविड-19 का भीषण प्रकोप था तथा देश को महामारी से लड़ने के लिये बड़ी धन राशि की आवश्यकता थी, तब इसका निर्माण किया गया था। मोदी खुद इसकी प्रगति देखने आते रहते थे। उस समय इस बात का यह कहकर विरोध हुआ था कि पुराने संसद भवन के रहते, वह भी ठीक-ठाक हालत में होने के बावजूद इस नये भवन को बनवाना एक बड़ी फिजूलखर्ची है। बाद में यह बात साफ होती चली गई कि इसका उद्देश्य पुराने भवन के साथ नत्थी देश के स्वतंत्रता संग्राम की विरासत को मिटाना है। खासकर, उस भवन पर पहले प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू की जो सुखद छांव बनी हुई थी, वह मोदी को उनकी विचारधारा के कारण कड़ी धूप सी प्रतीत होती थी। इसी क्रम में उन्होंने नेहरू के शासकीय निवास तीन मूर्ति भवन को भी प्रधानमंत्रियों के संग्रहालय में बदलवा दिया। नेहरू विरोध के अलावा मोदी नये भवन का 2024 के लोकसभा चुनाव के लिये भी इस्तेमाल करना चाहते हैं। बहरहाल, इस भवन के बारे में दावा किया गया था कि इसकी सुरक्षा बड़ी पुख्ता है। विशेषकर 13 दिसम्बर, 2001 को पुराने भवन पर हुए आतंकी हमले के मद्देनज़र इसकी ज़रूरत भी थी।

इस भवन के उद्घाटन के अवसर पर बुलाये गये विशेष सत्र को छोड़ दें तो यही इसका नियमित सत्र (शीतकालीन) है, जो अब भी जारी है। पहले ही सत्र में, वह भी ठीक उसी दिन- 22 वर्षों के बाद इसकी सुरक्षा व्यवस्था की पोल कुछ निहत्थे युवाओं ने खोलकर रख दी। उनके कृत्य को कतई समर्थन नहीं मिल रहा है परन्तु इसमें कोई शक नहीं रह जाना चाहिये कि इस भवन की सजावट पर तो खूब ध्यान दिया गया है, लेकिन सुरक्षा की बुनियादी आवश्यकता पूरी तरह से नज़रंदाज़ की गई है। दो दशक पूर्व हुए हमले में तो जांबाज़ सुरक्षाकर्मियों ने आतंकवादियों को संसद भवन में घुसने तक नहीं दिया था। अबकी एक नहीं दो लोग दर्शक दीर्घा से सदन के बीचों-बीच कूद पड़ते हैं और बाकायदा एक से दूसरी बेंचों को फलांगने में भी सफल हो जाते हैं।

इनमें से एक युवक ने अपने जूते में छिपाकर लाये केन स्प्रे से पीला धुंआ भी फैलाया। यानी वे कोई हथियार भी ला सकते थे। वे अगर नहीं लाये तो इसका जवाब बाहर उनके द्वारा लगाये गये नारों में छिपा है। बताया जाता है कि उनके साथ दो लोग और थे परन्तु वे दर्शक दीर्घा से ही अफरा-तफरी का फायदा लेकर निकल गये। महत्वपूर्ण सदन के भीतर का धुंआ ही नहीं है वरन गिरफ्तारी के बाद उनके द्वारा लगाये गये नारे भी हैं, जो उनके उद्देश्य को बतलाता है। वे सामान्यजन हैं जो बेरोजगारी, मणिपुर, तानाशाही से सम्बन्धित नारे लगा रहे थे।

सवाल यह है कि इस घटना के लिये जिम्मेदार कौन है? इस कांड के ठीक एक दिन पहले केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह लगभग 75 साल पहले हुए देश के विभाजन और कश्मीर के मामले में नेहरू की गलतियां गिना रहे थे, जबकि सामने हुई घटना की जिम्मेदारी से वे बचते फिर रहे हैं। सिर्फ वे नहीं, मोदी भी। पूरी सरकार ही मुंह छिपा रही है। मोदीजी ने इस मामले पर अब तक कुछ नहीं कहा है। इसी तरह गृहमंत्री अमित शाह भी जवाबदेही निभाने में निराश कर रहे हैं। दिल्ली पुलिस उनके अधीन है और सुरक्षा का जिम्मा उनके ऊपर है। इस मामले पर जब विपक्ष के लोगों ने संसद में सवाल उठाए तो उनके जवाब देने की जगह सांसदों का मुंह जबरदस्ती बंद कराया गया है। राज्यसभा में गुरुवार को विपक्ष ने 28 नोटिस इस मुद्दे पर बहस के लिए दिए थे। इसी तरह लोकसभा में भी एक दर्जन से ज्यादा इंडिया के सांसदों ने नोटिस देकर इस पर चर्चा की मांग की थी। लेकिन दोनों सदनों में किसी भी नोटिस पर सरकार ने चर्चा नहीं होने दी। और सवाल पूछने के जुर्म में 15 सांसदों को निलंबित कर दिया।

उल्लेखनीय है कि कुछ दिन पहले तेलंगाना में मोदी की प्रचार सभा में एक लड़की टावर पर चढ़ गई थी। वह भी बेरोजगारी से त्रस्त थी। रिश्तेदार बतलाते हैं कि वे देश की मूलभूत समस्याओं से व्यथित थे। नीलम ने तो कई परीक्षाएं पास की हैं पर उसके पास नौकरी नहीं है। रोजगार हो या तानाशाही का आरोप- जवाब तो मोदी को ही देने हैं लेकिन उनके पास आत्म प्रशंसा, विपक्ष को कोसने और खुद को निरीह दर्शाने के लिये कई बातें हैं पर इन बुनियादी बातों का उनके पास कोई जवाब नहीं है। यह नया संसद भवन देशवासियों के पैसों से बना है। इसलिये देश के सुरक्षित हाथों में होने का दिन-रात दावा करने वाले पीएम और भाजपा को बतलाना होगा कि इस गम्भीर चूक का दोषी कौन हैं तथा उन्हें क्या सज़ा दी जायेगी। बाहर बेरोजगारी और तानाशाही के खिलाफ जो नारे लग रहे थे, उनके जवाब भी मोदी को ही देने हैं। वैसे उनसे इसलिये उम्मीद नहीं की जा सकती क्योंकि पिछले 10 वर्षों से वे मौन ही तो हैं।


# यूजीसी और एनसीईआरटी का हिन्दू राष्ट्र शैक्षणिक कार्यक्रम

भाजपा सरकार केंद्र में अपनी सत्ता की दूसरी पारी के अंत की ओर है। करीब दस साल की इस अवधि में सरकार ने देश के लगभग सभी संस्थानों और संस्थाओं की दशा और दिशा में जो बदलाव किये हैं, वे सबके सामने हैं। ईडी, आयकर विभाग और सीबीआई ने विपक्षी पार्टियों के खिलाफ वह सब कुछ किया, जो वे कर सकती थीं। कई मौकों पर चुनाव आयोग की भूमिका भी निष्पक्ष नहीं रही है। इस बीच, यूजीसी और एनसीईआरटी शिक्षा प्रणाली और पाठ्यक्रमों में सत्ताधारी दल को सुहाने वाले परिवर्तन करने में व्यस्त रही हैं।

नयी शिक्षा नीति (एनईपी) हमारी शिक्षा व्यवस्था के ढांचे और स्वरूप में आमूलचूल परिवर्तन लाने वाली है। सरकार द्वारा नियमित रूप से ऐसे निर्देश जारी किये जा रहे हैं जिनसे विद्यार्थियों के मनो-मस्तिष्क में हिन्दू राष्ट्रवादी विचार और सिद्धांत बिठाये जा सकें। सरकार ने सबसे पहले विद्यार्थियों के आंदोलनों और उनके प्रतिरोध को कमज़ोर करने और उनमें भागीदारी करने वालों को डराने-धमकाने का अभियान शुरू किया। इन आंदोलनों के नेताओं पर राष्ट्रद्रोही का लेबल चस्पा कर दिया गया। तत्कालीन मानव संसाधन विकास मंत्री स्मृति ईरानी ने प्रस्तावित किया कि प्रत्येक केन्द्रीय विश्वविद्यालय के प्रांगण में एक बहुत ऊंचे खम्बे पर राष्ट्रीय ध्वज फहराया जाए। यह भी प्रस्तावित किया गया कि जवाहरलाल नेहरु विश्वविद्यालय (जेएनयू) के कैंपस में सेना का एक टैंक स्थापित किया जाए। वह इसलिए क्योंकि वहां के विद्यार्थी ऐसे मसले उठा रहे थे जो सरकार को पसंद नहीं थे।

हाल में इसी तर्ज पर कई निर्देश / आदेश जारी किये गए हैं। इनमें से एक यह है कि आरएसएस के प्रचारक और अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) के संस्थापक दत्ताजी दिदोलकर की जन्म शताब्दी को मनाने के लिए एक साल तक चलने वाले आयोजनों में विद्यार्थियों की भागीदारी सुनिश्चित की जाए। एक हिन्दू राष्ट्रवादी को राष्ट्रनायक का दर्जा देने का इस प्रयास का फोकस महाराष्ट्र के कॉलेजों पर है. क्या हिन्दू राष्ट्रवादी नेताओं को हीरो बनाने का यूजीसी का यह प्रयास उचित है? क्या हमें उन नायकों को याद नहीं करना चाहिए जो भारतीय राष्ट्रवाद के हामी थे और जिन्होंने ब्रिटिश औपनिवेशिक सरकार के खिलाफ संग्राम का नेतृत्व किया था? आरएसएस से जुड़े दिदोलकर न तो स्वाधीनता संग्राम का हिस्सा थे और ना ही वे भारतीय संविधान के मूल्यों में आस्था रखते थे।

यूजीसी ने एक और सर्कुलर जारी कर कहा है कि कॉलेजों में 'सेल्फी पॉइंट' बनाए जाने चाहिए जिनकी पृष्ठभूमि में प्रधानमंत्री मोदी का चित्र हो। कहने की ज़रूरत नहीं कि यह 2024 के आमचुनाव की तैयारी है। किसी भी प्रजातान्त्रिक देश में ऐसा नहीं होना चाहिए। क्या सरकार को किसी भी एक पार्टी के शीर्ष नेता का प्रचार करना चाहिए? क्या यह प्रजातान्त्रिक मानकों का उल्लंघन नहीं है? प्रजातान्त्रिक और संवैधानिक मूल्यों का इस तरह का खुल्लमखुल्ला मखौल क्या सरकार द्वारा अपनी शक्तियों के घोर दुरुपयोग के श्रेणी में नहीं आता?



राम पुनियानी

> नयी शिक्षा नीति ( एनईपी ) हमारी शिक्षा व्यवस्था के ढांचे और स्वरूप में आमूलचूल परिवर्तन लाने वाली है। सरकार द्वारा नियमित रूप से ऐसे निर्देश जारी किये जा रहे हैं जिनसे विद्यार्थियों के मनो-मस्तिष्क में हिन्दू राष्ट्रवादी विचार और सिद्धांत बिठाये जा सकें। सरकार ने सबसे पहले विद्यार्थियों के आंदोलनों और उनके प्रतिरोध को कमज़ोर करने और उनमें भागीदारी करने वालों को डराने-धमकाने का अभियान शुरू किया। इन आंदोलनों के नेताओं पर राष्ट्रद्रोही का लेबल चस्पा कर दिया गया।

इससे भी एक कदम आगे बढ़कर, यह निर्देश जारी किया गया है कि कक्षा सात से लेकर कक्षा बारह तक के विद्यार्थियों को इतिहास के पाठ्यक्रम के भाग के रूप में 'रामायण' और 'महाभारत' पढ़ाया जाना चाहिए (टाइम्स ऑफ़ इंडिया, 22 नवम्बर, 2023)। एनसीआरटी के एक्सपर्ट पैनल के अनुसार, इससे देश के लोगों में देशभक्ति और स्वाभिमान के भाव जागृत होंगे और वे अपने देश पर गर्व करना सीखेंगे! भारत के ये दो महान महाकाव्य निश्चित तौर पर हमारे पौराणिक साहित्य का हिस्सा हैं। वे उस समय के सामाजिक मूल्यों और मानकों का प्रतिनिधित्व करते हैं जिस समय वे लिखे गए थे। हम इन महाकाव्यों से उस समय के समाज के बारे में बहुत कुछ जान सकते हैं।

रामायण भारत में ही नहीं, वरन श्रीलंका, थाईलैंड, बाली और सुमात्रा सहित एशिया के कई देशों में अत्यंत लोकप्रिय हैं। रामायण के कई अलग-अलग संस्करण हैं। रामायण के मूल लेखक वाल्मीकि थे। गोस्वामी तुलसीदास ने जनभाषा अवधी में उसका अनुवाद कर उसे आम जनता तक पहुंचाया। सोलहवीं सदी से रामायण उत्तर भारत की जन संस्कृति का हिस्सा बनी हुई है। भगवान राम की वह कथा जो हिन्दू राष्ट्रवादियों को प्रिय है, इस कथा के कई अलग-अलग पाठों में से एक है। पौला रिचमेन की पुस्तक 'मेनी रामायन्स' (ऑक्सफ़ोर्ड यूनिवर्सिटी प्रेस), भगवान राम की कहानी के अलग-अलग संस्करणों के बारे में बताती है। इसी तर्ज पर ए.के. रामानुजन ने एक लेख लिखा था जिसका शीर्षक था-'थ्री हंड्रेड रामायंस : फाइव एग्जामपिल्स एंड थ्री थॉट्स ऑन ट्रांसलेशन'। यह अत्यंत अर्थपूर्ण लेख दिल्ली विश्वविद्यालय के पाठ्यक्रम का हिस्सा था। मगर बाद में एबीवीपी के विरोध के कारण इसे हटा दिया गया।

हिन्दू राष्ट्रवादी रामकथा के एक विशिष्ट संस्करण को बढ़ावा देना चाहते हैं। रामानुजन बताते हैं कि इस कथा के कई स्वरूप है- जैन और बौद्ध स्वरूप हैं, और महिलाओं का संस्करण भी है, जिसकी लेखिका आंध्रप्रदेश की रंगनायकम्मा हैं। आदिवासियों की अपनी रामकथा है। अम्बेडकर ने अपनी पुस्तक 'हिन्दू धर्म की पहेलियां' में हमारा ध्यान इस तथ्य की ओर आकर्षित किया है कि राम ने शम्बूक की केवल इसलिए हत्या कर दी थी क्योंकि वह शूद्र होते हुए भी तपस्या कर रहा था। इसी तरह, राम ने छुपकर और पीछे से वार कर बाली को मार दिया था। बाली कुछ पिछड़ी जातियां ही श्रद्धा के पात्र हैं। कहा जाता है- 'इडा पीडा जावो, बळीचे राज्य येवो' (हमारे दु:ख और तकलीफें ख़त्म हों और बाली का राज फिर से कायम हो)। अम्बेडकर राम की इसलिए भी कड़े शब्दों में निंदा करते हैं क्योंकि राम ने मात्र इसलिए सीता को जंगल में छोड़ दिया था क्योंकि उन्हें अपनी पत्नी के चरित्र पर संदेह था। पेरियार भी द्रविड़ों पर आर्य संस्कृति लादने के लिए राम की आलोचना करते हैं। ठीक-ठीक क्या हुआ था यह साफ़ नहीं है मगर यह महाकाव्य हमें उस काल के बारे में कई महत्वपूर्ण बातें बताता है।

उसी तरह महर्षि वेदव्यास द्वारा रचित विश्व की सबसे लम्बी कविता 'महाभारत' भी हमें उस युग में झांकने का मौका देती हैं। ये दोनों ग्रन्थ ज्ञान के स्त्रोत हैं। मगर उन्हें इतिहास के रूप में पाठ्यक्रम में शामिल करना एक अलग मसला है, जिसका सम्बन्ध हिन्दू राष्ट्रवाद से ज्यादा और विद्यार्थियों को इतिहास के सच से परिचित करवाना कम है।

यह भी कहा गया है कि पाठ्यपुस्तकों में इंडिया की जगह भारत शब्द का इस्तेमाल किया जाए। ऐसा बताया जा रहा है कि चूंकि हमारे देश को इंडिया नाम अंग्रेजों ने दिया था अत: वह गुलामी का प्रतीक है। इस तथ्य को जानबूझकर छुपाया जा रहा है कि हमारे देश के लिए इंडिया से मिलते-जुलते शब्दों का प्रयोग अंग्रेजों के भारत आने से बहुत पहले से हो रहा है। ईसा पूर्व 303 में मेगस्थनीज ने इस देश को इंडिका बताया था। सिन्धु नदी के नाम से जुड़े हुए शब्द भी लम्बे समय से इस्तेमाल हो रहे हैं। हमारे संविधान में प्रयुक्त वाक्यांश 'भारत देट इज़ इंडिया' का कोई जवाब नहीं है। मगर हिन्दू राष्ट्रवादी एजेंडा के चलते 'इंडिया' शब्द उन्हें असहज करता है।

वे भारत के इतिहास को नए सिरे से कालखंडों में विभाजित करना चाहते हैं। इतिहास के सबसे पुराने कालखंड, जिसे अंग्रेज़ हिन्दूकाल कहते हैं, को वे 'क्लासिक' (श्रेष्ठ या उत्कृष्ट) काल कहना चाहते हैं। उद्देश्य है इस कालखंड में प्रचलित मूल्यों को हमारे समाज के लिए आदर्श निरुपित करना। ये मूल्य, जो 'मनुस्मृति' में वर्णित हैं, वही हैं जिनके विरुद्ध अम्बेडकर ने विद्रोह का झंडा उठाया था और 'मनुस्मृति' का दहन किया था।

आज यूजीसी और एनसीईआरटी का मार्गदर्शक केवल और केवल हिन्दू राष्ट्रवादी एजेंडा है। भारतीय संविधान के मूल्यों से उन्हें कोई लेनादेना नहीं है।

**( अंग्रेजी से रूपांतरण अमरीश हरदेनिया )**

# कॉप 28 ने भले ही टकराव को टाल दिया, पर संघर्ष के बिंदु अनसुलझे रहे

■ के रवीन्द्रन

इसमें कोई आश्चर्य की बात नहीं है कि कॉप 28 दुबई वैसे ही आगे बढ़ा है जैसी की उम्मीद थी। चूंकि सदस्य देश इस बात से जूझ रहे थे कि जीवाश्म ईंधन के सबसे संवेदनशील मुद्दे को कैसे औपचारिक रूप दिया जाए और उस पर कैसे ध्यान दिया जाए, इसलिए आम सहमति बनाने की कोशिश करने के लिए जलवायु शिखर सम्मेलन को निर्धारित सीमा से आगे बढ़ाना पड़ा। नवीनतम रिपोर्टों के अनुसार कॉप 28 ने अंतिम घोषणा के रूप में एक प्रस्तावित पाठ जारी किया है, जो जलवायु परिवर्तन के खिलाफ वैश्विक लड़ाई के हिस्से के रूप में देशों से जीवाश्म ईंधन से दूर जाने का आह्वान करेगा।

यह कुछ सबसे मुखर राज्यों की सफलता का प्रतीक है जिन्होंने जीवाश्म युग को समाप्त करने के संकल्प को इंगित करने के लिए मजबूत भाषा पर जोर दिया, एक ऐसा लक्ष्य जिसका तेल और कोयला उत्पादक देशों, विशेष रूप से सऊदी अरब और संयुक्त अरब अमीरात द्वारा जोरदार विरोध किया जा रहा था। यह टकराव शिखर सम्मेलन की अध्यक्षता में ही अंतर्निहित था, उस कुर्सी पर आबू धाबी नेशनल ऑयल कंपनी (एडीएनओसी) के सीईओ बैठे थे।

> वैश्विक स्तर पर कोयला पिछले 30 वर्षों से बिजली क्षेत्र पर हावी रहा है, और रिस्टैड एनर्जी के अनुसार 2024 में ईंधन की गिरावट की शुरुआत होगी क्योंकि सौर और पवन उत्पादन की लोकप्रियता बढ़ेगी। नवीकरणीय ऊर्जा से नयी बिजली आपूर्ति से बिजली की मांग में अधिक इजाफा होने की उम्मीद है, जिससे अगले साल से कोयले का विस्थापन शुरू हो जायेगा और आने वाले वर्षों में इसमें बढ़ोतरी होगी।

शिखर सम्मेलन के अध्यक्ष सुल्तान अल जबेर की एक टिप्पणी 'कोई विज्ञान नहीं है' जो यह दर्शाता है कि वैश्विक तापन को 1.5 एष्ट तक सीमित करने के लिए जीवाश्म ईंधन को चरणबद्ध तरीके से बंद करने की आवश्यकता है, जिससे भौंहें तन गईं। वह इस हद तक दावा करने लगे कि जीवाश्म ईंधन को चरणबद्ध तरीके से ख़त्म करना टिकाऊ नहीं होगा। दरअसल, मुख्य शिखर सम्मेलन से इतर एक महिला-उन्मुख कार्यक्रम में उनके और प्रतिनिधियों के बीच बातचीत हुई, जहां उन्होंने कहा कि उंगली उठाने का कोई मतलब नहीं है।

ओपेक सदस्य उत्सर्जन को पकड़ने और संग्रहीत करने की प्रौद्योगिकियों के माध्यम से जीवाश्म ईंधन के बजाय उत्सर्जन को लक्षित करने के विचार को बढ़ावा दे रहे हैं। लेकिन समस्या यह है कि कार्बन कैप्चर करना अत्यधिक महंगा है जिससे ध्यान वित्तीय संसाधनों पर केंद्रित हो जाता है। इसका मतलब होगा घोषणा की भाषा में फेज़ आउट को फेज़ डाउन से बदलना। लेकिन अधिकांश देशों ने चरणबद्ध तरीके से इसे ख़त्म करना पसंद किया।

भारत ने कथित तौर पर कोयले को चरणबद्ध तरीके से समाप्त करने से संबंधित मुद्दों को उठाया, जिसके बारे में उसने कहा कि यह निकट भविष्य में किसी भी समय संभव नहीं होगा। नई दिल्ली चाहती थी कि चरणबद्ध तरीके से अलग-अलग लक्ष्य निर्धारित किये जायें। विकासशील देशों को जलवायु परिवर्तन लक्ष्यों को आगे बढ़ाने के लिए अधिक समय और वित्तीय संसाधनों की आवश्यकता होती है क्योंकि ऐसे लक्ष्यों और विकासशील देशों के लोगों की आकांक्षाओं के बीच संघर्ष होता है, जो कार्बन पदचिह्न में योगदान देता है।

वैश्विक स्तर पर कोयला पिछले 30 वर्षों से बिजली क्षेत्र पर हावी रहा है, और रिस्टैड एनर्जी के अनुसार 2024 में ईंधन की गिरावट की शुरुआत होगी क्योंकि सौर और पवन उत्पादन की लोकप्रियता बढ़ेगी। नवीकरणीय ऊर्जा से नयी बिजली आपूर्ति से बिजली की मांग में अधिक इजाफा होने की उम्मीद है, जिससे अगले साल से कोयले का विस्थापन शुरू हो जायेगा और आने वाले वर्षों में इसमें बढ़ोतरी होगी। परिणामस्वरूप, कोयले से चलने वाली बिजली 2024 में मामूली रूप से गिरकर 10,332 टेरावाट घंटे (टीडब्ल्यूएच) रह जायेगी, जो 2023 से 41 टीडब्ल्यूएच कम है। यह समुद्र में एक सापेक्ष गिरावट है, लेकिन यह आने वाली चीजों का संकेत है क्योंकि नवीकरणीय ऊर्जा अपने विकास पथ को जारी रखे हुए है।

सख्त उत्सर्जन नीतियों और किफायती प्राकृतिक गैस आपूर्ति की प्रचुर उपलब्धता के संयोजन के कारण हाल के वर्षों में यूरोप और उत्तरी अमेरिका में कोयला क्षमता और समग्र उपयोग में निवेश में गिरावट आई है। फिर भी, एशिया, मुख्य रूप से चीन में स्थायी विकास, ने वैश्विक कोयला खपत को बढ़ाये रखा है। ऐसी स्थिति में कम कार्बन वाले बिजली स्रोतों के तेजी से विकास से कोयला धीरे-धीरे विस्थापित हो जायेगा, जिससे एक स्वच्छ, हल्की प्रणाली की शुरुआत होगी, जबकि एशिया में नयी क्षमता में निवेश अगले कुछ वर्षों में जारी रहेगा।

प्रचुर कोयला भंडार और आर्थिक विकास को समर्थन देने के लिए ऊर्जा आपूर्ति को शीघ्रता से बढ़ाने की आवश्यकता के कारण, एशिया दुनिया की तीन-चौथाई से अधिक कोयला बिजली उत्पादन के लिए जिम्मेदार है। क्षेत्र में कोयला उत्पादन क्षमता लगातार बढ़ रही है, लेकिन पर्यावरण संबंधी चिंताओं के बीच नयी परियोजनाओं की गति धीमी हो रही है। चीन, जर्मनी और अमेरिका जैसे दुनिया भर के देश जो कोयले पर अत्यधिक निर्भर हैं, कोयले को आसानी से विस्थापित करने के लिए काफी तेजी से और अनुकूल अर्थव्यवस्था के साथ नवीकरणीय क्षमता विकसित कर रहे हैं।

यूरोप और उत्तरी अमेरिका व्यवस्थित रूप से कोयला उत्पादन को प्राकृतिक गैस और नवीकरणीय ऊर्जा जैसे स्वच्छ स्त्रोतों से बदल रहे हैं, जिससे 1990 के बाद से कोयला बिजली क्षमता 200 गीगावॉट से अधिक कम हो गई है। यूरोप की गिरावट मुख्य रूप से सख्त उत्सर्जन नीतियों से प्रेरित है, जबकि उत्तरी अमेरिका ने मुख्य रूप से कोयला उत्पादन को गैस से बदल दिया है। प्रचुर क्षेत्रीय उत्पादन के कारण बिजली की कीमतें कम हो गई हैं।

एशिया ने पिछले पांच वर्षों में प्रत्येक में 40 गीगावॉट से अधिक नयी कोयला क्षमता जोड़ी है और अगले वर्ष 52 गीगावॉट जुड़ने की उम्मीद है। दूसरे शब्दों में, एशिया 2024 में अर्जेंटीना की कुल स्थापित क्षमता से अधिक कोयला क्षमता जोड़ेगा। इस नयी क्षमता का अधिकांश हिस्सा चीन में है, इसके बाद भारत और इंडोनेशिया का स्थान है। यह वृद्धि 2027 तक जारी रहने की उम्मीद है, हालांकि धीमी गति से, जिसके बाद कोयला बिजली संयंत्रों में गिरावट शुरू हो जायेगी।

## पावन प्रसंग

# अनमोल हैं पुस्तकें

पुस्तकें मनुष्य की सच्ची मित्र हैं, हितैषी हैं, जिनको पढ़ने से अल्पकाल में ही हमारा पीढ़ियों के ज्ञानभंडार से परिचय हो जाता है। यदि इस पर चिंतन-मनन करते हुए उनके सार को हृदयंगम किया जाए तो व्यक्ति के जीवन को बदलते देर नहीं लगती। अच्छी पुस्तकें जीवन को हर स्तर पर प्रकाशित व समृद्ध करती है और जीवन को उत्कर्ष आनंद एवं पूर्णता की राह पर आगे बढ़ाती हैं। स्वयं के द्वारा ज्ञान के अर्जन की एक सीमा है। पुस्तकें इस सीमा का विस्तार करती हैं। जब हम पुस्तकों को पढ़ते हैं तो देश ही नहीं, बल्कि विश्व के श्रेष्ठ विचारकों, महापुरुषों एवं ज्ञानी जनों के जीवन का निचोड़ हमारी पहुंच में होता है। पीढ़ियों का ज्ञान हमें सहज रूप में उपलब्ध होता है। आवश्यकता इस ज्ञान के लिए अपने भीतर एक सच्ची अभीप्सा एवं तीव्र पिपासा जगाने की है तथा इसको ग्रहण एवं धारण करने की है। पुस्तकों का अध्ययन हमें कई स्तर पर समृद्ध करता है। इनको पढ़ने से हमारी बुद्धि के दरवाजे खुलते हैं व सोचने का दायरा भी विस्तृत होता है। साथ ही अपने समाज, संस्कृति, इतिहास, भूगोल आदि के साथ दूसरी सभ्यताओं एवं संस्कृतियों के प्रति समझ विकसित होती है। पूरे विश्व, प्रकृति एवं सृष्टि के प्रति संवेदनशीलता का विकास होता है और सही मायने में हम अपने देश, समाज व राष्ट्र के एक अच्छे नागरिक बनते हैं तथा समूचे विश्व को समझने की कुवत हममें पैदा होती है। बिना पुस्तकों को पढ़े हम कुएं के मेंढक की तरह अविकसित ही रह जाते हैं और अपने पूर्वाग्रहों, दुराग्रहों से ग्रस्त एक पिछड़ा एवं संकीर्ण जीवन जी रहे होते हैं।

पुस्तकें हमें सीमित दायरे से बाहर निकालती हैं। निस्संदेह इसके लिए देश एवं विश्व भर के श्रेष्ठ साहित्य से परिचय एवं इनका चयन आवश्यक हो जाता है जो कि आज वैश्वीकरण के दौर में कठिन नहीं है। समाज एवं समूह में सार्थक चर्चा इसी आधार पर संभव होती है और हमारी लोक- व्यवहार की क्षमता में वृद्धि होती है। ज्ञानीजनों की मंडली में हम कुछ सार्थक संवाद करने व योगदान दे पाने की स्थिति में होते हैं। इसके साथ हम समाज के सहज सम्मान के अधिकारी बनते हैं और इन सबके साथ पुस्तकें हमारे आत्मविश्वास को भी बढ़ाती हैं। कठिन समय में अच्छी पुस्तकें हमें सच्चे मित्र की तरह सांत्वना देती हैं, ढाढस बंधाती हैं, आगे बढ़ने के लिए प्रेरित व प्रोत्साहित करती है।

व्यक्ति की रुचि व अनुभवों से जुड़ी पुस्तकें जीवन के किसी कठिन पड़ाव पर सटीक समाधान व सही दिशासूचक के रूप में प्राय: निर्णायक भूमिका निभाती देखी जाती हैं। निस्संदेह ये हमारे तनाव को कम करती हैं, अवसाद से उबारती हैं और मानसिक स्वास्थ्य को सुदृढ़ करती हैं। अच्छी पुस्तकें चिकित्सक की भूमिका में हमारा उपचार करती हैं। शारीरिक, मानसिक ही नहीं, बल्कि हमारा आत्मिक स्वास्थ्य भी श्रेष्ठ पुस्तकों के माध्यम से पुष्ट होता है।

जब हम मानवीय चेतना का मर्म उद्घाटित करने वाले साहित्य का परायण करते हैं तो हम गहनतम स्तर पर स्वयं की संभावनाओं के साथ इसकी व्याधियों से परिचित होते हैं व इनके निदान का प्रयास करते हैं। इसके साथ हमारे समग्र विकास का मार्ग भी प्रशस्त होता है। अध्ययन से हमारी स्मरणशक्ति बढ़ती है। विश्लेष्णात्मक-विवेचनात्मक सोचने की क्षमता सशक्त होती है। पढ़ने की आदत से व्यक्ति की क्षमता सशक्त होती है। पढ़ने की आदत से व्यक्ति की एकाग्रता और लक्ष्य केंद्रित होने की क्षमता मं वृद्धि होती है। निश्चित रूप से इससे व्यक्ति का मानसिक एवं बौद्धिक ह्रास रुकता है और मानसिक क्षमताएं मजबूत होती हैं।

शोध के आधार पर भी स्पष्ट हुआ है कि पुस्तकों के अध्ययन से मन-मस्तिष्क युवा, स्वस्थ व निरोग रहता है। यहां तक कि भूलने से जुड़े अल्जाइमर जैसे रोग को दूर रखने में यह सहायक सिद्ध होता है। अध्ययन के साथ हमारा शब्द भंडार भी समृद्ध होता है, जो हमारे लेखकीष कौशल में सहायक रहता है। लिखने के लिए दिए गए विचारों की आवश्यकता होती है, नए शब्दों की आवश्यकता पड़ती है। पुस्तकों का अध्ययन यह सब उपलब्ध करा देता है।

**युग निर्माण योजना**

## आपके पत्र

# योजनाओं से बदल रही है महिलाओं की जिंदगी

देश भर में महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए केंद्र से लेकर सभी राज्य सरकार अपने- अपने स्तर पर विभिन्न योजनाएं संचालित कर रही है। महिला आरक्षण से संबंधित विधेयक का सर्वसम्मति से संसद से पारित होना इस बात का सबूत है कि इस मुद्दे पर देश की सभी राजनीतिक दल पार्टी लाइन से ऊपर उठ कर एकमत हैं। महिला सशक्तिकरण की दिशा में बिहार का काम सभी राज्यों के लिए एक नजीर बन रहा है। पिछले दो दशकों में बिहार की आधी आबादी की जिंदगी में जो असाधारण बदलाव आए हैं, वे काबिले-तारीफ है। बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने से लेकर त्रिस्तरीय पंचायतीराज संस्थाओं एवं नौकरियों में महिलाओं को 33 फीसदी से लेकर 50 फीसदी तक आरक्षण देकर आधी आबादी को राष्ट्र-निर्माण में भागीदार बनाने की नीतीश सरकार की पहल उल्लेखनीय है. सरकार के इस पहल का नतीजा है कि आज घर की दहलीज में कैद रहने वाली किशोरियां और महिलाएं आज घर से बाहर निकल कर विभिन्न सरकारी कार्यालयों, गैर सरकारी संगठनों, पंचायती राज संस्थाओं में बखूबी कामकाज संभाल रही हैं। स्कूलों से लेकर कॉलेजों में लड़कियों की अच्छी-खासी संख्या यह दर्शाती है कि राज्य में महिला साक्षरता की दर बढ़ रही है और यह सब नि:संदेह सरकारी पहल एवं कई योजनाओं के संचालन से ही संभव हुआ है।

मुख्यमंत्री साइकिल एवं पोशाक योजना की जब शुरुआत हुई थी, तब बिहार सरकार की इस पहल की देश-विदेश की मीडिया में खूब चर्चा हुई थी. इस पर कई संस्थानों द्वारा शोध कार्य भी किये गए. कल तक जिस सरकारी स्कूल का कैंपस छात्र-छात्राओं से वीरान रहता था, वह अचानक से गुलजार रहने लगा है। जिन ग्रामीण क्षेत्रों और समुदायों में बालिका शिक्षा के प्रति कोई रुचि नहीं थी, वही क्षेत्र और समुदाय आज उत्साह के साथ अपनी लड़कियों को स्कूल से लेकर कॉलेज तक भेज रहा है। तमाम तरह के नारों और वायदों के बाद भी आर्थिक और सामाजिक रूप से पिछड़े जिन समुदायों में बालिका शिक्षा का ग्राफ नीचे की ओर जा रहा था, आज वहां परिस्थिति बिल्कुल बदल चुकी है। नये-नये पोशाक एवं नयी साइकिल पर सवार होकर दर्जनों लड़कियां जब एक साथ गांव की पगडंडियों व टूटी-फूटी कच्ची सड़कों से स्कूल के लिए निकलती हैं, तो नजारा देखने लायक होता है। इस योजना ने सुदूर ग्रामीण इलाके में रहने वाली किशोरियों के सपने को जैसे पंख लगा दिए हैं। नयी-नयी साइकिल स्कूल-ट्यूशन जाने का माध्यम तो बनी ही, यह घर के कामकाज जैसे- मवेशियों का चारा काट कर लाना, गेहूं-मक्के की बोरी को मिल तक पहुंचाने में भी मददगार साबित हुई है।

मुख्यमंत्री कन्या साइकिल योजना के लागू होने के बाद पहली बार इसका लाभ उठाने वाली अनेकों छात्राएं पढ़-लिख कर सशक्त हो चुकी हैं। उनमें से कुछ आज बिहार पुलिस में नौकरी भी कर रही हैं, तो कई सरकारी स्कूलों की शिक्षिकाएं बन गई हैं। आधी आबादी की जिंदगी में यह बदलाव न केवल महिला सशक्तिकरण की बेहतरीन मिसाल है बल्कि यह अन्य राज्यों के लिए भी नज़ीर बन चुका है। बेटी को सशक्त देख कर आज ग्रामीण क्षेत्रों के मां-बाप में भी आत्मविश्वास जगा है। उन्हें पहली बार एहसास हुआ है कि बेटी बोझ नहीं सच में लक्ष्मी होती हैं। आज घर घर में बेटियां लाडली बन चुकी है। इन योजनाओं ने माता-पिता के उस सोच को भी बदल दिया है जहां वह लड़की की शिक्षा पर पैसा खर्च करने से अधिक उसके दहेज़ का इंतज़ाम करने के फिक्रमंद होते थे।

**रिंकू कुमारी, मुजफ्फरपुर बिहार**

उल्टा पुल्टा

संता (बंता से)– यार कल ट्रेन में मैं सारी रात सो नहीं पाया।
बंता (संता से)– क्यों?
संता (बंता से)– अरे वो ऊपर की बर्थ जो मिली थी।
बंता (संता से)– तुमने बदली क्यों नहीं?
संता (बंता से)– अरे नीचे की बर्थ में कोई था ही नहीं बदली करने को।

# अग्निवीर थल सेना रैली भर्ती में शामिल होने युवा हुए रवाना

## कलेक्टर ने बस को दिखाई हरी झंडी, दी शुभकामनाएं






**बिलासपुर,** 14 दिसम्बर (देशबन्धु)।अग्निवीर थल सेना भर्ती रैली के तहत जांजगीर चांपा जिले में 15 एवं 20 दिसम्बर को शारीरिक दक्षता एवं अन्य भर्ती प्रक्रियाओं का आयोजन किया जा रहा है। आज दो बसों में जिले के 54 युवा सवार होकर जिला रोजगार कार्यालय कोनी से जांजगीर के लिए रवाना हुए। कलेक्टर अवनीश शरण ने बस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। कलेक्टर ने युवाओं से बातचीत कर उनका उत्साह बढ़ाया और परीक्षा के लिए अपनी शुभकामनाएं दी। इस अवसर उप संचालक, रोजगार अमर पहारे सहित अन्य लोग मौजूद थे।

कलेक्टर अवनीश शरण के निर्देश पर जांजगीर चांपा जिले के खोखराभांठा में होने वाली शारीरिक दक्षता परीक्षा में शामिल होने के लिए युवाओं के लिए जिला प्रशासन द्वारा नि:शुल्क बस की सुविधा मुहैया करायी जा रही है। जिला प्रशासन द्वारा उपलब्ध कराई गई नि:शुल्क बस सुविधा की युवाओं ने सराहना की। बिल्हा ब्लॉक के ग्राम परसदा निवासी श्री रामप्रसाद साहू ने कहा कि जिला प्रशासन द्वारा नि:शुल्क बस सुविधा मुहैया कराने से हमें राहत मिली है।

अब हम निर्धारित समय पर शारीरिक दक्षता परीक्षा में शामिल हो पाएंगे। इसी प्रकार तखतपुर ब्लॉक के ग्राम निगारबंद निवासी प्रेम कश्यप ने नि:शुल्क बस सुविधा उपलब्ध कराने के लिए जिला प्रशासन का आभार व्यक्त किया।गौरतलब है कि 15 दिसम्बर को 815 युवाओं के लिए शारीरिक दक्षता परीक्षा का आयोजन किया जा रहा है जिसमें जिले के 405 युवाओं का चयन किया गया है।

इसी प्रकार 20 दिसम्बर को 703 प्रतिभागियों के लिए परीक्षा होगी जिसमें जिले के 69 युवा शामिल होंगे। युवाओं के ठहरने के लिए प्रशासन द्वारा व्यवस्था भी की गई है। उप संचालक श्री पहारे ने बताया कि 20 दिसम्बर की परीक्षा में शामिल होने वाले युवाओं के लिए 19 दिसम्बर को दोपहर 12 बजे जिला रोजगार कार्यालय कोनी से बस रवाना होगी।

## संपादकीय

### यात्रियों की फिक्र करें बस चालक

*किसी भी व्यवसायिक वाहन के यात्रियों की सुरक्षा की जिम्मेदारी संचालकों या ड्राइवरों-कंडक्टरों की होती है। उनसे उम्मीद रहती है कि किसी भी तरह की दुर्घटना होने या कोई संकट आने पर वे यात्रियों की सुरक्षा और मदद करेंगे। सामान्य तौर पर ऐसा होता भी है लेकिन कई बार यह भी देखा जाता है कि कोई समस्या होने पर ड्राइवर या कंडक्टर यात्रियों को उनके हाल पर छोड़ देते हैं। खासकर, वाहनों में आने वाली खराबी के समय देखा जाता है कि वे दूसरे वाहन का इंतज़ाम नहीं करते और अधिक विरोध करने पर पैसे लौटाते हुए अपना इंतज़ाम खुदकर लेने की धमकी देते हैं। किसी भी कठिन परिस्थिति में अक्सर यात्री असहाय हो जाते हैं इसलिये वे मन मसोसकर चुप रह जाते हैं। यात्रा पूरी होने पर वे ऐसे ड्राइवरों-कंडक्टरों की शिकायत भी नहीं कर पाते क्योंकि वे जानते हैं कि अगर की भी जाए तो उसका कोई फायदा नहीं होगा।*

*जहां तक छोटी-मोटी लापरवाही या यात्रियों की उपेक्षा की बात हो तो वह नज़रंदाज़ की जा सकती है परन्तु मंगलवार को जो हुआ उसने ऐसी लापरवाही की सारी हदें पार कर दीं। रायपुर से जगदलपुर जा रही एक बस में सुबह करीब 3.3 बजे आग लग गयी। यात्रियों को बचाने या उन्हें मदद करने की बजाय ड्राइवर और कंडक्टर खुद की जान बचाकर फरार हो गये। यात्रियों ने किसी तरह से खिड़कियों से बाहर निकलकर अपने प्राण बचाए। तीन यात्रियों की मामूली चोटें आईं। आग इतनी भीषण थी कि पूरी बस स्वाहा हो गई। यहां तक कि यात्रियों का सारा सामान भी जल गया। यात्रियों ने बताया कि चालक नशे में धुत्त था और बस को इतनी रफ्तार से चला रहा था कि उसे यात्री बार-बार धीरे चलने के लिये कह रहे थे। यहां तक कि घाट में भी उसने गति कम नहीं की और वह अन्य वाहनों को ओवरटेक करता रहा। बस जब केशकाल डिपो के पास पहुंची तो उसमें आग लग गई। तब कहीं जाकर ड्राइवर को मामले की गम्भीरता का एहसास हुआ। तो भी वह यात्रियों की फिक्र किये बगैर कंडक्टर के साथ भाग गया। घटना की जानकारी मिलने पर पुलिस अधिकारी पहुंचे और उन्होंने घायलों को अस्पताल ले जाकर इलाज कराया।*

*यह बहुत गम्भीर बात है। शराब के नशे में वाहन चलाना, वह भी अनियंत्रित गति से, निश्चित ही यात्रियों की जान के साथ खिलवाड़ करना है। खुद की जान से खेलना तो है ही। परिवहन विभाग के अधिकारियों को चाहिये कि इस मामले का संज्ञान लेकर सम्बन्धित ड्राइवर एवं कंडक्टर के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करें। इसके साथ ही शराब पीकर गाड़ी चलाने वालों के खिलाफ अभियान चलाना चाहिये। चालकों-परिचालकों को संतुलित व नियंत्रित तरीके से वाहन चालन का नियमित प्रशिक्षण देते रहना चाहिये।*

## सार-संक्षेप

### भारतीय स्टेट बैंक ने किया सोसाइटी कांनेक्ट का आयोजन



**बिलासपुर,**14 दिसंबर (देशबन्धु)।भारतीय स्टेट बैंक, होम लोन शाखा (एचएलएसटी), व्यापार विहार, बिलासपुर (छ.ग.) द्वारा समय समय पर सोसाइटी कांनेक्ट का कार्यक्रम आयोजित किया जाता है। इसी तारतम्य में गत रविवार को रामा लाइफ सिटी, सकरी बिलासपुर में सोसाइटी – कांनेक्ट का कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें स्टेट बैंक के अधिकारी एवं कर्मचारियों द्वारा होम लोन की प्रक्रिया, महत्व एवं प्रकार के विषय में विस्तार से जानकारी प्रदान की गई। उन्होंने की ।स्ब्ज्ञ द्वारा होम लोन की सरलीकृत प्रक्रिया द्वारा त्वरित स्वीकृति प्रदान की जाती है । स्टेट बैंक ग्राहकों की सेवा में तत्पर है। होम लोन के आलावा ऑनलाइन फ्रॉड से बचाव, निराकरण, सैलरी पैकेज इत्यादि बैंकिंग से सम्बंधित आवश्यक भी प्रदान की गई । कार्यक्रम सफलता पूर्वक संपन्न हुवा। अंत में उनके द्वारा उपस्थित कालोनीवासियों का सहयोग एवं समय प्रदान करने हेतु आभार प्रकट किया गया।

### मुख्यमंत्री के शपथ समारोह कार्यक्रम में शामिल हुए निषाद पार्टी के पदाधिकारी




**बिलासपुर,**14 दिसंबर (देशबन्धु) ।छत्तीसगढ़ के नवनिर्वाचित मुख्यमंत्री और उप मुख्यमंत्री के शपथ समारोह में निषाद पार्टी के प्रमुख पदाधिकारी उपस्थित रहे जिसमें, निषाद पार्टी के प्रदेश प्रभारी व राष्ट्रीय सचिव संजय सिंह राजपूत, प्रदेश अध्यक्ष सूरज निषाद ,प्रदेश उपाध्यक्ष हजारी प्रसाद, प्रदेश उपाध्यक्ष रामचंद्र पांडे, आईटी अध्यक्ष कुंज राम निषाद ,द ग्रेट युवा वाहिनी प्रदेश अध्यक्ष इंनल निषाद , उपाध्यक्ष द ग्रेट युवा वाहिनी प्रवेश निषाद ,जांजगीर जिला अध्यक्ष तिरुपति नाथ ,बिलासपुर जिला अध्यक्ष राजकुमार निषाद, जिला महान मंत्री भागीरथी निषाद, बिल्हा विधानसभा अध्यक्ष रोहित निषाद युगपाल निषाद जांजगीर चंपा उपाध्यक्षराजेश अग्रवाल और सैकड़ो कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### नर्मदा एक्सप्रेस का परिचालन उज्जैन-बिलासपुर के मध्य




**बिलासपुर** ,14 दिसम्बर (देशबन्धु)। पश्चिम रेलवे रतलाम मंडल के बरलई–मांगलिया गाँव–लक्ष्मीबाई नगर सेक्शन में दोहरीलाइन कनेक्टिविटी का कार्य किया जाएगा 7 इसके फलस्वरूप दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे से चलने वाली गाड़ी संख्या 18234/18233 बिलासपुर–इंदौर–बिलासपुर नर्मदा एक्सप्रेस का परिचालन प्रभावित रहेगा 7 आज से 29 दिसम्बर 2023 तक बिलासपुर से चलने वाली 18234 बिलासपुर–इंदौर नर्मदा एक्सप्रेस उज्जैन स्टेशन में समाप्त होगी तथा उज्जैन–इंदौर के मध्य रद्द रहेगी 7 इसी प्रकार दिनांक 15 दिसम्बर 2023 से 30 दिसम्बर 2023 तक इंदौर से चलने वाली 18233 इंदौर–बिलासपुर नर्मदा एक्सप्रेस उज्जैन स्टेशन से बिलासपुर के लिए रवाना होगी तथा इंदौर–उज्जैन के मध्य रद्द रहेगी ।

# संजय गांधी दूरदर्शी नेता थे-विजय

## कांग्रेस भवन में संजय गांधी की जयंती मनाई गई





**बिलासपुर,**14 दिसंबर (देशबन्धु)। ज़िला काँग्रेस कमेटी ( शहर/ग्रामीण ) द्वारा 14 दिसम्बर को काँग्रेस भवन में पूर्व सांसद ,स्व संजय गांधी जी की जयंती मनाई गई, और उनकी छायाचित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें याद किया गया ।

इस अवसर पर शहर अध्यक्ष विजय पांडेय ने कहा कि संजय गांधी दूरदर्शी नेता थे ,जिन्होंने कम राजनीतिक जीवन मे देश के भविष्य की समस्याओं और आवश्यकताओं को रेखांकित किये । संजय गांधी जी ने पांच सूत्री के माध्यम से देश मे व्याप्त सामाजिक कुरुति दहेज उन्मूलन ,सामाजिक कु प्रथा को खत्म करने का प्रयास किया,पर्यावरण संरक्षण,नसबन्दी, और शिक्षा पर जोर दिए, आज हर हाथ मे कार है उसका श्रेय संजय गांधी जी को जाता है उन्होंने मारुति कम्पनी के साथ समझौता कर छोटी और सस्ती कर बनाने के लिए काम किये किंतु तत्कालीन विपक्ष सत्ता की लोलुपता के कारण बड़ा आंदोलन खड़ा कर लोकहित कारी कार्यक्रमो का विरोध कर देश का बड़ा नुकसान किया । ज़फ़र अली, हरीश तिवारी,एसएल रात्रे ने कहा कि संजय गांधी जी पूर्व प्रधानमंत्री श्रीमती इंदिरा गांधी जी के द्वितीय पुत्र थे ,युवा कांग्रेस के अध्यक्षके रूप युवाओ को काँग्रेस से जोड़ा,अमेठी से सांसद निर्वाचित हुए ,संजय गांधी जी एक प्रयोगधर्मी व्यक्ति थे जो विज्ञान और तकनीक के माध्यम से देश का विकास करना चाहते थे ,पर 23 जूंन 1980 को एक विमान दुर्घटना में एक होनहार राजनेता असमय कालकल्वित हो गए ।अनिल पांडेय,विनोद साहू, हेमन्त दिघारस्कार, माधव ओतलवार,सावित्री सोनी ने भी अपना विचार व्यक्त किये ।कार्यक्रम में शहर अध्यक्ष विजय पांडेय,ज़फ़र अली,हरीश तिवारी,एसएल रात्रे, विनोद शर्मा, त्रिभुवन कश्यप, माधव ओतलवार,विनोद साहू,राजेश शर्मा,हेमन्त दिघरस्कार,मनोज सिंह,दिनेश सूर्यवंशी,मनोज शर्मा,सुदेश नन्दिनी,मनोज शुक्ला,वीरेंद्र सारथी,अनिल पांडेय,राज कुमार यादव,गौरव एरी,सावित्री सोनी,करम गोरख,हेरि डेनिएल,चंद्रहास केशरवानी,विनय अग्रवाल, सुभाष ठाकुर आदि उपस्थित थे।

# ग्राम पंचायतों में 19 को ग्राम सभा

## कलेक्टर ने जारी किए निर्देश




**बिलासपुर,** 14 दिसम्बर (देशबन्धु)। भारत सरकार के पंचायती राज मंत्रालय द्वारा पूर्व वर्षो की भांति इस वर्ष भी वित्तीय वर्ष 2024–25 के लिये जिला पंचायत, जनपद पंचायत एवं ग्राम पंचायत विकास योजना निर्माण हेतु जन योजना अभियान 2023–24 का आयोजन किया जा रहा है। 2 अक्टूबर 2023 से 31 मार्च 2024 तक अभियान के दौरान जिला पंचायत, जनपद पंचायतों, ग्राम पंचायत में क्रमश: सामान्य सभा व ग्राम सभा का आयोजन कर वित्तीय वर्ष 2024–25 के लिये कार्य योजना का निर्माण किया जाना है। आदर्श आचार सहिता के कारण निर्धारित समय सीमा में ग्राम सभा का आयोजन नही किया जा सका है जिस कारणवश ग्राम पंचायत विकास योजना निर्माण हेतु ग्राम सभा का आयोजन 19 दिसंबर 2023 को समस्त ग्राम पंचायतो में किया जाएगा। कलेक्टर श्री अवनीश शरण ने सभी ब्लॉक के सीईओ को इस संबंध में दिशा–निर्देश देते हुए पत्र जारी किया है ।जारी निर्देशों के अनुसार ग्राम सभा में जीपीडीपी निर्माण हेतु एलएसडीजी कि 09 थीमों में से कम से कम 01 थीम पर संकल्प लेकर वाईब्रेंट ग्राम सभा पोर्टल में उसकी एण्ट्री करना अनिवार्य है। चयनित संकल्प को पूर्ण करने हेतु संबंधित गतिविधियों की प्राथमिकता निर्धारित किया जाये। ग्राम सभा की बैठक में लाईन विभाग से संबंधित अधिकारी/कर्मचारी द्वारा अपने–अपने विभाग की योजनाओं की जानकारी प्रस्तुत किया जाये। प्रारूप जीपीडीपी में समस्त विभाग की योजनाओं के साथ–साथ लो कोस्ट–नो कोस्ट गतिविधियों को भी सम्मिलित किया जाये शामिल है। उक्त ग्राम सभा की बैठक में अतिरिक्त एजेण्डा के रूप में स्वच्छ भारत मिशन के निम्न बिन्दुओ पर भी चर्चा किया जाएगा। जिनमें ग्राम पंचायत के अंतर्गत आने वाले ग्रामों में शौचालय विहीन परिवार का चिन्हांकन एवं उनकी सूची का अनुमोदन उपरान्त जनपद पंचायत/जिला पंचायत को प्रेषित किया जाएगा। ओ.डी.एफ प्लस के मापदण्डों को पूरा करने वाले ग्रामो को ओ.डी.एफ प्लस घोषित करने की घोषणा की जाएगी। गोबरधन योजनान्तर्गत स्थापित बायोगैस संयंत्रो के समुचित उपयोग एवं संधारण हेतु जिम्मेदारी का निर्धारण किया जाएगा। ग्राम सभा में लिये गये निर्णयों की अधिकतम 15 मिनट की वीडियो रिकार्डिंग की जाएगी तथा वीडियो को ग्राम सभा निर्णय् मोबाईल एप्प में अपलोड किया जाएगा। ग्राम सभा संकल्प एवं गतिविधियों को वाइब्रेंट ग्राम सभा पोर्टल एवं जीपीडीपी पोर्टल में शत प्रतिशत अपलोड किये जाने के निर्देश दिये गये है।

# नेशनल लोक अदालत का आयोजन 16 को

**बिलासपुर,** 14 दिसम्बर (देशबन्धु)। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली तथा छ.ग. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर के निर्देश एवं मार्गदर्शन में 16 दिसम्बर को नेशनल लोक अदालत आयोजित की जानी है।

उक्त लोक अदालत जिला न्यायालय बिलासपुर एवं अधिनस्थ समस्त तालुका न्यायालयों के साथ–साथ राजस्व न्यायालय, ट्रिब्यूनल एवं पेंशन लोक अदालत में आयोजित की जावेगी। उक्त नेशनल लोक अदालत में मामलों के निराकरण के लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर द्वारा जिला बिलासपुर एवं गौरेला पेण्ड्रा मरवाही में न्यायिक अधिकारियों की कुल 36 खण्डपीठ तथा राजस्व न्यायालयों की कुल 46 खण्डपीठ एवं पेंशन लोक अदालत की 01 खण्डपीठ सहित कुल 83 खण्डपीठों का गठन किया गया है। सामुदायिक भवन, वार्ड क्र. 07 (पंचशील मोहल्ला) एवं वार्ड क्र. 09, परसदा, तिफरा, बिलासपुर में मोहल्ला लोक अदालत का आयोजन

छ.ग. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर के निर्देशन तथा जिला न्यायाधीश रमाशंकर प्रसाद के मार्गदर्शन में न्यायालय स्थायी लोक अदालत (जनोपयागी सेवाएं) बिलासपुर के पीठासीन अधिकारी मोहम्मद रिजवान खान द्वारा सामुदायिक भवन, वार्ड क्र. 07 (पंचशील मोहल्ला) एवं वार्ड क्र. 09, परसदा, तिफरा, बिलासपुर में मोहल्ला लोक अदालत का आयोजन किया जावेगा। उक्त मोहल्ला लोक अदालत में आम–जनों से संबंधित जनोपयोगी सेवाएं जैसे नगर निगम के जलकर, सम्पतिकर, सार्वजनिक विद्युत आपूर्ति, साफ–सफाई, पेयजल से संबंधित प्रकरणों का नागरिकों तथा संबंधित विभाग के अधिकारियों की मौजूदगी में मौके पर निराकरण किया जावेगा।

# रेलवे स्कूलों में हो रहा है विद्यार्थियों का शिक्षा के साथ ही विभिन्न गतिविधियों में सर्वांगीण विकास

**बिलासपुर,**14 दिसंबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ में रेलवे के 02 हायर सेकेंडरी स्कूल बिलासपुर में हैं । साथ ही एक हाई स्कूल शहडोल में है । तीनों स्कूल में छात्रों की कुल संख्या 3548 है । उच्च स्तरीय शिक्षा के साथ ही विद्यार्थियों का हर गतिविधियों में सर्वांगीण विकास का परिणाम है कि रेलवे स्कूल के किसी भी कक्षा में वेकेन्सी नहीं है जिससे पता चलता है की रेलवे स्कूल की डिमांड कितनी है । रेलवे स्कूल के सभी कक्षाओं में प्रवेश हेतु वेटिंग लिस्ट है जो की आज तक क्लियर नहीं हो पाया है।



बिलासपुर में अभिभावक पहले रेलवे स्कूल में प्रवेश हेतु प्रयास करते है । प्रवेश नही मिलने पर दूसरे स्कूल की ओर रुख करते हैं । रेलवे स्कूल में सारी सुविधा है जैसे क्लासरूम ,वाशरूम, पीने का पानी, सीसीटीवी, खेलकूद की सामग्री , कम्प्युटर , एयरकंडीशन प्रयोगशाला, एयरकंडीशन लाइब्रेरी स्मार्ट क्लास, प्रोजेक्टर आदि उपलब्ध है । रेलवे हाइयर सेकेंडरी स्कूल क्र–01 आईएसओ द्वारा प्रमाणित है एवम आई जी बी सी के द्वारा गोल्ड सर्टिफिकेट प्रदान किया गया है। रेलवे स्कूल नंबर 01 को फिट इंडिया भारत सरकार के द्वारा सर्टिफिकेट प्राप्त है साथ ही साथ सीबीएसई के द्वारा हेल्थ एंड हाइजीन ने ब्लू रेटिंग प्राप्त है। बिलासपुर का इकलौता 5 स्टार रेटिंग का स्कूल है। स्कूल सीबीएसई द्वारा प्रस्तावित परीक्षा की ग्रेडिंग प्रणाली का पालन करता है। यह स्कूल अपने उत्कृष्ट बोर्ड परिणामों के लिए जाना जाता है । वर्तमान में रेलवे स्कूल के कक्षा दसवीं के छात्र धनंजय नायक छत्तीसगढ़ क्रिकेट अंडर 16 का उप कप्तान है । रेलवे स्कूल में कभी भी शिक्षक का कोई पद खाली नहीं रहा है, रेलवे स्कूल में जीतने भी पद खाली रहते है उसे प्रतिवर्ष कांट्रैक्ट शिक्षक से भर दिया जाता है । बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए स्कूल में ड्राइंग, संगीत, डांस, योगा, म्यूजिक आदि के भी शिक्षक हैं । बोर्ड क्लास दसवी व बारवीं के सीबीएसई के रिज़ल्ट में बिलासपुर के टॉप दस बच्चों में रेलवे स्कूल के बच्चे प्रतिवर्ष रहते हैं । रेलवे स्कूल में पढ़ाई के साथ ही विभिन्न गतिविधियां साल भर अजोजित होती है इसका परिणामस्वरूप रेलवे स्कूल के बच्चे छतीसगढ़ के फूटबाल व क्रिकेट टीम में भी शामिल हैं । सीबीएसई के द्वारा आयोजित खेलकूद एवं साइन्स एग्जिबिशन में रेलवे स्कूल के बच्चों का चयन राष्ट्रीय स्तर पर हुआ है । स्कूल विभिन्न सामाजिक और धर्मार्थ संगठनों जैसे इंटरैक्ट इको क्लब, एनएसएस, रेड क्रॉस सोसाइटी, हेल्पेज, इंडिया, कैंसर एड सोसाइटी, एनसीसी, स्काउट एंड गाइड आदि का एक सक्रिय सदस्य है। स्कूल खेल, स्काउटिंग, पेंटिंग, संगीत जैसे विभिन्न क्षेत्रों में ख्याति प्राप्त करता है । क्षेत्रीय, राज्य, राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर रेलवे स्कूल को कई पुरस्कार मिल चुका है। रेलवे स्कूल के विद्यार्थियों को राष्ट्रीय स्तर पर इंटरनेशनल प्ले नृत्य में प्रथम पुरस्कार, राष्ट्रीय संगीत में प्रथम पुरस्कार, सिल्वर जोन ओलंपियाड में विभिन्न विषयों में 55 स्वर्ण पदक, 40 रजत पदक एवं 32 कांस्य पदक सहित कुल 127 पदक के साथ ही विभिन्न गतिविधियों में प्रमाणपत्र, पदक और ट्रॉफी प्राप्त हुये हैं 7 इसके साथ ही राज्य स्तर पर बालक फुटबॉल टीम ने राज्य स्तरीय फुटबॉल टूर्नामेंट में क्वालिफाई किया, सीबीएसई बॉक्सिंग (जोनल) में दो छात्रों को स्वर्ण पदक और एक को रजत पदक मिला, राष्ट्रीय स्तर के लिए चयन, सीबीएसई क्लस्टर में ताइक्वांडो में रजत पदक जीता और राष्ट्रीय स्तर के लिए चयन हुआ।

इसी प्रकार जिला स्तर पर भी विभिन्न गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन के साथ विभिन्न प्रतियोगिताएं में पुरस्कार प्राप्त हुआ है 7 रेलवे स्कूल के प्राचार्य के साथ ही शिक्षक एवं शिक्षिकाओं को क्षेत्रीय, राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर अनेक पुरस्कार प्राप्त हुआ है ।उपरोक्त प्राप्त उपलब्धियों से रेलवे स्कूलों को शिक्षा के साथ ही विभिन्न गतिविधियों का मंदिर कहना अतिशयोक्ति नहीं होगी।

## तीन थाना प्रभारी समेत 46 पुलिस कर्मियों के बदले गए प्रभार

**बिलासपुर,**14 दिसंबर (देशबन्धु)। एसपी संतोष कुमार सिंह ने बुधवार को पुलिसकर्मियों के तबादला आदेश जारी किया है। इसमें तीन थाना प्रभारी समेत पांच निरीक्षक, दो एसआइ समेत 46 पुलिस कर्मी प्रभावित हुए हैं। एएसपी ग्रामीण अर्चना झा ने बताया कि एसपी संतोष कुमार सिंह ने बुधवार को पांच निरीक्षकों के प्रभार बदले हैं। इसमें पचपेड़ी थाना प्रभारी विवेक पांडेय को यातायात थाना भेजा गया है ।उनकी जगह पर मोपका पुलिस सहायता केंद्र में पदस्थ ओम प्रकाश कुर्रे को पचपेड़ी थाने का प्रभार सौंपा गया है। एसपी कार्यालय में पदस्थ निरीक्षक गोपालकृष्ण सतपथी को कोनी थाने का प्रभार सौंपा गया है। उनकी जगह पर कोनी थाने की कमान संभाल रहे पौरुष पुर्रे को जिला शाखा में पदस्थ किया गया है।

# जयसिंह को 3 दिन में जवाब देने का नोटिस

## हार के लिए प्रदेश के मुखिया को बताया है जिम्मेदार



**कोरबा,** 14 दिसंबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस की हार के बाद तत्कालीन राजस्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल ने प्रदेश के मुखिया को हार के लिए जिम्मेदार ठहराते हुए उन पर गंभीर आरोप लगाए थे। इसके अलावा कोरबा जिले में पदस्थ किए गए कलेक्टर व एसपी को भी चुन-चुन कर भेजने तथा विकास कार्यों को अवरुद्ध करने का भी आरोप लगाया व यह बयान भी सार्वजनिक हुआ। इस तरह की बयानबाजी को प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज ने गंभीरता से लेते हुए प्रभारी महामंत्री (संगठन एवं प्रशासन) मलकीत सिंह गैदू को कार्रवाई के निर्देश दिए। श्री गैदू ने जयसिंह अग्रवाल को नोटिस जारी कर तीन दिन के भीतर स्पष्टीकरण मांगा है। नोटिस में कहा गया है कि छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव 2023 के परिणाम उपरांत अपने विधानसभा क्षेत्र की हार पर प्रेस कान्फ्रेंस कर राज्य की सरकार पर प्रश्नचिन्ह लगाते हुए अप्रत्यक्ष रूप से सरकार के मुखिया पर गंभीर आरोप लगाए जाने का मामला मीडिया के माध्यम से प्रदेश कांग्रेस कमेटी के संज्ञान में आया है। उक्त गंभीर आरोप से पार्टी की छवि धूमिल हो रही है। उक्त मामले में लिखित स्पष्टीकरण पत्र की प्राप्ति के तीन दिवस के भीतर प्रदेश कांग्रेस कमेटी को प्रेषित करें। गौरतलब है कि चुनाव में हार के बाद पूर्व विधायक बृहस्पति सिंह एवं डॉ. विनय जायसवाल के द्वारा भी गंभीर आरोप लगाए जाने के साथ बयानबाजी की गई थी, जिस पर संगठन ने 6 साल के लिए दोनों को निष्कासित कर दिया है।

# कोरबा से 4 ट्रेलर चोरी कर रायपुर में बेचा, टुकड़े-टुकड़े कर कबाड़ में खपाया

**कोरबा,** 14 दिसंबर (देशबन्धु)। शहर के मध्य टीपी नगर क्षेत्र और उपनगरीय इलाकों से ट्रेलर वाहनों की चोरी का मामला पुलिस व सायबर सेल की टीम ने मिलकर सुलझा लिया है। चोर गिरोह में शामिल 4 लोगों की गिरफ्तारी की गई है वहीं ट्रेलर वाहनों के नाम पर उनके टुकड़े बरामद हुए हैं। चोरी के ट्रेलर खरीदने और कट पीस में तब्दील करने वाले कबाड़ी को भी गिरफ्तार कर सभी को सलाखों के पीछे भेज दिया गया है। फरार एक अन्य आरोपी की तलाश अभी जारी है।

## अंतर्जिला ट्रेलर वाहन चोर गिरोह के 4 आरोपी व 2 खरीदार जेल दाखिल

जानकारी के अनुसार सीएसईबी पुलिस सहायता केन्द्र अंतर्गत टीपी नगर स्थित महिन्द्रा शो-रूम के सामने आशीर्वाद प्वाइंट के पास से एक पुराना ट्रेलर क्रमांक-सीजी 12 एस 1305 की चोरी 3-4 दिसंबर के मध्य कर ली गई थी। मालिक मो. मंसूर अंसारी की रिपोर्ट पर धारा 379 का जुर्म दर्ज कर चोरों की तलाश शुरू की गई। चूंकि इस चोरी से पहले 22 फरवरी को टीपी नगर से ट्रेलर क्रमांक-सीजी 12 एस 1837 13 फरवरी को दर्री स्याहीमुड़ी से ट्रेलर क्रमांक सीजी-22 एसी 6619 एवं 26 नवंबर को दीपका में एसीबी कोल वाशरी के सामने से ट्रेलर क्रमांक-सीजी 12 एस 6013 की भी चोरी की गई थी। इस तरह लगातार ट्रेलर की चोरी के मामलों को पुलिस अधीक्षक जितेन्द्र शुक्ला ने गंभीरता से लिया और महिन्द्रा शो-रूम के सामने से चोरी गए ट्रेलर के मामले में पुलिस व सायबर सेल की टीम ने सीसीटीवी फुटेज के आधार पर जांच को आगे बढ़ाया। फुटेज और तकनीकी तौर पर जुटाई गई जानकारी के आधार पर संदेही भोलेश पाल और उसके सहयोगियों को पकडक़र गहन पूछताछ की गई। इन्होंने उक्त सभी ट्रेलर वाहनों की चोरी करना स्वीकार किया।

## रायपुर में बेचा, कबाड़ी ने टुकड़ों में बांट दिया

आरोपियों ने पुलिस को बताया कि चोरी किए ट्रेलरों को रायपुर जिले के सरोरा बस्ती उरला निवासी गाजी खान व राशीद खान उर्फ बाबू के पास बिक्री कर दिया। इन दोनों को भी हिरासत में लेकर पूछताछ में 4 ट्रेलर खरीदना और सभी ट्रेलर को टुकड़ों में काटकर अपने परिचित एक अन्य कबाड़ व्यवसायी के पास बेचना बताया।



पुलिस ने मंसूर अंसारी के ट्रेलर के कुछ पार्ट्स सहित 7 मोबाइल, एक देशी कट्टा, नगदी 5 हजार रुपए, 2 मोटरसायकल, 1 बोलेरो जब्त किया है।

गिरफ्तार आरोपियों में भोलेष पाल पिता जगदीश प्रसाद 25 वर्ष हास्पिटल रोड दर्राखांचा हरदीबाजार, विनोद कुमार आदित्य पिता शिवकुमार 35 वर्ष कहरापारा बलौदा, संदीप कुमार राय पिता तुलसी राय 28 वर्ष बाजारपारा बलौदा, किर्ती कुमार शर्मा उर्फ यश पिता विजय कुमार शर्मा 28 वर्ष खिसोरा थाना बलौदा हाल मुकाम वार्ड नं. 52 अशोकनगर थाना सरकण्डा बिलासपुर एवं खरीदार गाजी खान पिता सबीर खान 44 वर्ष नयापारा फूल चौक गोलबाजार रायपुर, रासिद खॉन उर्फ बाबू पिता मोहम्मद खॉन 51 वर्ष गाजीनगर बीरगांव रायपुर शामिल हैं। इन सभी को धारा 379, 12 बी, 21, 34, 411, 413 भादवि तथा 25 आर्म्स एक्ट के

## जेल भेजे गए आरोपी

तहत जुर्म दर्ज कर जेल दाखिल कराया गया है। उक्त कार्यवाही में चौकी प्रभारी सीएसईबी उप निरीक्षक नवीन पटेल, एएसआई छेदीलाल जाटवर, प्रधान आरक्षक सुधांशु शर्मा, उदय सिंह आरक्षक देवनारायण कुर्रे, विनोद तिवारी, गोपीराम दिव्य, पुरुषोत्तम मुखर्जी, सूरज खरे, लखन लाल रात्रे एवं सायबर सेल प्रभारी एएसआई अजय सोनवानी, प्रधान आरक्षक गुनाराम सिन्हा, राजेश कंवर, चन्द्रशेखर पाण्डेय, आरक्षक डेमन ओग्रे, विरकेश्वर सिंह, प्रशांत सिंह, रितेश शर्मा, आलोक टोप्पो, रवि चौबे, रामू कुर्मी, महिला आरक्षक रेनु टोप्पो की सराहनीय भूमिका रही।

## खदान में टैंकर में लगी भीषण आग, चालक ने बचाई जान

**कोरबा,** 14 दिसंबर (देशबन्धु)। साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड गेवरा में हादसों का दौर जारी है। लगातार पिछले कई महीनों से यहां पर घटनाएं घट रही है। ताजा मामले में कार्य के दौरान एक वाटर टैंकर जलकर खाक हो गया। टैंकर की डीजल टंकी में लीकेज और शॉर्ट-सर्किट की वजह से यह घटना होना बताया जा रहा है। चलती टैंकर में आग लगने का यह कोई नया मामला नहीं है। रखरखाव के अभाव में करोड़ों रुपए के वाहनों में आग लगने की दुर्घटना लगातार हो रही है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार गेवरा खदान के वेस्ट सेक्शन के 150 डंपयार्ड में ऑपरेटर अविनाश प्रताप सिंह टैंकर लेकर पहुंचा था। इस दौरान इंजन से धुआं निकलना शुरू हुआ। ऑपरेटर ने किसी तरह चलती वाहन से कूद कर अपनी जान तो बचा ली मगर टैंकर पूरी तरह से जल कर खाक हो गया। लगातार हो रही आग लगने की घटनाओं से वाहनों के मेंटनेंस, रख-रखाव और एसईसीएल के जिम्मेदार अधिकारियों की इन पर निगरानी सवालों के घेरे में हैं।

# सार-संक्षेप

## अयोध्या से पूजित अक्षत कलश पहुंचा पाली, घर-घर देंगे न्यौता

कोरबा-पाली, 14 दिसंबर (देशबन्धु)। अयोध्या में भगवान राम के भव्य मंदिर का निर्माण अंतिम चरण में है। 22 जनवरी को भगवान की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हाथों होगी। इस तारतम्य में सम्पूर्ण समाज को एकजुट करने और दिव्य प्राण प्रतिष्ठा में शामिल होने सहित मंदिर दर्शन के लिए जन मानस को न्योता देने के उद्देश्य से अयोध्या से पूजित अक्षत कलश देश में चारों दिशाओं में भेजे गए हैं। कलश के विगत दिनों कोरबा जिला मुख्यालय पहुंचने के बाद जिले के विभिन्न ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में अक्षत कलश भेजे जा रहे हैं। यह कलश पाली पहुंचने पर आतिशबाजी और ढोल नगाड़े के साथ स्वागत किया गया। पूजा-अर्चना कर 2 दिवस के लिए दर्शन हेतु महामाया मंदिर पाली में स्थापित किया गया। इसके बाद अक्षत कलश को पाली प्रखंड में आने वाले 14 खंडों में भेजा जायेगा जहां से जब जन मानस तक अक्षत के साथ न्योता पहुंच सके। 15 जनवरी तक सभी घरों तक न्योता पहुंचाने का लक्ष्य है। इस अवसर पर बड़ी संख्या में हिंदू समाज के लोग उपस्थित थे।

## सिद्धिविनायक ने किया निश्शुल्क अस्थि जांच शिविर का आयोजन

**कोरबा,** 14 दिसंबर (देशबन्धु)। करतला ब्लॉक के ग्राम करतला ग्राम में सिद्धिविनायक हॉस्पिटल परिवार के द्वारा निश्शुल्क अस्थि जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में लगभग 200 मरीज ने अपना परीक्षण व इलाज करवाया। हॉस्पिटल के डायरेक्टर डॉ.शतदल नाथ ने बताया कि समय-समय पर इस प्रकार के निश्शुल्क अस्थि जांच शिविरों का आयोजन हमारे द्वारा किया जाता है। ग्रामीण इलाकों में जहां अस्थि रोग विशेषज्ञ की कमी है, उन जगहों पर अस्थि रोग के संबंधित लोगों को जागरुक कर विभिन्न अस्थि रोगों का इलाज करना उद्देश्य है। ग्रामीणों का ब्लड शुगर व हीमोग्लोबिन जांच भी किया गया और आवश्यकतानुसार निश्शुल्क दवा भी दी गई। शिविर में आये ग्राम वासियों को अस्थि रोगों के साथ ही आयुष्मान भारत कार्ड से होने वाले इलाज के बारे में जानकारी दी गई। डॉ. शतदल नाथ के साथ विभिन्न विशेषज्ञ एवं सिद्धिविनायक हॉस्पिटल के स्टाफ ने भी महत्वपूर्ण योगदान दिया।

## डीपीएस के अथर्व और आशिता का राष्ट्रीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता के लिए चयन

**कोरबा-बालकोनगर,** 14 दिसंबर (देशबन्धु)। 67वीं राष्ट्रीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता अंडर-14 वर्ग लखनऊ में होने जा रहा है। कोरबा के बालको डीपीएस से अंडर-14 के कुल 2 विद्यार्थियों का चयन हुआ है जो लखनऊ में 16 से 20 दिसंबर तक आयोजित स्पर्धा में शामिल होंगे। अंडर-14 वर्ग के विद्यार्थियों का चयन एथलेटिक्स के लिए हुआ है। कक्षा आठवीं के छात्र अथर्व अग्रवाल पिता शंकर अग्रवाल का चयन 200, 400 मीटर एवं बाधा दौड़ तो कक्षा सातवीं की छात्रा आशिता यादव पिता कैलाश यादव का चयन 100 व 200 मीटर दौड़ के लिए हुआ है। बता दें कि इनका चयन 23वीं राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता जगदलपुर में हुआ था। जहां से सभी का चयन लखनऊ में होने वाले राष्ट्रीय स्पर्धा के लिए हुआ है। डीपीएस बालको के प्राचार्य कैलाश पवार, खेल शिक्षक संजय बरेठ व शिक्षक सिद्धार्थ शुक्ला ने इन्हें अच्छे प्रदर्शन की शुभकामनाएं दी हैं।

## पूज्य सिंधी पंचायत के निर्विरोध अध्यक्ष बने किशन

**कोरबा,** 14 दिसंबर (देशबन्धु)। पूज्य सिंधी पंचायत कोरबा के वर्ष 2024-25 के अध्यक्ष पद हेतु निर्विरोध चुनाव संपन्न हुआ। चुनावी प्रक्रिया हेतु 1 दिसंबर को मुख्य चुनाव अधिकारी महेश भावनानी द्वारा जारी की गई अधिसूचना के बाद 5 दिसंबर को मतदाता सूची का प्रकाशन व 6,7 दिसंबर को दावा आपत्ति का निराकरण के बाद 9,10 दिसंबर को अध्यक्ष पद हेतु पात्र प्रत्याशियों को नामांकन फार्म उपलब्ध कराये गये। दो दिन में कुल 4 प्रत्याशियों ने नामांकन फार्म प्राप्त किये और 11 दिसंबर को सभी ने जमा किया।13 दिसंबर को नाम वापसी के दिन 3 प्रत्याशियों ने संभावित मतदान की स्थिति को सामाजिक एकता के लिए अहितकारी मानते हुए समाजहित में अपना नामांकन वापस ले लिया। इस तरह चुनाव समर में एकमात्र प्रत्याशी किशन चंद दावड़ा का निर्विरोध निर्वाचन हुआ। इनके निर्वाचन की औपचारिक घोषणा पूज्य सिंधी पंचायत द्वारा 26 दिसंबर को आहूत आम सभा (आम मेड़े) में की जायेगी। चुनाव में मनोज जेठानी, आनन्द बुधवानी सहायक चुनाव अधिकारी ने भी भूमिका निभाई।



## गुरूघासीदास की जयंती पर सतनाम प्रांगण में दो दिवसीय आयोजन

**कोरबा,** 14 दिसंबर (देशबन्धु)। सतनाम पंथ के प्रणेता बाबा गुरूघासीदास की 268वीं जयंती धूमधाम से मनाई जाएगी। कोरबा सतनामी कल्याण समिति के तत्वाधान में 17 दिसंबर को भव्य शोभायात्रा निकलेगी व 18 दिसंबर को जयंती समारोह मनाया जाएगा।



भव्य शोभायात्रा 17 दिसंबर को दोपहर 12 बजे सीतामणी जैतखाम से युवा टीम प्रभारी त्रिवेन्द्र आदिले और मनोज मनहर के नेतृत्व में प्रारंभ होकर ट्रांसपोर्ट नगर स्थित सतनाम प्रांगण में संपन्न होगी। इस वर्ष भी शोभायात्रा में अनेक आकर्षण रहेंगे। गुरू की महाआरती के साथ पंथी दलों और करमा नृत्य दल द्वारा विशेष प्रस्तुति दी जाएगी। सतनाम सेना अखाड़ा दल के द्वारा शौर्य प्रदर्शन किया जाएगा। पॉम मॉल के सामने पंथी दलों द्वारा विशेष प्रस्तुति दी जाएगी। समिति के सचिव जीएल बंजारे और मीडिया प्रभारी नरेन्द्र रात्रे ने शोभायात्रा में सतनामी समाज के सभी लोगों से उपस्थित होने आग्रह किया है। समिति के सह सचिव सत्येन्द्र डहरिया ने बताया कि गुरूघासीदास के जीवन पर अधारित फिल्म सतनाम सतगुरू का प्रदर्शन 15 दिसंबर से निहारिका टॉकीज सहित प्रदेश के अन्य सिनेमाघरों में किया जाएगा। फिल्म में गुरू के जन्म से लेकर बाल्यकाल, विवाह प्रसंग तपस्या, 7 संदेश व 42 अमृत वाणियों के प्रसंग दिखाए गए हैं। फिल्म के निर्माता डॉ. जेआर सोनी, टीआर बाबा पात्रे और संतोष कुर्रे हैं।

# उद्यानों व सार्वजनिक स्थलों में की जा रही साफ-सफाई



**कोरबा,** 14 दिसंबर (देशबन्धु)। स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत जिले में स्वच्छ भारत अभियान के तहत् जिले के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में विशेष स्वच्छता कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। कलेक्टर सौरभ कुमार के निर्देशन में विशेष स्वच्छता अभियान का आयोजन कर लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करने की विशेष पहल की जा रही है। आमजनों को स्वच्छ वातावरण से होने वाले फायदों के बारे में बताते हुए अपने आस पास को स्वच्छ बनाए रखने का आग्रह किया गया।

स्वच्छता ही सेवा अभियान अंतर्गत जिले के नगर निगम, नगर पालिका एवं नगर पंचायत सहित ग्रामीण क्षेत्रों में विशेष स्वच्छता कार्यक्रम का आयोजन के तहत सार्वजनिक स्थानों, उद्यानों, बस स्टैंड, विभिन्न वार्डो सहित अन्य स्थानों में साफ सफाई का कार्य किया जा रहा है। निगम क्षेत्र के आज मुड़ापार साप्ताहिक बाजार, ईतवारी साप्ताहिक बाजार, पौनी पसारी बाजार, प्रधानमंत्री आवास क्षेत्र, पंचमुखी हनुमान मंदिर, हेलीपैड, खेल मैदान, पुराना बस स्टैण्ड क्षेत्र, सुभाष चौक, नेहरू नगर सहित अन्य स्थानों में सफाई अभियान चलाया गया। अभियान में व्यवसायियों एवं शहरवासियों को घरों व दुकान से निकलने वाले अपशिष्ट पदार्थों, कचरा को यत्र- तत्र नहीं फेंकने की समझाईश दी गई। इसी प्रकार आवासीय क्षेत्रों में सफाई मित्रों द्वारा गीला एवं सूखा कचरा पृथक पृथक कर स्वच्छताग्रहियो को देने की अपील की गई। साथ ही जनसामान्य को घरों, सडक़ों और सार्वजनिक स्थलों को स्वच्छ रखने, स्वच्छता से जुड़े बीमारियों को नियंत्रित करने, स्वस्थ और स्वच्छ भविष्य की ओर कदम बढ़ाने के लिए प्रेरित करने तथा स्वच्छता के महत्व के बारे में जनजागरूक किया गया। स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्रों में साफ-सफाई करके स्वच्छता अभियान चलाया गया। जिसके अंतर्गत ग्राम पंचायत माखुरपानी, बरपाली, पताड़ी, बेंदरकोना, कुकरीचोली सहित अन्य ग्राम पंचायतों के सार्वजनिक स्थलों, सडक़ों, गलियों आदि की साफ-सफाई स्वच्छता का संदेश दिया गया।

**विद्यार्थियों ने किया सामुदायिक शौचालय का भ्रमण:** स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत आज क्लीन टायलेट कैम्पन के अंतर्गत स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय एनसीडीसी के छात्र-छात्राओं को सुभाष चौक स्थित सामुदायिक शौचालय का भ्रमण कराया गया। छात्र-छात्राओं को सामुदायिक-सार्वजनिक शौचालयों में उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी देते हुए उनसे शौचालय की ग्रेडिंग कराई गई। साथ ही उन्हें आमजनों को अपने घरों के आसपास को स्वच्छ बनाए रखने के सम्बंध में जागरूक करने के लिए प्रेरित किया गया।

# एड्स जागरूकता पर मिनीमाता कॉलेज में विशेष व्याख्यान

**कोरबा,** 14 दिसंबर (देशबन्धु)। शासकीय मिनीमाता कन्या महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई एवं यूथ रेडक्रॉस सोसायटी के संयुक्त तत्वाधान में एड्स जागरूकता पखवाड़ा पर विशेष व्याख्यान का आयोजन किया गया। मुख्य वक्ता डॉ. नागज्योति, श्रीमती ज्योत्सना पैकरा, श्रीमती हर्षा ताम्रकार एवं प्रकाश दास ने एड्स एवं स्वास्थ्य संबंधी जानकारी दी।

महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. राजेंद्र सिंह ने कहा कि एचआईवी/एड्स से बचाव के तरीकों के बारे में लोगों को शिक्षित करना आवश्यक है। यूथ रेड क्रॉस सोसाइटी के प्रभारी प्रकाश साहू ने बताया कि इस वर्ष लेट्स कम्युनिटी लीड्स थीम पर एड्स जागरूकता पखवाड़ा मनाया जा रहा है। डॉ.नागज्योति ने कहा कि एड्स एक खतरनाक महामारी है जो एचआईवी के कारण होती है। यह महामारी शरीर के प्रतिरक्षा प्रणाली को नष्ट करती है और इससे प्रभावित होने वाले व्यक्ति को हानिकारक रोगों का सामना करना पड़ता है। श्रीमती ज्योत्सना पैकरा प्रबंधक (शहरी) मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य कार्यालय ने सामाजिक बहिष्कार और भेदभाव का दंश झेलने को मजबूर एड्स रोगियों की पीड़ा को उजागर किया। श्रीमती




हर्षा ताम्रकार जिला सलाहकार, प्रकाश दास सलाहकार, ए.आर.टी. मेडिकल कॉलेज ने एड्स से जुड़ी भ्रांतियों को स्पष्ट किया। अंत में महाविद्यालय की एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ. डेजी कुजूर ने आभार ज्ञापित किया। इस अवसर पर महाविद्यालय की आईक्यूएसी प्रभारी श्रीमती अमित सक्सेना, डॉ. विनोद कुमार साहू, डॉ. श्रेणी दिवाकर, श्रीमती वर्षा सिंह, श्रीमती मोनिका मिंज उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन एनएसएस की स्वयंसेविका कु. शैली बिंझवार ने किया।

## मेन्स सीनियर इंटर डिस्ट्रिक्ट के लिए अंतिम चयन 15-16 को

**कोरबा,** 14 दिसंबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ द्वारा 18 दिसंबर से मेन्स सीनियर इंटर डिस्ट्रिक्ट प्लेट ग्रुप प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। इसके लिए कोरबा डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट एसोसिएशन (केडीसीए) द्वारा कोरबा जिले की टीम का चयन किया जाना है। इस हेतु आवश्यक रूप से पूर्व चयन प्रक्रिया से चयनित 30 खिलाडिय़ों को 15 दिसंबर और 16 दिसंबर को अंतिम चयन प्रक्रिया के लिए उपस्थित होना अनिवार्य है। चयन प्रक्रिया एसईसीएल सेंट्रल वर्कशॉप मैदान कोरबा में सुबह 8 बजे से आरंभ होगी जिसमे पूर्व चयनित समस्त खिलाडिय़ों का आना अनिवार्य है। चयन प्रक्रिया में अनुपस्थित खिलाड़ी चयनित नही होंगे। वे खिलाड़ी जो कोरबा के अलावा अन्य जिलों के खिलाड़ी हैं, उन्हें ऑनलाइन (एनओसी) अनापत्ति प्रमाणपत्र आवश्यक रूप से जमा करना होगा अन्यथा वे चयन प्रक्रिया में शामिल होने के पात्र नहीं होंगे। यह जानकारी केडीसीए प्रबंधन ने दी है।

## विधायक लखनलाल से मिले महिला शक्ति केन्द्र के पदाधिकारी



**कोरबा,** 14 दिसंबर (देशबन्धु)। हम होंगे कामयाब महिला शक्ति केन्द्र के पदाधिकारियों ने कोरबा के नवनिर्वाचित विधायक लखनलाल देवांगन से भेंट कर जीत की बधाई दी। अपने बहु उपेक्षित बालको प्रबंधन से 33 प्रतिशत महिला आरक्षण भर्ती की मांग एवं अन्य महिला संबंधित मांग का आवेदन के संबंध में विधायक को अवगत कराया गया। आग्रह किया गया कि विधायक इस मामले में आवश्यक पहल कर बालको प्रबंधन को निर्देशित करेंगे। भेंट करने वालों में संगठन के मुख्य संरक्षक प्रतिनिधि सुनील सुना, जिला संयोजक श्रीमती गंगा यादव, संगठन प्रमुख सदस्यों में सुनीता शुक्ला, आशा सोनकर सविता सूर्यवंशी, कमला यादव, मेम बाई सूर्यवंशी, चांद बाई खूंटे, रितु यादव, संरक्षक सदस्य विनय टंडेल, पंचराम जांगड़े शामिल थे।

# विकसित भारत संकल्प यात्रा: निकाय क्षेत्र में 15 से 24 तक शिविर

## 30 हजार आयुष्मान कार्डों का होगा वितरण, योजनाओं के लिये जाएंगे आवेदन

**कोरबा,** 14 दिसंबर (देशबन्धु)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का महत्वाकांक्षी व जनकल्याणकारी मिशन ''विकसित भारत संकल्प यात्रा'' के अंतर्गत नगर पालिक निगम सहित अन्य निकाय क्षेत्रों में निर्धारित तिथियों व चिन्हांकित स्थलों पर शिविरों का आयोजन किया जाएगा।

कलेक्टर सौरभ कुमार के मार्गदर्शन एवं आयुक्त सुश्री प्रतिष्ठा ममगाई के दिशा निर्देशन में कार्यक्रम के नोडल अधिकारी एवं अपर आयुक्त खजांची कुम्हार ने बताया कि निगम क्षेत्रांतर्गत 15 से 22 दिसम्बर तक, 22 दिसम्बर को नगर पंचायत छुरी, 23 दिसम्बर को दीपका तथा पाली एवं 24 दिसम्बर को कटघोरा में शिविर लगाए जाएंगे। शिविरों में 30 हजार आयुष्मान कार्डों का वितरण,10 वर्ष पुराने आधार कार्डो का अपडेशन किया जाएगा। उज्जवला




योजना के हितग्राहियों के केवाईसी का कार्य, वंचित लोगों को योजना का लाभ दिलाने आवेदन भी भरवाए जाएंगे। शिविर में प्रधानमंत्री आवास योजना, प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना सहित भारत सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ लोगों तक पहुंचाने आवेदन लेकर कार्यवाही की जाएगी।

### इन स्थानों व तिथियों में लगेंगे शिविर

15 दिसम्बर को वार्ड क्र. 28 राजेन्द्र प्रसाद नगर दशहरा मैदान में प्रात- ा से दोपहर 2 बजे तक एवं वार्ड क्र. 6 पुराना बस स्टैण्ड में दोपहर 2.3 से शाम 6.3 बजे तक शिविर लगेगा। 16 दिसम्बर को वार्ड 25 मुड़ापार पौनी पसारी में सुबह ा से दोपहर 2 बजे तक, वार्ड 45 आत्मानंद इंग्लिश मिडियम स्कूल दर्री में दोपहर 2.3 से सायं 6.3 बजे तक,17 दिसम्बर को वार्ड 6 धरमपुर स्कूल मैदान में सुबह ा से दोपहर 2 बजे तक एवं वार्ड 54 दुरपा हाई स्कूल मैदान के पास दोपहर 2.3 से सायं 6.3 बजे तक, 18 दिसम्बर को वार्ड 51 प्रतीक्षा बस स्टैण्ड दर्री में प्रात- ा से दोपहर 2 बजे एवं वार्ड क्र. 67 गजरा मैदान बांकीमोंगरा में दोपहर 2.3 से सायं 6.3 बजे तक शिविर लगाए जाएंगे। 19 दिसम्बर को वार्ड 5 रानी रोड चौक दुर्गा पण्डाल के पास सुबह ा से दोपहर 2 बजे तक एवं वार्ड 2 इंदिरा स्टेडियम टीपी नगर में दोपहर 2.3 से सायं 6.3 बजे तक, 2 दिसम्बर को वार्ड 31 उपस्वास्थ्य केन्द्र दादर चौक के समीप सुबह ा से दोपहर 2 बजे तक एवं वार्ड 4 उप स्वास्थ्य केन्द्र के सामने दोपहर 2.3 से सायं 6.3 बजे तक, 21 दिसम्बर को वार्ड 15 अप्पू गार्डन के सामने सुबह ा से दोपहर 2 बजे तक एवं वार्ड 21 ओपन थियेटर घंटाघर में दोपहर 2.3 से सायं 6.3 तक, 22 दिसम्बर को वार्ड 35 रामलीला मैदान बालको में सुबह ा से दोपहर 2 बजे तक एवं नगर पंचायत छुरी में वार्ड 7 स्थित सामुदायिक भवन में दोपहर 2.3 से सायं 6.3 बजे तक, 23 दिसम्बर को नगर पालिका परिषद दीपका वार्ड ा प्रतीक्षा बस स्टैण्ड में प्रात- ा से दोपहर 2 बजे, 23 दिसम्बर को ही नगर पंचायत पाली के वार्ड 12 स्थित हाई स्कूल मैदान में दोपहर 2.3 बजे से सायं 6.3 बजे तक, 24 दिसम्बर को नगर पालिका परिषद कटघोरा चिकित्सालय चौक रैनबसेरा के समीप सुबह ा से दोपहर 2 बजे तक शिविर लगेंगे।

## सार-संक्षेप

### सपरिवार श्याम मंदिर पहुंचे एसएसपी सदानंद कुमार



**रायगढ़** 14 दिसंबर (देशबन्धु)। जिले के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सदानंद कुमार बुधवार को सपरिवार संजय काम्प्लेक्स स्थित श्याम मंदिर पहुंचे। उन्होंने अपने परिवार के साथ श्री श्याम प्रभु की विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर आशीर्वाद लिया। उन्होंने अपने परिवार सहित जिलेवासियों की सुख-समृद्धि की कामना की। वे श्री श्याम प्रभु की महाआरती में भी सपत्निक हिस्सा लिया। उनके साथ नगर कोतवाल सनिप रात्रे भी उपस्थित थे। इस अवसर पर श्याम मंडल के उपस्थित पदाधिकारियों ने एसएसपी सदानंद कुमार का पुष्पगुच्छ से भावभीना स्वागत किया। उन्होंने जन्माष्टमी मेला सहित श्याम मंडल के सभी आयोजनों की भूरि-भूरि प्रशंसा की और संस्कृत में श्री श्याम प्रभु की जीवनी का वाचन कर उसका अनुवाद भी किया, जिसकी उपस्थित श्याम भक्तों सहित मंडल के पदाधिकारियों ने खूब सराहना की। इस अवसर पर श्याम मंडल के अध्यक्ष राजेश चिराग, प्रचार मंत्री महावीर अग्रवाल, आनंद गर्ग, राजेश अग्रवाल, ओमप्रकाश अग्रवाल, शिव थवाईत सहित अनेक सदस्य उपस्थित थे।

### बाल वैज्ञानिक प्रदर्शनी का आयोजन आज

**अम्बिकापुर** 14 दिसंबर (देशबन्धु)। एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय के विद्यार्थियों में वैज्ञानिक अभिरूचि पैदा करने तथा विद्यार्थियों में वैज्ञानिक ज्ञान एवं अनुभव का विस्तार करने हेतु वृहद मंच प्रदान करने बाल वैज्ञानिक प्रदर्शनी का संभाग स्तरीय आयोजन 15 दिसम्बर को एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय मैनपाट में किया गया है। प्रदर्शनी हेतु थीम साइंस एण्ड टेक्नोलॉजी फॉर सोसायटी है, जिसके अंतर्गत (ए) हेल्थ (बी) लाईफ (लाईफस्टाइल फॉर एनवोरमेंट) (सी) एग्रीकल्चर (डी) कम्युनिकेशन एन्ड ट्रान्सपोर्ट (ई) कम्प्युटेशनल थिंकिंग होगा।

संभागस्तरीय बाल वैज्ञानिक प्रदर्शनी हेतु आयोजन समिति गठित की गई है। जिसमें इएमआरएस मैनपाट के प्राचार्य श्री एस पी बेहरा संयोजक होंगे एवं समिति के सदस्य इएमआरएस शिवपुर बतौली के प्राचार्य श्री अशोक अरविन्द तिग्गा, इएमआरएस सहनपुर लुण्ड्रा के प्राचार्य श्री सुशील यादव, इएमआरएस पेटला सीतापुर के प्राचार्य श्री मनोज वर्मा होंगे। यह समिति विभागाध्यक्ष के द्वारा दिए गए निर्देशानुसार संभागस्तरीय बाल वैज्ञानिक प्रदर्शनी हेतु आवश्यक तैयारी एवं रूपरेखा तैयार करेंगे एवं कार्यक्रम समापन कर राज्य स्तरीय प्रदर्शनी में प्रेषित किए गये बाल प्रतिवेदन तैयार कर हस्ताक्षर हेतु प्रस्तुत करेंगे। प्रदर्शनी में संभाग स्तर से प्रत्येक थीम में 3-3 मॉडल चयन करने हेतु नियमानुसार विषय विशेषज्ञों की टीम गठित की गई है, जिसमें सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र मैनपाट के चिकित्सा अधिकारी डॉ. सतेश्वर सिंह, पीजी कॉलेज अम्बिकापुर के सहायक प्राध्यापक डॉ.तृप्ति विश्वास, कृषि विज्ञानिक कृषि विज्ञान केन्द्र मैनपाट के सहायक प्राध्यापक प्रदीप कुमार लकड़ा, शास.पॉलिटेकनिक कॉलेज अम्बिकापुर के सहायक प्राध्यापक धात्री वर्मा, संतगहिरा गुरू वि.वि.सरगुजा के कम्प्यूटर साइंस विभाग के सहायक प्राध्यापक हरिशंकर प्रसाद टोण्डे सदस्य होंगे।

### शीतलहर के चलते स्कूलों के समय में परिवर्तन, कलेक्टर ने जारी किये आदेश

**मनेंद्रगढ़** 14 दिसंबर (देशबन्धु)। जिले में पड़ रहे अत्यधिक ठंड एवं शीतलहर को ध्यान में रखते हुए कलेक्टर व जिला दंडाधिकारी श्री नरेंद्र कुमार दुग्गा ने छात्रहित को ध्यान में रखते हुए 15 जनवरी 2024 तक के लिए जिले में संचालित विद्यालयों के समय में परिवर्तन करने के आदेश जारी किए हैं। आदेश के तहत जिले में दो पाली में संचालित होने वाली शालाओं की प्रथम पाली प्रातः 9:00 बजे से 12:30 बजे तक तथा द्वितीय पाली दोपहर 12:45 बजे से शाम 4:15 बजे तक सोमवार से शनिवॉर खुलेंगे। वहीं एक पाली में संचालित शालाएँ सोमवार से शनिवार प्रातः 10:30 बजे से सायं 3:30 तक खुली रहेंगी ।

### शासकीय भूमि को निजी भूमि में दर्ज कराए जाने की कलेक्टर से शिकायत

**अम्बिकापुर** 14 दिसंबर (देशबन्धु)। कलेक्टर जनचौपाल में पहुंचे विकासखंड सीतापुर के अंतर्गत सरपंच ग्राम पंचायत उरंगा तथा बरिमा एवं अन्य ग्रामवासियों के द्वारा आवेदन प्रस्तुत कर शिकायत की गई थी कि तहसील मैनपाट के ग्राम कण्डराजा, बरिमा, नर्मदापुर स्थित शासकीय भूमि को कतिपय लोगों द्वारा निजी भूमि में दर्ज करा लिया गया है। जिसपर संज्ञान लेते हुए कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को मामले की पूरी जांच कर आवश्यक रिपोर्ट प्रस्तुत करने और कार्यवाही सुनिश्चित करने निर्देशित किया गया।

एसडीएम सीतापुर ने बताया कि उक्त शिकायत के तहत ग्राम पंचायत उरंगा के आश्रित ग्राम कण्डराजा, तहसील मैनपाट, जिला सरगुजा (छ0ग0) के कुल 48 प्रकरणों में विधिवत समस्त दस्तावेजों का जांच कर इश्तहार का प्रकाशन एवं नोटिस तामील कराया गया। अनावेदकों को दस्तावेज उपलब्ध कराने हेतु निर्धारित समय सीमा दी गई थी। समय उपरांत भी उनके द्वारा कोई विधिवत दस्तावेज अथवा साक्ष्य प्रस्तुत नहीं किया गया। जिसके फलस्वरूप ग्राम कण्डराजा के कुल 48 अनावेदकों के कुल खसरा 70 कुल रकबा 111.488 हेक्टेयर भूमि को अनावेदकों द्वारा उचित दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किये जाने के फलस्वरूप शासकीय मद में हस्तांतरित किया गया।

### ग्राम भगोरा में तमनार महाविद्यालय के रासेयो इकाई के विशेष शिविर का शुभारंभ

**रायगढ़** 14 दिसंबर (देशबन्धु)। शहीद नंदकुमार पटेल विश्वविद्यालय से संबंध राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई शासकीय महाविद्यालय तमनार के शिविर का भव्य शुभारंभ ग्राम भगोरा में 12 दिसंबर को हुआ। मां सरस्वती की प्रतिमा का पूजा अर्चना कर ग्राम भगोरा के सरपंच श्री उलसन बड़ा जी ,पंचगणों, प्रो कमल यशवंत सिन्हा, श्री राकेश पटेल व गणमान्य नागरिकों के द्वारा शिविर का शुभारंभ किया गया। उद्घाटन सत्र में कार्यक्रम अधिकारी कमल यशवंत सिन्हा ने रासेयो विशेष शिविर के उद्देश्यों के विषय में एवं शिविर की गतिविधियों से ग्रामीणों को अवगत कराया।

प्रथम दिवस का विशेष आकर्षण रासेयो जिला संगठक रायगढ़ जिला भोजराम पटेल पटेल व रायगढ़ मानस मंच के कलाकार उग्रसेन पटेल व नंदकिशोर बिंझवार द्वाराश्रीरामचरित मानस के विशेष संदर्भ में संगीतमय प्रस्तुति रही। भोजराम पटेल ने रामचरितमानस की कथा को आधुनिक संदर्भों से जोड़ते हुए मनोरंजक अंदाज में युवाओं को चरित्र निर्माण एवं व्यक्तित्व विकास की शिक्षा दी। अंत में उन्होंने विशेष शिविर के थीम नशामुक्त समाज के लिए युवा पर आधारित एक प्रेरक गीत प्रस्तुत किया जिसमें ग्रामवासियों को नशा छोड़ने का संदेश दिया गया।

# जिले में अब तक 5872 किसानों से 26315 मीट्रिक टन धान की हुई खरीदी

## कलेक्टर के निर्देशानुसार अधिकारी कर रहे धान खरीदी केन्द्रों का नियमित निरीक्षण

**अम्बिकापुर** 14 दिसंबर (देशबन्धु)। जिले में खरीफ विपणन वर्ष 2023-24 के अंतर्गत धान खरीदी का कार्य निरंतर जारी है। जिला खाद्य अधिकारी ने बताया कि 13 दिसंबर की स्थिति में जिले में कुल 5872 किसानों से 26315 मीट्रिक टन धान की खरीदी 51 समितियों के माध्यम से की गई है। उन्होंने बताया कि कुल 23214 मीट्रिक टन धान हेतु डीओ जारी किया गया है। जिले में अब तक उठाव किए गए धान की मात्रा 11920 मीट्रिक टन है। उन्होंने बताया कि सरगुजा जिले में धान बेचने हेतु कुल पंजीकृत कृषक संख्या 58409 हैं, और पंजीकृत धान का रकबा 74770 हेक्टेयर है। उन्होंने बताया कि इस वर्ष धान खरीदी का अनुमानित लक्ष्य 288134 मीट्रिक टन है। धान खरीदी के साथ ही रकबा समर्पण की कार्यवाही भी जारी है जिसके तहत 12.5825 हेक्टेयर रकबा समर्पण किया गया है। उन्होंने बताया कि जिले में अनुमानित धान खरीदी के लिए 14406 गठान बारदाना की आवश्यकता है। जिले में 13000 गठान बारदाना वर्तमान में उपलब्ध है। समितियो में आगामी 15 दिवस के लिए बारदाना उपलब्ध है। बारदाना की कोई समस्या नहीं है।

बता दें कि कलेक्टर श्री कुन्दन कुमार के कुशल मार्गदर्शन में जिले के धान उपार्जन केंद्रों में धान खरीदी का कार्य सुचारू रूप से किया जा रहा है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को अवैध रूप से धान खपाने वाले कोचियों एवं बिचौलियों पर कड़ी निगरानी रखने, धान खरीदी केन्द्रों का नियमित निरीक्षण करने और खरीदी केन्द्रों में सभी आवश्यक व्यवस्था का जायजा लेने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने मिलर्स को लक्ष्य के अनुरूप डी. ओ. जारी कर धान उठाव की मात्रा में प्रगति लाने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर के निर्देश अनुरूप धान उपार्जन केन्द्रों में राजस्व एवं विभागीय अधिकारियों द्वारा लगातार धान खरीदी कार्य का निरीक्षण किया जा रहा है। कलेक्टर ने कहा है कि धान खरीदी के दौरान किसानों को किसी प्रकार की समस्या नहीं होनी चाहिए।



## 48259 किसानों ने कराया पंजीयन

खरीफ विपणन वर्ष 2023-24 में बलरामपुर-रामानुजगंज जिले में कलेक्टर रिमिजियुस एक्का के मार्गदर्शन में किसानों से समर्थन मूल्य पर धान खरीदी 01 नवम्बर 2023 से प्रारंभ हो गया है। किसानों से धान की खरीदी करने के लिए 49 धान उपार्जन केन्द्र बनाये गये हैं। चालू सीजन में धान बेचने के लिए 48259 किसानों ने अपना पंजीयन कराया है।

इसी तारतम्य में जिले में अब तक 45 समितियों में 1568 किसानों से कुल 74065.60 क्विंटल धान की खरीदी की गई है, जिसमें धान खरीदी केन्द्र कपिलदेवपुर में 2166, बादा में 279.60, कुसमी में 741.20, कामेश्वरनगर में 1862.40, कोदवा में 239.20, गोपालपुर में 1570.40, भेंडरी में 778.40, चांदो में 2941.20, जमड़ी में 4560.40, जिगड़ी में 272, जोकापाठ में 46.40, डूमरपान में 69.60, डिण्डो में 87.60, डीपाडीह में 346, डोंगरो में 38.40, गांजर में 287.20, त्रिकुण्डा में 2496.40, बगरा में 3160, तातापानी में 98.80, धंधापुर में 1022.80, डौरा में 4121.20, पस्ता में 215.60, बडकागांव में 1411.60, बरतीकला में 4862.40, बरदर में 1557.60, बरियों में 2346.80, बलंगी में 569.20, बलरामपुर में 1129.20, बसंतपुर में 2235.60, भुलसीकला में 221.60, रामानुजगंज में 19.20, महाराजगंज में 2370.40, महावीरगंज में 508, विजयनगर में 1718, रघुनाथनगर में 1180, रनहत में 1535.60, राजपुर में 6080.80, दोलंगी में 1546, रामचन्द्रपुर में 876.80, रामनगर में 5680.80, वाड्रफनगर में 1894.40, स्याही में 1607.60, विरेन्द्रनगर में 4819.60, सरना में 1917.20, सेवारी में 537.60 एवं सामरी में 28.80 क्विंटल धान किसानों से खरीदी की गयी है।

### छात्रहित को ध्यान में रखते हुए कलेक्टर ने शाला संचालन समय में किया परिवर्तन




**अम्बिकापुर** 14 दिसंबर (देशबन्धु)। कलेक्टर श्री कुंदन कुमार ने जिले में पड़ रही ठंड के कारण छात्रहित को ध्यान में रखते हुए आदेश जारी कर जिले में संचालित होने समस्त शासकीय, अशासकीय, अनुदान प्राप्त प्राथमिक, पूर्व माध्यमिक, हाई स्कूल, उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों में शाला संचालन समय में परिवर्तन किया है।

जारी आदेशानुसार शाला संचालन समय दो पाली में संचालित होने वाली शालाओं में प्रथम पाली में सोमवार से शुक्रवार तक प्रातः 9:00 बजे से 12:30 बजे तक एवं शनिवार को अपरान्ह 12:45 बजे से 4:15 तक तथा द्वितीय पाली में सोमवार से शुक्रवार तक अपरान्ह 12:45 बजे से 4:15 बजे तक एवं शनिवार को प्रातः 9:00 बजे से 12:30 बजे तक रहेगा।

इसी प्रकार एक पाली में संचालित होने वाली शालाएं सोमवार से शुक्रवार तक प्रातः 9:45 बजे से 04:00 बजे तक एवं शनिवार को प्रातः 09:00 बजे से 12:30 बजे तक संचालित रहेंगी।

## एनटीपीसी लारा ने मनाया अपना 11वां स्थापना दिवस

**रायगढ़** 14 दिसंबर (देशबन्धु)। एनटीपीसी लारा परियोजना में 11वां स्थापना दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर कार्यकारी निदेशक दिवाकर कौशिक एवं सभी महाप्रबंधकगण, यूनियन एवं असोशिएशन के पदाधिकारियों की उपस्थिती में केक काटकर एक दूसरे को बधाई दी।

कर्मचारियों को सम्बोधन करते हुए श्री कौशिक ने कहा एनटीपीसी लारा आधुनिक तकनीक पर आधारित विद्युत परियोजना है, अतः यह प्लांट उच्च दक्षता पर कार्य करता है और देश की विकास के लिए सबसे जरूरी बिजली किफायती दरों पर प्रदान करता है। इस वित्त वर्ष में आजतक एनटीपीसी लारा द्वारा 81.75 प्रतिशत पर 8005 मिलियन यूनिट बिजली उत्पादन किया गया है। लारा का प्लांट दक्षता के आधार पर एनटीपीसी का तीसरे सबसे अच्छे दक्षतापूर्ण प्लांट है, और दूसरे सब-क्रिटिकल एवं सुपर-क्रिटिकल प्लांट के मुकाबले 40.6 प्रतिशत ज्यादा है जो की पर्यावरण हितैषी है। इसलिए दूसरे प्लांट के मुकाबले एनटीपीसी लारा बेहद किफायती दरो पर बिजली प्रदान करता है।

एनटीपीसी लारा देश का एक उभरता हुआ बिजली सयन्त्र है। वर्तमान में एनटीपीसी लारा की स्थापित क्षमता है 1600 मेगावाट, बहुत जल्द यहाँ और 1600 मेगावाट क्षमता वर्धन होने जा रहा है। लारा परियोजना से उत्पादित बीजली का आधा हिस्सा छत्तीसगढ़ को प्रदान की जाती है और बाकी आधा बिजली मध्यप्रदेश, गुजरात, महाराष्ट्र, गोवा, दमन एवं दीव को प्रदान की जाती है। बिजली बनाने की अलावा एनटीपीसी द्वारा नैगम सामाजिक दायित्व के अंतर्गत सहयोगी ग्रामों, रायगढ़ जिला एवं छत्तीसगढ़ में शिक्षा, स्वास्थ्य, पेयजल, आधारभूत सरंचना की विकास के लिए करोड़ो रुपये की विकास कार्य किया जा रहा है।

## राज्य वीरता पुरस्कार 2023 हेतु प्रविष्टियां 27 दिसम्बर तक आमंत्रित

**कोरिया** 14 दिसंबर (देशबन्धु)। महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी ने बताया कि शासन द्वारा प्रदेश के बच्चों को किसी घटना विशेष में उनके द्वारा प्रदर्शित अदम्य साहस, एवं बुद्धिमत्ता के लिए राज्य वीरता पुरस्कार प्रदान किया जाना है। इसके तहत 05 बालक/बालिकाओं को 25 हजार रूपये की राशि तथा प्रशस्ति पत्र सम्मान के रूप में प्रदान किया जाएगा। इस पुरस्कार हेतु पात्र अभ्यर्थी अपना आवेदन 27 दिसम्बर 2023 तक कार्यालय जिला कार्यक्रम अधिकारी, महिला एवं बाल विकास विभाग बैकुण्ठपुर में जमा कर सकते है। इस संबंध में विस्तृत जानकारी के लिए कार्यालय जिला कार्यक्रम अधिकारी, महिला एवं बाल विकास विभाग से सम्पर्क कर सकते है।

## कलेक्टर ने ली राजनीतिक दल के प्रतिनिधियों की बैठक

**कोरिया** 14 दिसंबर (देशबन्धु)। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा आगामी लोकसभा निर्वाचन 2024 से पूर्व विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण आर्हता तिथि 01 जनवरी 2024 के संबंध में समय-सारणी जारी किया गया है।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री विनय कुमार लंगेह ने राजनीतिक दल के प्रतिनिधियों की बैठक लेकर विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण आर्हता तिथि 01 जनवरी 2024 के संबंध में समय-सारणी के संबंध में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि पुनरीक्षण-पूर्व गतिविधियों के आधार पर मतदान केन्द्रों की पुनर्व्यवस्था एवं अनुभागों का गठन, मतदाता सूची/ईपिक में विसंगतियों को दूर करने, अनुभागों/भागों का पुनर्निर्धारण और मतदान केन्द्र के अनुभाग/भाग की सीमा स्थान के प्रस्तावित पुनर्गठन को अंतिम रूप देना और मतदान केन्द्रों की सूची का अनुमोदन प्राप्त करने, कंट्रोल टेबल का अद्यतयनीकरन, प्रारूप 1 से 8 तक की तैयारी, आर्हता के लिए 01 जनवरी 2024 के संदर्भ में पूरक और एकीकृत ड्राप्ट रोल तैयार करने का कार्य 20 दिसम्बर 2023 से 05 जनवरी 2024 तक किया जाएगा।




उन्होंने बताया कि पुनरीक्षण गतिविधियों के अंतर्गत एकीकृत प्रारूप मतदाता सूची का प्रकाशन 06 जनवरी 2024 को किया जाएगा। मतदाता सूची के संबंध में दावा एवं आपत्तियां दाखिल करने की अवधि 06 से 22 जनवरी 2024 तक, दावा आपत्तियों का निस्तारण 02 फरवरी 2024 को एवं मानदंडों के अनुसार मतदाता सूची की जांच और अंतिम प्रकाशन के लिए आयोग की अनुमति प्राप्त करने हेतु 06 फरवरी तक भेजा जाएगा एवं मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन 08 फरवरी 2024 को किया जाएगा। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री लंगेह ने बताया कि मतदान केन्द्रों के युक्तियुक्तकरण के प्रस्ताव 21 दिसम्बर 2023 तक मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी को प्रेषित किया जाना है। बैठक में अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती नंदनी साहू, राजनैतिक दल के प्रतिनिधि श्री प्रदीप गुप्ता, श्री विशाल कांत गुप्ता एवं श्री धर्मसाय सहित तहसीलदार एवं नायब तहसीलदार उपस्थित रहे।

## एसएसपी ने 6 आदतन बदमाशों को गुंडा सूची में लाने जारी किया आदेश

**रायगढ़** 14 दिसंबर (देशबन्धु)। अपराधों पर अंकुश लगाने और आदतन बदमाशों पर नकेल कसने की दिशा में आज वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सदानंद कुमार द्वारा 06 बदमाशों को गुण्डा सूची में लाये जाने आदेश जारी किया गया है। ये बदमाश खरसिया थानाक्षेत्र के पांच और चक्रधरनगर थानाक्षेत्र का एक है। इन बदमाशों के खिलाफ पुलिस को लगातार मारपीट, अशांति फैलाने की शिकायतें प्राप्त हो रही थी। विदित हो कि इसके पहले विधानसभा चुनाव दौरान एसएसपी सदानंद कुमार द्वारा 18 बदमाशों को जिला बदर करने और 01 के खिलाफ छै। की कार्रवाई करने फाईल कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी, रायगढ़ को भेजा गया है।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सदानंद कुमार द्वारा समस्त थाना, चैकी प्रभारियों को उनके क्षेत्र के निगरानी बदमाश, सजायाफ्ता की नियमित जांच करने एवं आदतन झगड़ा मारपीट करने वालों को प्रतिबंधित करने के निर्देश दिये गये हैं। निर्देशों के पालन में थाना प्रभारी चक्रधरनगर निरीक्षक प्रशांत राव आहेर द्वारा छोटे अतरमुड़ा के बादमाश प्रवृत्ति के युवक तथा थाना प्रभारी खरसिया निरीक्षक राकेश मिश्रा द्वारा ग्राम बसनाझर, बड़े डूमरपाली, गीधा और देहजरी के सक्रिय बदमाशों को प्रतिबंधित करने उनका पूरे आपराधिक रिकार्ड की फाईल तैयार कर एसपी कार्यालय भेजा गया। इन बदमाशों के खिलाफ दर्ज मामलों में उन्हें गिरफ्तार कर चालान किया गया है, साथ ही समय समय पर थाना प्रभारियों द्वारा उन्हें प्रतिबंधित करने प्रतिबंधाक धाराओं पर कार्यवाही भी किया जाता रहा है। बावजूद इसके इसके बदमाशों के क्रिया कलापों में कोई खास सुधार नहीं देखा गया, ऐसे में बदमाशों की नियमित जांचध्चेकिंग की आवश्यकता पर एसएसपी सदानंद कुमार द्वारा बदमाशों का नाम गुण्डा सूची में लाये जाने आदेशित कर थाना प्रभारी चक्रधरनगर एवं थाना प्रभारी खरसिया को निर्देशित किया गया है कि यदि आगे भी बदमाश अपराधिक गतिविधियों में शामिल हो तो उनके खिलाफ नियमानुसार जिला बदर की कार्यवाही प्रक्रिया में लायी जावे तथा जिन बदमाशों के आचरण में सुधार है उनकी फाईल समीक्षा के लिये शीघ्र दफ्तर भेंजे।



## कलेक्टर ने ली राजस्व विभाग की समीक्षा बैठक

**मनेन्द्रगढ़** 14 दिसंबर (देशबन्धु)। कलेक्टर नरेन्द्र कुमार दुग्गा ने कलेक्ट्रेट सभा कक्ष में राजस्व अधिकारियों की समीक्षा बैठक में राजस्व प्रकरणों की अनुविभाग एवं तहसीलवार समीक्षा की। इस अवसर पर कलेक्टर ने कहा कि राजस्व न्यायालय में तत्काल निर्णय हो, सुनिश्चित किया जाये। राजस्व प्रकरण लंबित न रखे। अधिकारी अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन भलि-भांति करें। उन्होंने कहा कि बेहतर कार्य के लिए अधिकारी कार्यालयीन व्यवस्था भी सुव्यवस्थित रखना सुनिश्चित करें। बैठक में राजस्व से संबंधित अपील, पुनरीक्षण, डायवर्सन, बंदोबस्त त्रुटि सुधार, विवादित नामांतरण, अविवादित नामांतरण, अभिलेख सुधार, विवादित-अविवादित खाता विभाजन, नक्शा कटना, आबादी सर्वे निपटारा, अतिक्रमण, भू-अर्जन, आबादी पट्टा वितरण, ई कोर्ट के लंबित प्रकरण, भुइया सॉफटवेयर अभिलेख का दुरुस्तीकरण, नक्शा दुरुस्तीकरण, भूमि अर्जन, भूमि आबंटन, जवाब दावा सहित अन्य राजस्व प्रकरणों की गहन समीक्षा की गई। कलेक्टर ने समय-सीमा के प्रकरणों को शीघ्र निराकृत करने के निर्देश दिये। कलेक्टर ने बताया कि जिस हल्का पटवारी में आवेदनों की संख्या अधिक होगी, वहां पर राजस्व अमला टीम का गठन करते हुए छोटे-छोटे शिविर लगाकर प्रकरणों का निराकरण कराना सुनिश्चित करेंगे।

## बिजली-पानी की समस्या से जूझ रहे श्रमिकों ने रैली निकाल कर किया विरोध प्रदर्शन

**मनेन्द्रगढ़** 14 दिसंबर (देशबन्धु)। एसईसीएल हसदेव एरिया के झगड़ाखाण्ड उपक्षेत्र के सैकड़ों श्रमिकों ने हिन्द मजदूर सभा के आह्वान पर बिजली की कटौती बंद करने और पीने के पानी की रोज़ आपूर्ति की मांग को लेकर मशाल जुलूस निकाल अपने विरोध का प्रदर्शन किया। बडी तादाद मे महिला श्रमिकों की भागीदारी इस प्रदर्शन मे रही । एकता नगर स्टेडियम से प्रारंभ कर कलेक्टर और एसपी के आवास के सामने से होते हुये मशाल जुलूस मुख्य मार्ग से बी सीम स्थित उपक्षेत्रीय कार्यालय मे ज्ञापन दे कर समाप्त हुआ। हिन्द मजदूर सभा के क्षेत्रिय अध्यक्ष श्री सुनील पाण्डेय ने कहा कि कालोनियों मे कुल कटौती 8 से 10 घंटों तक हो रही है। 72 घंटों मे पीने का पानी मिल रहा है। लगातार एच एम एस विरोध कर रही है लेकिन प्रबंधन और प्रशासन के कानों पर जूं नही रेंग रही है । ऐसे मे मशाल जुलूस के द्वारा अपनी पीड़ा हम ब्यक्त कर रहे हैं। आंदोलन का यह पहला पड़ाव है।



हिन्द मजदूर सभा की ओर से अख़्तर जावेद उस्मानी ने बताया कि वेस्ट झगड़ाखाण्ड और हल्दी बाड़ी कालरी का सम्मिलित घाटा ? 9000/ प्रति टन उत्पादन के स्तर पर पहुंच रहा है। इसमे बिजली का बिल लगभग ? 900/- प्रति टन है। पिछले माह बिजली का बिल ? 12 करोड़ का आया है। कालरी क्षेत्र के बच्चे पढ़ नहीं पा रहे हैं। खदान बंद होने की हालत मे है। मुख़्यालय खदानों को बंद करने के फ़िराक़ मे है। घाटे के नाम पर मजदूरों का संडे डियूटी बंद कर दिया गया है। ओव्हर टाईम भी नही मिल रहा है। लेकिन किसी को चिंता नहीं है । लेकिन हम खदानों को बंद होने नहीं दे सकते,

अब तो जनवरी 2024 मे महाप्रबंधक कार्यालय और फिर कलेक्टर एमसीबी के कार्यालय के समक्ष आंदोलन प्रदर्शन और अनशन किया जायेगा। जिसकी नोटिस जनवरी मे दी जायेगी। लक्ष्य हासिल होने तक आंदोलन जारी रहेगा।

आंदोलन को सफल बनाने मे श्री तन्मय पालित, सुरेश पटेल, चन्द्र भान पाल, सुजीत गांगुली, रामभजन यादव, राजकुमार साहू, चंदन सरकार, समनजीत सरकार, सुनील सिंह, होलीराम, पूरन प्रदीप पन्ना लाल रवि जायसवाल, बर्कुल्लाह, सुनील गुप्ता, अमजद शिव प्रसाद सहित महिला श्रमिकों चन्द्रा कुमारी, फूलवती सिंह, सोनाली मसीह, सरोज, राजकुमारी, सावित्री, संजू आदि की प्रमुख भागीदारी रही।

# सार-संक्षेप

## छत्तीसगढ़ क्रांतिकारी शिक्षक संघ ने विधायक उत्तरी का किया सम्मान



**सारंगढ़** 14 दिसंबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ क्रांतिकारी शिक्षक संघ के प्रदेश अध्यक्ष लैलून कुमार भारद्वाज के नेतृत्व में विधायक उत्तरी गनपत जांगड़े का फूल माला गुलदस्ता भेंटकर सम्मान किया। शिक्षकों ने अपनी समस्याओं से उन्हें अवगत कराकर त्वरित निराकरण करने की मांग की। इस दौरान क्रांतिकारी शिक्षक संघ के प्रांतीय पदाधिकारी कौशल कुमार राठिया, सुभाषचंद्र पटेल, रामशरण भारद्वाज, हुतेन्द्र कुमार साहू, गजेंद्र चौहान, नंदकुमार बंजारे, तृतीय वर्ग कर्मचारी संघ के जिला अध्यक्ष फकीरा यादव, व्याख्याता चैतन पटेल सर, जिला अध्यक्ष प्रमोद कुमार महेश, ब्लाक अध्यक्ष विमल कुमार अजगल्ले, चुनेंद्र कुमार लहरे, मुरलीधर पटेल, मोहन लाल जांगड़े, महंगू दास भारद्वाज, चंद्रहास चौहान, विषेसर खरे, उमाशंकर अनंत, रोहित लक्ष्मे, लखन धैर्य, पी आर सारस्वत, श्रीमती चम्पा सारस्वत, श्रीमती सोमप्रभा अनंत, श्रीमती उषा बंजारे, श्रीमती ऊषा बर्मन, दिनेश अनंत अम्बिका प्रसाद चौहान, कलाराम जोल्हे, राजेंद्र बंजारे इत्यादि बड़ी संख्या में क्रांतिकारी शिक्षक संघ के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## लोक अदालत 16 दिसंबर को

**सारंगढ** 14 दिसंबर (देशबन्धु)। लोक अदालत 16 दिसंबर शनिवार को हाईकोर्ट, जिला एवं सत्र न्यायालय, अपर जिला एवं सत्र न्यायालय, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम, द्वितीय न्यायालय, किशोर न्याय बोर्ड, श्रम न्यायालय, उपभोक्ता फोरम, राजस्व न्यायालय (तहसीलदार, एसडीएम, अपर कलेक्टर) आदि में आयोजित किया जा रहा है। इस दिन किसी भी केस के दोनों पक्षकार राजीनामा, जुर्माना दंड और नगरपालिका, नगर पंचायत, बैंक छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत कंपनी के बकाया बिजली बिल आदि के जुर्माना शुल्क भुगतान कर प्रकरण को समाप्त कर सकते हैं नेशनल लोक अदालत के लिए नोडल व सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त-- छत्तीसगढ़ विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार जिला सारंगढ-बिलाईगढ अन्तर्गत नेशनल लोक अदालत संबंधी राजस्व न्यायालयों के मामलों को अधिकाधिक संख्या में निराकरण हेतु रखने निराकृत प्रकरणों की जानकारी विभाग को प्रेषित करने तथा संबंधित बैठक में उपस्थित होने हेतु कलेक्टर के निर्देश पर अपर कलेक्टर ने डिप्टी कलेक्टर टी आर माहेश्वरी को नोडल अधिकारी व सहायक अधीक्षक कमलकांत स्वर्णकार को सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किया है।

## राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण दिवस पर चित्रकला प्रतियोगिता

**कोरबा-बालकोनगर,** 14 दिसंबर (देशबन्धु)। भारत एल्यूमिनियम कर्मचारी शिक्षण समिति इंटक बालको द्वारा संचालित बाल सदन उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण दिवस के अवसर पर चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। विद्यालय के विद्यार्थियों ने प्रतियोगिता में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। प्रतियोगिता का विषय ऊर्जा संरक्षण रखा गया था जिसमें सभी बच्चों ने अपनी कला का सुंदर प्रदर्शन किया। अंत में बालको की तरफ से सभी प्रतिभागियों को नाश्ते का वितरण किया गया। सभी का योगदान सराहनीय रहा। बाल सदन स्कूल के समस्त पदाधिकारी व समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं ने होनहार बच्चों के उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी।

## गुरू घासीदास जयंती के अवसर पर शुष्क दिवस घोषित

**अम्बिकापुर** 14 दिसंबर (देशबन्धु)। कलेक्टर श्री कुंदन कुमार के द्वारा 18 दिसम्बर 2023 को गुरू घासीदास जयंती के अवसर पर जिले में मदिरा दुकानों को बंद रखने हेतु शुष्क दिवस घोषित किया गया है। उन्होंने बताया कि इस दौरान जिले की देशी-विदेशी मदिरा दुकानें, एफ.एल.8 एवं मद्य भण्डारण बंद रखी जाएगी। इस दिन मदिरा का विक्रय परिवहन एवं परोसना पूर्णतः बंद रहेगा।

## अंडर 16 फाइनल में जीता रायगढ़

**रायगढ़** 14 दिसंबर (देशबन्धु)। बीसीसीआई के द्वारा निर्देशित अंडर 16 प्लेट ग्रुप टूर्नामेंट का आयोजन के फाइनल मे रायगढ़ ने महासमुंद को 261 से हराकर जीत लिया है। इस जीत से रायगढ़ ने पहली बार अंडर 16 प्लेट ग्रुप प्रतियोगिता को जीतकर इतिहास रच दिया है। जिला क्रिकेट संघ के सचिव रामचन्द्र शर्मा ने बताया कि प्लेट ग्रुप में प्रदेश की 12 टीमों ने हिस्सा लिया। 4 ग्रुप बनाये गए जिसमें प्रत्येक टीम को 2 मैच खेलने का मौका मिला। 2 दिवसीय मैच वाले इस प्रतियोगिता मे प्रारंभिक मैचों मे रायगढ़ ने कोरिया एवं सरगुजा को एकतरफा हराया। सेमीफाइनल मे उसका मुकाबला जशपुर से हुआ। यहां भी एकतरफा जीत हुई।

सचिव रामचन्द्र शर्मा ने बताया कि भिलाई के सेक्टर 1 मैदान मे खेले जाने वाले फाइनल मैच मे महासमुंद ने टॉस जीतकर गेंदबाजी का फैसला किया। जिसमें रायगढ़ ने पहले बल्लेबाजी करते हुए अंशुल के 76 रन, अंकित के 46, दैविक के 64 एवं विवेक दुबे के 35 रनों की सहायता से कुल 276 रन बनाए। इसके जवाब में महासमुंद की टीम को मात्र 113 रन मे ऑल आउट कर दिया। महासमुंद के आयुष द्विवेदी ने 37 रन बनाए, जबकि रायगढ़ के विवेक दुबे ने 4, एवं निखिल पटेल ने 2 विकेट लिए। फाइनल मैच 3 दिवसीय रहा। जिसमें दूसरी पारी मे रायगढ़ ने बल्लेबाजी करते हुए 228 रन बनाए इस प्रकार पहली पारी की 163 रन की बढ़त को मिलाकर 392 रनों का लक्ष्य महासमुंद टीम को दिया। रायगढ़ की दूसरी पारी में अंकित बंजारे की शानदार 81 रन, अंशुल के 32, नमन के 28 ऑलराउंडर निखिल पटेल के 49 रन शामिल रहे। अंतिम पारी मे महासमुंद ने खेलते हुए मात्र 131 रन बनाए इस प्रकार रायगढ़ की टीम ने 261 रनों से विजयश्री प्राप्त की।

रायगढ़ की इस ऐतिहासिक जीत पर अध्यक्ष संतोष पाण्डेय सचिव रामचन्द्र शर्मा, किशोर पटनायक, पंकज बोहिदार, संतोष मिश्रा, महेश्वर मिश्रा, जफर उल्लाह सिद्धीकी, वरिष्ठ अम्पायर विशाल सिंघानिया, महेश वर्मा, जिला स्तरीय अम्पायर महेश दधीचि, चंद्रेश यादव, मलय आईच, आदित्य शर्मा, कोषाध्यक्ष आशीष शर्मा, महेन्द्र साव, राजा गोरख, अभिषेक गुप्ता, शानू भयानी, हिमांशु चावड़ा आदि ने प्रसन्नता जाहिर करते हुए आने वाले मैचों हेतु शुभकामनाएं दी है।

**पूरे टूर्नामेंट मे छाए रहे ये खिलाड़ी:** प्रतियोगिता के आरंभ से लेकर अंत तक रायगढ़ के अंडर 16 खिलाडियों की धूम मची रही। अलग-अलग मैचों मे अलग - अलग खिलाडियों ने शानदार प्रदर्शन किया। इसमें मुख्य रूप से अंशुल सिंह ने ऑलराउंड प्रदर्शन कर 236 रन बनाए और 18 विकेट लिए। विवेक दुबे ने शानदार 227 रन बनाए व 16 विकेट लिए, वहीं निखिल पटेल ने जबरदस्त प्रदर्शन कर गेंदबाजी मे 22 विकेट लिए। और 80 रन बनाकर बल्लेबाजी मे भी योगदान दिए। दूसरी ओर अंकित बंजारे ने 2 अर्धशतक के साथ 189 रन, दैविक महामिया ने 1 अर्धशतक के साथ 176 रन, नमन वालेचा ने 162 रन, गेंदबाज अंकित मिश्रा ने 8 विकेट लेकर अपना-अपना महत्वपूर्ण योगदान रायगढ़ की जीत के मार्ग को प्रशस्त बनाने मे दिया।

# शहीद के परिजनो से मिलने पहुंचे उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा





## शहीद के पिता से गले लगकर व्यक्त की सांत्वना

**जांजगीर,** 14 दिसम्बर (देशबन्धु)। गत बुधवार को नारायणपुर जिले में हुए आईईडी ब्लास्ट में सक्ती जिले के हसौद निवासी शहीद हुए सपूत कमलेश साहू के परिजनों से मिलने आज छत्तीसगढ़ के नवनियुक्त उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा पहुंचे। उपमुख्यमंत्री ने शहीद को श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने शहीद के पिता से गले लगकर सांत्वना व्यक्त की। कमलेश साहू के शहादत की खबर से हसौद क्षेत्र सहित पूरे सक्ती जिले में शोक की लहर व्याप्त है। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा शहीद कमलेश साहू के घर पहुंचे और शहीद के पिता मुंगेश्वर साहू, माता श्रीमती तारा देवी साहू, पत्नी श्रीमती वृंदाबाई साहू समेत शहीद की बड़ी बहन श्रीमती कमलेश्वरी साहू और छोटे भाई यशवंत साहू सहित अन्य परिजनों से मुलाकात कर ढांढस बंधाया। साथ ही ईश्वर से दुख की इस घड़ी में शहीद के परिजनों को इस दर्द को सहने के लिए प्रार्थना की। उन्होंने कहा कि शहीद कमलेश साहू आदम्य साहस का परिचय देते हुए वीरगति को प्राप्त हुए है, उनकी शहादत को नमन है। इसके साथ ही विधायक केदार कश्यप, जैजैपुर विधायक बालेश्वर साहू, चंद्रपुर विधायक रामकुमार यादव, कृष्ण कांत चंद्रा, निर्मल सिंहा सहित विभिन्न जनप्रतिनिधि, जिला सक्ती की कलेक्टर श्रीमती नूपुर राशि पन्ना, पुलिस अधीक्षक एमआर आहिरे, क्षेत्र के गणमान्य नागरिक और बड़ी संख्या में ग्रामीणजनों ने श्रद्धांजलि अर्पित की।

# धान खरीदी कार्य में नहीं होनी चाहिए लापरवाही - कलेक्टर



## धान उपार्जन केन्द्र राहौद का किया आकस्मिक निरीक्षण

**जांजगीर,** 14 दिसम्बर (देशबन्धु)। कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी ने धान उपार्जन केन्द्र राहौद का आकस्मिक निरीक्षण किया। कलेक्टर ने धान खरीदी केन्द्र में कांटा-बांट, नापतौल, बायोमेट्रिक डिवाइस का उपयोग, सीसीटीवी कैमरा, रखरखाव, पेयजल सहित अन्य व्यवस्थाओं की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि धान खरीदी के कार्य में किसी प्रकार की लापरवाही नहीं होनी चाहिए। कलेक्टर ने धान खरीदी केन्द्र में बारदाने की उपलब्धता, किसानों का आधार लिंकिंग, टोकन के आधार पर धान खरीदी का अवलोकन किया एवं आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। कलेक्टर ने धान खरीदी केंद्रों में धान खरीदी की सतत निरागनी रखने तथा कोचियों एवं बिचौलियों से अवैध धान की खरीदी-बिक्री पर सख्त कार्रवाई करने के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया। कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों एवं नोडल अधिकारियों को धान खरीदी केन्द्रों का नियमित निरीक्षण करने के निर्देश दिए। इस दौरान एसडीएम पामगढ़ आर के तंबोली, जिला खाद्य अधिकारी एवं संबंधित अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

## अवैध परिवहन एवं उत्खनन करते 7 वाहन जब्त

**जांजगीर,** 14 दिसम्बर (देशबन्धु)। खनिज विभाग के उड़नदस्ता दल द्वारा जिले के शिवरीनारायण, बिर्रा, बम्हनीडीह एवं पीथमपुर क्षेत्र में खनिजो के अवैध परिवहन वाहनो व अवैध भण्डारण करने वाले स्थलो का औचक जाँच किया गया।

खनिज अधिकारी हेमंत चेरपा ने बताया कि जिले में अवैध परिवहन करने वाले खनिज रेत के 07 प्रकरण (05 ट्रैक्टर, 02 हाईवा) दर्ज किया गया। इस प्रकार जिले में खनिजो के अवैध परिवहन करने वाले 07 वाहनो को जप्त कर अवैध परिवहन का प्रकरण दर्ज किया जाकर खनिज नियमो के तहत कार्यवाही की जावेगी। समस्त वाहनो को पुलिस अभिरक्षा मे रखा गया है। कलेक्टर के निर्देशानुसार जिले में खनिज के अवैध उत्खनन, परिवहन, भण्डारण पर प्रभावी नियंत्रण हेतु जिला स्तरीय टास्क फोर्स द्वारा विशेष अभियान चलाकर निरन्तर जाँच किया जा रहा है।

## कुवर सिंह मधुकर लखपति कृषक पुरस्कार से सम्मानित

### भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद द्वारा किया गया सम्मानित



**जांजगीर,** 14 दिसम्बर (देशबन्धु)। कृषि विज्ञान केन्द्र, जांजगीर-चांपा के मार्गदर्शन में कार्य कर रहे विकासखण्ड पामगढ़ के ग्राम-बारगांव के कृषक कुवर सिंह मधुकर को भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद नई दिल्ली द्वारा लखपति कृषक पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

केन्द्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख डॉ. राजीव दीक्षित ने बताया कि कुवर सिंह मधुकर सन् 2019-20 से साग-सब्जी की उन्नत कृषि का कार्य कर रहे है। उद्यानिकी विभाग के सहयोग से बारगांव में खेती प्रारंभ की। कृषि विज्ञान केन्द्र जांजगीर-चांपा के वैज्ञानिक के मार्गदर्शन से वे जिले के प्रथम लखपति कृषक के सम्मान से गौरान्वित हुये। उनके द्वारा 16 एकड़ में साग-सब्जीयों की उन्नत खेती की जाती है। जिसमें प्रमुखतः-बैंगन, टमाटर, गोभी, कदुवर्गीय सब्जियां ली जा रही है। बेमौसम सब्जी की खेती हेतु 2 शेड नेट हाउस की भी स्थापना उद्यानिकी विभाग के सहयोग से की गई है। साथ ही साथ ड्रिप सिंचाई, व्यवस्था व कृषि की उन्नत तकनीक को अपनाकर उन्होने ये सफलता अर्जित की है। श्री मधुकर ने इस सफलता का श्रेय कृषि विज्ञान केन्द्र के वैज्ञानिकों व उद्यानिकी विभाग के अधिकारी कर्मचारियों को दिया। उनके द्वारा बताया गया कि वैज्ञानिकों का सहयोग व मार्गदर्शन समय-समय पर मिलते रहने से ही उन्होंने लखपति कृषक होने का गौरव प्राप्त किया।

## अपर कलेक्टर ने धान खरीदी केंद्र, तहसील कार्यालय, स्कूल का किया निरीक्षण



**जांजगीर,** 14 दिसम्बर (देशबन्धु)। कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी के निर्देशन में अपर कलेक्टर एसपी वैद्य ने धान खरीदी केंद्र, तहसील कार्यालय सारागांव एवं स्कूल का निरीक्षण किया। अपर कलेक्टर ने आज धान खरीदी केंद्र कोसमंदा, कमरीद, सारागांव, चोरिया और लखाली का औचक निरीक्षण किया गया। इस दौरान उन्होंने खरीदी प्रभारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने तहसील कार्यालय सारागांव का निरीक्षण कर उपस्थित अधिवक्तागण एवं पक्षकारों से मुलाकात कर चर्चा की एवं संबंधित अधिकारियों को लंबित प्रकरणों का शीघ्र निराकरण हेतु निर्देशित किया। इसके साथ अपर कलेक्टर वैद्य ने प्राथमिक शाला सरवानी में छात्र-छात्राओं की शैक्षणिक गतिविधियों, शिक्षकों की उपस्थिति की जांच की और आवश्यक निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान एसडीएम चांपा नीरनिधि नंदेहा उपस्थित थे।

## अग्निवीर थल सेना भर्ती रैली में 6875 युवा होंगे शामिल

**जांजगीर,** 14 दिसम्बर (देशबन्धु)। भारतीय सेना में अग्निवीर व थल सेना की भर्ती भर्ती रैली का आयोजन पुलिस लाइन जांजगीर में कल15 दिसंबर से किया जाएगा जो 23 दिसंबर तक चलेगा। इस भर्ती में मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ के सीईई आनलाइन उत्तीर्ण करने वाले 6875 अभ्यर्थी शामिल होंगे। पुलिस लाइन में भर्ती रैली की तैयारी पूरी कर ली गई है। सेना के अधिकारियों ने मोर्चा भी संभाल लिया है।

सेना द्वारा अप्रैल 2023 में आनलाइन सामान्य प्रवेश परीक्षा का आयोजन किया गया था, जिसमें कई राज्यों के युवा परीक्षा में शामिल हुए थे। जिसमें छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश के 6875 अभ्यर्थियों ने इस परीक्षा को पास किया है। ऐसे युवकों की शारीरिक दक्षता जांचने के लिए सेना कार्यालय रायपुर द्वारा फिजिकल टेस्ट के लिए पुलिस लाइन जांजगीर में भर्ती रैली आयोजित की जा रही है।

सेना भर्ती रैली की प्रक्रिया में इस बार परिवर्तन किया गया है। पहले फिजिकल होता था उसके बाद लिखित परीक्षा होती थी मगर अब पहले लिखित परीक्षा होती है उसके बाद लिखित परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले युवाओं की फिजिकल जांच होती है। जिसमें अभ्यर्थी को 1600 मीटर परिधि पार करना होगा। एक बार में अधिकतम 100 युवाओं को एक साथ दौड़ाया जाएगा। जिसमें टाइमलाइन के मुताबिक प्रथम आने वाले अभ्यार्थियों के आगे की प्रक्रिया होगी। पहले चरण में केवल 1600 मीटर का दौड़ होगा, वहीं महिला अभ्यर्थी के लिए 100 मीटर की दौड़ होगी। उसके बाद अभ्यर्थी को बायोमेट्रिक्स अटेडेंस देना होगा। फिर सभी दौड़ में पास हुए अभ्यर्थी जिगजैक पार करेंगे। उसके बाद सभी फिजिकली टेस्ट के बाद मेडिकल टेस्ट देना होगा, जिसमें उनका सभी प्रकार की मेडिकल जांच की जाएगी।

## कॉमन लॉ एडमिशन टेस्ट, अभ्युदय को छग में प्रथम स्थान



**जांजगीर,** 14 दिसम्बर (देशबन्धु)। कॉमन लॉ एडमिशन टेस्ट (सीएलएटी) 2024 में नगर के छात्र अभ्युदय पाण्डेय ने अखिल भारतीय स्तर पर 92 रैंक एवं छत्तीसगढ़ में 1 रैंक प्राप्त कर नगर, जिला एवं प्रदेश को गौरवान्वित किया है। अभ्युदय के पिता जितेंद्र पाण्डेय ओरिजिन कोचिंग के संचालक एवं माता श्रीमती किरणलता पाण्डेय शासकीय उच्च माध्य. विद्यालय सिवनी में व्याख्याता हैं। अभ्युदय की इस सफलता पर बहन वर्चला पाण्डेय, चाचा भूपेन्द्र पाण्डेय सहित उनके परिवारजन, शिक्षकगण तथा मित्रगणों ने हर्ष व्यक्त किया है।

## विधानसभा क्षेत्र के विकास के लिए प्रतिबद्ध हूं राघवेंद्र कुमार सिंह

**जांजगीर,** 14 दिसम्बर (देशबन्धु)। कन्नौजे रजक समाज सेवा समिति जिला जांजगीर चांपा के पदाधिकारीयो द्वारा अकलतरा विधानसभा के नव निर्वाचित विधायक राघवेंद्र कुमार सिंह से सौजन्य भेंट मुलाकात कर उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दी गई। रजक समाज के सदस्यों को संबोधित करते हुए विधायक राघवेंद्र कुमार सिंह ने कहा कि आप सभी के सहयोग एवं आशीर्वाद से ही कितनी बड़ी जीत संभव हो सका है। अकलतरा विधानसभा क्षेत्र के विकास के लिए मैं प्रतिबद्ध हूं। आप सभी की सक्रिय सहभागिता से क्षेत्र के विकास मैं आने वाली हर बाधा को आसानी से दूर किया जा सकता है।



कार्यक्रम में कन्नौजे रजक समाज सेवा समिति जिला जांजगीर चांपा के अध्यक्ष ईश्वरी कर्ष, कोषाध्यक्ष पितरेश उजागर, सचिव नयन भारती निर्मलकर, संभागीय संरक्षक ज्ञान सिंह निर्मलकर, जिलाप्रवक्ता एवम सह सचिव श्रवण कुमार निर्मलकर, हर प्रसाद निर्मलकर, लव निर्णेजक, संतोष निर्मलकर, कन्हैयालाल निर्मलकर, गोपाल निर्मलकर, जिला संरक्षक राम आश्रम निर्मलकर, संतोष निर्मलकर, थान सिंह निर्मलकर सुनील निर्मलकर उपस्थित थे।

# कलेक्टोरेट में विकसित भारत संकल्प यात्रा का प्रशिक्षण






**सारंगढ़** 14 दिसंबर (देशबन्धु)। कलेक्टर डॉ. फरिहा आलम सिद्दीकी के निर्देशन में कलेक्टोरेट सभाकक्ष में विकसित भारत संकल्प यात्रा (वीबीएसवाय) का प्रशिक्षण कार्यक्रम तीन पालियों में आयोजित किया गया। प्रथम पाली का प्रशिक्षण दोपहर 12 बजे द्वितीय 1 और तृतीय 3.30 बजे आयोजित किया गया। अपर कलेक्टर निष्ठा पांडेय तिवारी, संयुक्त कलेक्टर प्रकाश भारद्वाज और परियोजना निदेशक हरिशंकर चौहान ने तीनों पालियों में अधिकारियों-कर्मचारियों को प्रशिक्षित किया।

प्रशिक्षण में बताया गया कि यात्रा के दौरान सभी विभाग अपने विभाग से संबंधित हितग्राहियों का पहचान कर उनको यात्रा में शामिल करेंगे। जिले में संचालित योजनाओं आयुष्मान भारत, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, जीवन ज्योति बीमा, किसान क्रेडिट कार्ड, दीनदयाल अन्त्योदय योजना, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, पीएम आवास योजना ग्रामीण, हर घर जल-जल जीवन मिशन, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना सहित सिकलसेल, एनीमिया उन्मूलन मिशन, एकलव्य आवासीय विद्यालय में पंजीयन, छात्रवृत्ति योजना, वन अधिकार पट्टा, व्यक्तिगत एवं सामूहिक वन धन विकास केन्द्र, डिजीटल भुगतान अवसंरचना, स्वच्छ भारत अभियान (शहरी), पीएम मुद्रा लोन योजना, स्टार्ट अप इंडिया, स्टैंड अप इंडिया, पीएम आवास योजना (शहरी) आदि के हितग्राहियों को विकसित भारत संकल्प यात्रा में शामिल कर मेरी कहानी मेरी जुबानी अंतर्गत हितग्राहियों के अनुभव साझा करने के लिए प्रेरित किया जाएगा। संकल्प यात्रा के दौरान स्वागत और उत्सव टीम प्रचार रथ का स्वागत करेंगे। कृषि गतिविधियां अंतर्गत ड्रोन का प्रदर्शन, मृदा स्वास्थ्य कार्ड, किसानों से जैविक खेती पर बातचीत, ऑन स्पाट क्विज, महिला सदस्यों द्वारा धरती कहें पुकार के और स्वच्छता गीत पर सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत की जाएंगी। ग्राम पंचायत स्तर पर भूमि रिकार्ड का 100 प्रतिशत डिजिटलीकरण, ओडीएफ प्लस उपलब्धि, जल जीवन मिशन की संतृप्ति आदि की उपलब्धियों पर उत्सव मनाया जाएगा। इसी प्रकार ग्राम पंचायत और नगरीय क्षेत्रों में श्रेष्ठ प्रदर्शन पर अभिनंदन और पुरस्कार वितरित की जाएंगी।

## बाल गृह की स्थापना व संचालन हेतु प्रस्ताव आमंत्रित

**जांजगीर,** 14 दिसम्बर (देशबन्धु)। बालको के देखरेख और संरक्षण अधिनियम के अंतर्गत जिले में बाल गृह (बालक) की स्थापना व संचालन के लिए पंजीकृत अशासकीय संस्थायें, स्वैच्छिक संगठन जो बाल कल्याण, बाल संरक्षण के क्षेत्र में कार्यरत हो एजेंसी के संचालन हेतु 2 जनवरी 2024 तक प्रस्ताव आमंत्रित किये जाते हैं। बाल गृह बालक की स्थापना एवं संचालन हेतु इच्छुक संस्थाओ का आवेदन जिला कार्यक्रम अधिकारी, महिला एवं बाल विकास, जिला-जांजगीर-चांपा को सभी दस्तावेज एवं विवरण सहित आवेदन में प्रस्तुत कर सकेंगे।

# देश विदेश

## कंबोडिया ने शांति सैनिकों का नया जत्था सूडान भेजा

**नोम पेन्ह।** कंबोडिया ने गुरुवार को युद्धग्रस्त अफ्रीकी देश दक्षिण सूडान में संयुक्त राष्ट्र के शांति मिशन में शामिल होने के लिए 34 महिलाओं सहित 73 शांति सैनिकों का एक नया जत्था भेजा। नेशनल सेंटर फॉर पीसकीपिंग फोर्सेज के महानिदेशक जनरल सेम सोवानी ने कहा कि यह 12वीं बार है, जो कि देश ने 11वें बैच की जगह लेने के लिए अपने नीले हेलमेट वाले सैनिकों को दक्षिण सूडान भेजा है, जिसका एक साल का मिशन समाप्त हो गया था।

# हमास नेता गाजा युद्धविराम के लिए इजरायल के साथ वार्ता को तैयार

**गाजा,** 14 दिसम्बर (एजेंसियां)। हमास नेता इस्माइल हानियेह ने कहा है कि गाजा पर शासन करने वाला फिलिस्तीनी गुट इजरायल के साथ किसी भी व्यवस्था या पहल पर वार्ता करने के लिए तैयार है ताकि युद्धविराम हो सके।

शिन्हुआ की गुरुवार को जारी रिपोर्ट के मुताबिक हमास के राजनीतिक ब्यूरो के प्रमुख हनीयेह ने हमास से संबद्ध अल-अक्सा टीवी पर प्रसारित भाषण में कहा, हम किसी भी व्यवस्था या पहल पर चर्चा करने के लिए तैयार हैं जिससे इजरायल के हमले रुक सके। हमास के बगैर गाजा के भविष्य के संबंध में व्यवस्था सफल नहीं होगी। श्री हनियेह ने कहा कि हमास ने गाजा में तत्काल युद्धविराम की मांग करने वाले संयुक्त राष्ट्र महासभा के प्रस्ताव का स्वागत किया है और गाजा संघर्ष को समाप्त करने के लिए सऊदी अरब तथा संयुक्त अरब-इस्लामिक असाधारण शिखर सम्मेलन द्वारा सौंपी गई मंत्रिस्तरीय समिति के प्रयासों की भी सराहना की। उन्होंने हमास की ओर से युद्ध के बाद की किसी भी राजनीतिक व्यवस्था को अस्वीकार करने की पुष्टि की, जिसमें हमास और अन्य फिलिस्तीनी गुटों को शामिल नहीं हैं। उन्होंन साथ ही गाजा पर इजरायली हमलों को रोकने के लिए अंतरराष्ट्रीय दबाव बढ़ाने का भी अपील की है। इससे पहले इजरायली मीडिया ने कई हमास नेताओं के कतर से अज्ञात गंतव्यों की ओर प्रस्थान की रिपोर्ट दी थी।



■ युद्धविराम की मांग करने वाले संयुक्त राष्ट्र महासभा के प्रस्ताव का स्वागत किया

## इजरायल ने वेस्ट बैंक पर किया हमला, दो की मौत

**गाजा।** इजरायल ने वेस्ट बैंक के जेनिन शहर पर ड्रोन हमले किए, जिसमें फिलिस्तीन के करीब दो लोगों की मौत हो गयी और 10 अन्य घायल हो गए। फिलिस्तीन न्यूज एजेंसी वफा ने गुरुवार को जारी रिपोर्ट में यह जानकारी दी। एजेंसी ने बताया कि मारे गए लोगों में एक नाबालिग भी शामिल है, जबकि घायलों में से तीन लोगों को गंभीर चोटें आई हैं।

द टाइम्स ऑफ इज़राइल अखबार ने बताया कि इजरायली सेना जेनिन शरणार्थी शिविर में बड़े पैमाने पर ऑपरेशन कर रही है, जिसमें इजरायली बलों ने लगभग 400 इमारतों को स्कैन किया, सैकड़ों फिलिस्तीनियों को हिरासत में लिया, साथ ही हथियार और अन्य उपकरण भी जब्त किए। उल्लेखनीय है कि सात अक्टूबर को, फिलिस्तीनी आंदोलन हमास ने गाजा पट्टी से इज़रायल के खिलाफ बड़े पैमाने पर रॉकेट हमला किया और सीमा का उल्लंघन किया, जिसमें 1,200 से अधिक लोग मारे गए और लगभग 240 अन्य का अपहरण कर लिया गया। इज़रायल ने जवाबी हमले शुरू किए, गाजा की पूर्ण नाकाबंदी का आदेश दिया और हमास लड़ाकों को खत्म करने और बंधकों को बचाने के घोषित लक्ष्य के साथ फिलिस्तीनी इलाके में जमीनी घुसपैठ शुरू की।

## अमेरिकी होमलैंड सुरक्षा विभाग ने की गाजा संघर्ष से निपटने के तरीकों की निंदा की

**वाशिंगटन,** 14 दिसम्बर (एजेंसियां)। अमेरिकी होमलैंड सुरक्षा विभाग (डीएचएस) के सौ से अधिक कर्मचारियों ने गृह मंत्री एलेजांद्रो मयोरकास को एक खुले पत्र में गाजा पट्टी में संघर्ष से निपटने के विभाग के तौर-तरीकों की निंदा की है। अल जजीरा ने पत्र का हवाला देते हुए गुरुवार को यह जानकारी दी। पत्र में सौ से अधिक कर्मचारियों के हस्ताक्षर हैं। इससे पहले 22 नवंबर को लिखे गए पत्र में डीएचएस और अमेरिकी सीमा शुल्क और सीमा सुरक्षा, संघीय आपातकालीन प्रबंधन एजेंसी, आव्रजन तथा सीमा शुल्क प्रवर्तन एवं नागरिकता एवं आव्रजन सेवाएं शामिल 139 स्टाफ कर्मियों ने निराशा व्यक्त करते हुए गाजा पट्टी में संघर्ष से निपटने के तौर-तरीकों की निंदा की। रिपोर्ट में कहा गया है कि गाजा में 18,000 से अधिक मारे जाने वाले फिलिस्तीनियों के प्रति शोक और संवेदना के भाव विभाग के संदेश में स्पष्ट तौर पर नहीं दिखाई दिए हैं। प्रसारक ने पत्र के हवाले से कहा, गाजा में गंभीर मानवीय संकट और वेस्ट बैंक की ऐसी विकट परिस्थितियां हैं जिन पर विभाग आम तौर पर विभिन्न तरीकों से प्रतिक्रिया देगा। फिर भी डीएचएस नेतृत्व ने नागरिक, शरणार्थी शिविरों, अस्पतालों और एम्बुलेंसों पर बमबारी पर अपनी आंखें मूंदे हुए है। रिपोर्ट में पत्र का हवाला देते हुए स्टाफ सदस्य विभाग से 'स्थिति का निष्पक्ष और संतुलित प्रतिनिधित्व प्रदान करने तथा पेशेवर नतीजों के भय के बिना सम्मानजनक अभिव्यक्ति की अनुमति देने' का आह्वान करते हैं। गौरतलब है कि सात अक्टूबर को फिलिस्तीनी इस्लामिस्ट चरमपंथी समूह हमास ने गाजा पट्टी से इज़रायल पर बड़े पैमाने पर रॉकेट हमला किया और सीमा का उल्लंघन किया, जिसमें 1,200 से अधिक लोग मारे गए और लगभग 240 अन्य का अपहरण कर लिया गया था। इसके बाद इजरायल ने जवाबी हमले शुरू किए, गाजा की पूर्ण नाकाबंदी का आदेश दिया और हमास लड़ाकों को खात्म करने तथा बंधकों को बचाने के घोषणा के साथ फिलिस्तीनी इलाके में इजरायल सुरक्षा बलों ने जमीनी घुसपैठ शुरू की।



## सुडोकू 6406


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 9 | 8 | | | | | | |
| | 4 | 6 | 9 | | | | | |
| | | 2 | | 8 | | | | |
| 5 | | | 7 | | | 4 | | 8 |
| | | 3 | 2 | | 4 | 1 | | |
| 4 | | 1 | | | 8 | | | 7 |
| | | | | 7 | | 3 | | |
| | | | | | 3 | 9 | 5 | |
| | | | | | | 7 | 4 | 2 |

**: नियम :**

1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम, कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

**हल आज ही के अंक में**

## वर्ग पहेली 6406



**बायें से दायें:-**

१. इधर-उधर की बातें, गपशप
३. जहर पीना
५. हमेशा
६. वृद्धिकारक
७. बचा-खुचा
९. कलदार
१०. नियमबद्ध करना,
१२. नायाब
१३. यात्रियों का दल (उर्दू)
१४. क़त्ल करने की जगह
१६. निर्माण, सृजन
१८. नीति-विरुद्ध
२०. निषिद्ध, मनाही
२१. झूठ बोलने वाला
२३. किसी कहानी का मूल

**ऊपर से नीचे:-**

१. बुढ़ापा
२. स्वर्णनिर्मित
३. चीरने वाला, दिल दहलाने वाला
४. वर्षा ऋतु
५. निवारण, हल
८. रजामंद होना (मुहावरा)
१०. अवरोध रहित
११. अफसोस, दुख
१२. लाड़-प्यार, स्नेह
१३. वैधानिक (उर्दू)
१४. अधीनस्थ
१५. मुल्तवी, आगे के लिए बढ़ाया
१७. एक प्रसिद्ध पक्षी
१८. वरना
१९. अंधकार
२२. चिराग

### वर्ग पहेली-6405

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १ न | व | २ प्र | सू | ३ ता | ■ | ४ अं | ग | ५ रा | ज |
| ष्ट | ■ | या | ■ | ६ प | यो | द | ■ | जी | ■ |
| ७ नि | वा | स | ■ | रो | ■ | ८ रू | का | व | ९ ट |
| धि | ■ | र | ■ | १० ध | म | नी | ■ | ■ | टो |
| ■ | ११ वि | त | १२ र | क | ■ | ■ | १३ भू | चा | ल |
| ■ | धु | ■ | च | ■ | १४ स | वा | ल | ■ | ना |
| १५ प | र | १६ ख | ना | ■ | ह | ■ | १७ ना | १८ द | ■ |
| रि | ■ | लि | ■ | १९ ई | ना | २० म | ■ | हा | ■ |
| २१ प | पी | हा | ■ | जा | ■ | २२ ति | क | ड़ | २३ मी |
| क्व | ■ | २४ न | वो | द | क | ■ | ■ | ■ | न |

**युसूफ कुरैशी,** मो. 8109948408

## दैनिक पंचांग

mypandit.com 24 hour astrology service

■ बेजान दारूवाला

**ग्रह स्थिति : शुक्रवार 15 दिसम्बर , 2023 अगहन शुक्ल पक्ष 3**

### राशिफल

मेष - आज मन व्याकुल रहेगा और शरीर में आलस्य छाया रहेगा। स्वास्थ्य कुछ नरम-गरम हो सकता है। काम में सफलता देर से मिलेगी। विरोधियों के साथ वाद-विवाद टालें। दोपहर के बाद परिस्थिति में सुधार आएगा।

वृषभ - सरकार विरोधी काम और एक्टिविटी से दूर रहने की सलाह आपको दी जाती है। नए काम की शुरुआत ना करें। स्वास्थ्य भी बिगड़ सकता है। मन में किसी बात की चिंता रह सकती है।

मिथुन - आज का दिन सुख और शांतिपूर्वक गुजार सकेंगे। दैनिक कामों में कुछ ज्यादा ही व्यस्त रह सकते हैं। मन को प्रसन्न रखने के लिए आप मनोरंजन का सहारा लेंगे। मित्रों के साथ बाहर जाने का कार्यक्रम बन सकता है।

कर्क - व्यवसाय स्थल पर वातावरण अनुकूल रहेगा। मायके से अच्छे समाचार प्राप्त होंगे। पारिवारिक वातावरण भी अनुकूल रहेगा। विरोधियों को लाभ प्राप्त नहीं हो पाएगा। शारीरिक और मानसिक रूप से आप स्वस्थ रहेंगे।

सिंह - प्रणय प्रसंग के लिए आज का दिन अनुकूल है। फिर भी गुस्से पर संयम रखें। पेट से संबंधित रोगों से कोई कष्ट हो सकता है। दोपहर के बाद परिवार में आनंद और उल्लास का वातावरण रहेगा।

कन्या - आज शारीरिक ताजगी का आपमें अभाव रहेगा। किसी बात की चिंता से काम में मन नहीं लगेगा। धनहानि होने की आशंका है। क्रोध पर संयम रखें। काम में सफलता नहीं मिलने से निराशा हो सकती है।

तुला - नए काम की शुरुआत करने के लिए दिन अच्छा है। प्रिय व्यक्ति के साथ हुई मुलाकात आनंददायी रहेगी। भाग्यवृद्धि का अवसर मिलेगा। सामाजिक रूप से मान-सम्मान प्राप्त होगा।

वृश्चिक - निर्धारित काम न होने के कारण हताशा का अनुभव होगा। किसी भी महत्वपूर्ण काम का डिसीजन आज ना लें। पारिवारिक वातावरण में क्लेश रहेगा। दोपहर के बाद परिजनों तथा भाई-बहनों के साथ समय आनंदपूर्वक गुजार सकेंगे।

धनु - आज आपको आर्थिक लाभ मिलने के संकेत हैं। किसी स्नेहीजन के घर मांगलिक प्रसंग में उपस्थित रहना होगा। किसी मंदिर या धार्मिक जगह पर जाना हो सकता है। दांपत्यजीवन में सुख और आनंद मिलेगा।

मकर - कोर्ट कचहरी के मामलों से आज दूर रहें। मन में किसी बात को लेकर आज चिंता रह सकती है। आपके नकारात्मक विचार काम पर सीधा प्रभाव डालेंगे। वाणी पर संयम रखें। दुर्घटना का भय बना रहेगा। दोपहर के बाद स्वास्थ्य में सुधार होगा। मन में प्रसन्नता छाई रहेगी।

कुंभ - आज के दिन की शुरुआत लाभदायी है। सामाजिक और आर्थिक क्षेत्र में आप प्रगति करेंगे। किसी नए व्यक्ति से रिश्ता बन सकता है। दोपहर के बाद स्वास्थ्य कुछ बिगड़ेगा। परिवार में मनदु:ख होने से घर का वातावरण दूषित होगा। धन का खर्च अधिक होगा। अदालती कामों से संभलकर चलें। स्वभाव में उग्रता और क्रोध रह सकता है।

**नोट-उपरोक्त राशिफल बेजान दारूवाला द्वारा पूर्वलिखित है।**

## पाकिस्तान के पांच जिलों में पाए गए पोलियो वायरस

**इस्लामाबाद,** 14 दिसम्बर (एजेंसियां)। पाकिस्तान के पांच जिलों के पर्यावरण नमूनों में पोलियो वायरस पाया गया है। देश के राष्ट्रीय स्वास्थ्य सेवा विनियमन और समन्वय मंत्रालय ने यह जानकारी दी है। मंत्रालय ने बुधवार को एक बयान में कहा कि यह वायरस दक्षिण पश्चिम बलूचिस्तान प्रांत के दो जिलों के तीन नमूनों, उत्तर पश्चिम खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के दो जिलों के दो नमूनों और दक्षिणी बंदरगाह शहर कराची के एक नमूने में पाया गया। मंत्रालय ने कहा कि पोलियो कार्यक्रम की निगरानी प्रणाली बहुत मजबूत है।देश पोलियो उन्मूलन के लिए प्रयासरत है। इस संबंध में पोलियो के उच्च जोखिम वाले क्षेत्रों में एक एकीकृत रणनीति तैयार की गई है।

मंत्रालय ने रेखांकित किया कि माता-पिता को प्रत्येक पोलियो टीकाकरण अभियान के दौरान अपने बच्चों को पोलियो वैक्सीन अवश्य देनी चाहिए। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार अफ्रीका को पोलियो वायरस से मुक्त किए जाने के बाद अब केवल पाकिस्तान और अफगानिस्तान ही ऐसे देश बचे हैं जहां अभी तक पोलियो वायरस मौजूद है। स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा कि इस वर्ष पाकिस्तान में पोलियो के छह मामले सामने आए।

## जापान में फंड घोटाले को लेकर तीन मंत्रियों ने दिया इस्तीफा

**टोक्यो,** 14 दिसम्बर (एजेंसियां)। जापान में राजनीतिक फंड घोटाले को लेकर सत्तारुढ़ लिबरल डेमोक्रेटिक पार्टी (एलडीपी) के तीन मंत्रियों ने गुरुवार को अपने इस्तीफे दे दिए। स्थानीय मीडिया ने यह जानकारी दी है। सार्वजनिक प्रसारक एनएचके ने कहा कि अर्थव्यवस्था, व्यापार और उद्योग मंत्री यासुतोशी निशिमुरा, आंतरिक मामलों और संचार मंत्री जुनजी सुजुकी और कृषि, वानिकी और मत्स्य पालन मंत्री इचिरो मियाशिता ने आज अपने इस्तीफे सौंप दिए। एलडीपी पार्टी हाल ही में आरोपों के बीच भारी जांच के दायरे में रही है कि उसका सबसे बड़ा गुट राजनीतिक फंडिंग रिपोर्ट में धन उगाहने वाले आयोजनों के राजस्व में करोड़ों येन की घोषणा करने में विफल रहा। इस गुट के कई प्रमुख कैबिनेट और एलडीपी नेताओं, सेइवा नीति अध्ययन समूह, जिसका नेतृत्व पहले दिवंगत पूर्व प्रधानमंत्री शिंजो आबे ने किया था, के खिलाफ आरोप लगाए गए हैं।



### जापान में भूकंप के मध्यम झटके महसूस किए गए

बीजिंग। जापान के वोल्कानो द्वीप पर भूकंप के मध्यम झटके महसूस किए गए। रिक्टर पैमाने पर भूकंप की तीव्रता 5.2 मापी गयी। जेएफजेड जर्मन रिसर्च सेंटर फॉर जियोसाइंस ने बुधवार को यह जानकारी दी। स्थानीय समयानुसार आज तड़के करीब 06: 40 बजे वोल्कानो द्वीप में भूकंप के झटके महसूस किए गए। भूकंप की तीव्रता रिक्टर पैमान पर 5.2 मापी गयी। भूकंप का केन्द्र 23.07 डिग्री उत्तरी अक्षांश और 142.90 डिग्री पूर्वी देशांतर तथा सतह से 10 किलोमीटर की गहराई पर स्थित था।

## इटली अंतरिक्ष स्टेशन के लिए आवास मॉड्यूल का करेगा निर्माण

**रोम,** 14 दिसम्बर (एजेंसियां)। इटली आवासीय मॉड्यूल प्रदान करके अमेरिकी कंपनी एक्सिओम स्पेस की अंतरिक्ष में वाणिज्यिक स्टेशन बनाने की परियोजना में भाग लेगा।

प्रधानमंत्री कार्यालय 'चिगी पैलेस' ने बुधवार को यह जानकारी दी। बयान में कहा गया है, नए स्टेशन का एक हिस्सा थेल्स एलेनिया स्पेस इटालिया द्वारा निर्मित आवास मॉड्यूल से बनाया जाएगा, जो इन प्रौद्योगिकियों में विश्व में अग्रणी है। बयान में कहा गया है कि इटली 10 जनवरी, 2024 को होने वाले अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) के लिए एक्सिओम स्पेस के एक्स-3 मिशन में भी भाग लेगा। इतालवी वायु सेना के कर्नल वाल्टर विलादेई मिशन का संचालन करेंगे और विभिन्न वैज्ञानिक प्रयोगों का संचालन करते हुए अंतरिक्ष स्टेशन पर 14 दिन बिताएंगे।

बयान में कहा गया है कि नासा ने एक्सिओम स्पेस को वाणिज्यिक अंतरिक्ष स्टेशन के निर्माण और प्रबंधन का काम सौंपा है। यह इस तथ्य के बावजूद है कि आईएसएस का परिचालन जीवन 2030 तक समाप्त होने की उम्मीद है।



बयान में कहा गया है, सबसे पहले, इसे आईएसएस में जोड़ा जाएगा, लेकिन फिर इसे अलग होना चाहिए और स्वायत्त रूप से संचालित होना चाहिए, कक्षा में नासा को सेवाएं प्रदान करनी चाहिए और कम कक्षा में वाणिज्यिक निजी गतिविधियों का समर्थन करना चाहिए। एक्सिओम स्पेस वर्तमान में दुनिया का पहला वाणिज्यिक अंतरिक्ष स्टेशन बना रहा है। कंपनी की वेबसाइट के अनुसार, थेल्स एलेनिया स्पेस ने एक्सिओम स्टेशन के पहले मॉड्यूल की प्राथमिक संरचनाओं का निर्माण शुरू कर दिया है। एक्सिओम स्पेस 2026 में स्टेशन के पहले खंड को कम-पृथ्वी की कक्षा में प्रक्षेपित करने की योजना बना रहा है।

## ऑस्ट्रेलिया में 20 साल बाद महिला निर्दोष साबित

**कैनबरा,** 14 दिसम्बर (एजेंसियां)। ऑस्ट्रेलिया में न्यू साउथ वेल्स की सुप्रीम कोर्ट ने चार बच्चों की हत्या के आरोप में 20 साल से जेल में बंद महिला को गुरुवार को दोषमुक्त कर दिया। न्यायालय ने कैथलीन फोल्बिग (50) के पक्ष में फैसला सुनाया गया। न्यायालय के अनुसार महिला के खिलाफ अभियोजक पुख्ता सबूत प्रस्तुत करने में विफल रहे इसलिए महिला को निर्दोष ठहराते हुए रिहा कर दिया गया। सुश्री फोल्बिग ने कहा कि उनकी बेगुनाही के सबूत को दशकों से अनदेखा और खारिज किया गया है। उन्होंने अदालत के बाहर कहा, सिस्टम ने यह स्वीकार करने के बजाय कहा कि कभी-कभी बच्चे अचानक और अप्रत्याशित रूप से तथा हृदयविदारक रूप से मर सकते हैं। सुश्री फोल्बिग के मामले को ऑस्ट्रेलिया में न्याय की सबसे बड़ी चूक में से एक बताया गया है। दरअसल, मामला महिला के चार नवजात बच्चे कालेब, पैट्रिक, सारा और लौरा की मृत्यु से संबंधित था। इनमें से प्रत्येक बच्चे की 1989 और 1999 के बीच अचानक मृत्यु हो गई, जिनकी आयु 19 दिन से 18 महीने के बीच थी। उसके मुकदमे में अभियोजकों ने आरोप लगाया कि महिला ने उनका गला घोंट दिया था।

### सुडोकू 6406 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 9 | 8 | 1 | 4 | 6 | 2 | 7 | 5 |
| 7 | 4 | 6 | 9 | 2 | 5 | 8 | 1 | 3 |
| 1 | 5 | 2 | 3 | 8 | 7 | 6 | 9 | 4 |
| 5 | 6 | 9 | 7 | 3 | 1 | 4 | 2 | 8 |
| 8 | 7 | 3 | 2 | 5 | 4 | 1 | 6 | 9 |
| 4 | 2 | 1 | 6 | 9 | 8 | 5 | 3 | 7 |
| 9 | 1 | 4 | 5 | 7 | 2 | 3 | 8 | 6 |
| 2 | 8 | 7 | 4 | 6 | 3 | 9 | 5 | 1 |
| 6 | 3 | 5 | 8 | 1 | 9 | 7 | 4 | 2 |

## आज का इतिहास

1749-छत्रपति शिवाजी के पोते शाहू की मौत हुई।
1803-ईस्ट इंडिया कंपनी ने उड़ीसा (अब ओडिशा) पर क़ब्ज़ा किया।
1911-बनारस हिन्दू यूनिवर्सिटी सोसाइटी की स्थापना हुई।
1916-प्रथम विश्व युद्ध के दौरान वेरदून में हुई लड़ाई में फ्रांस ने जर्मनी को हराया।
1917-मोलदावियन गणराज्य ने रूस से स्वतंत्र होने की घोषणा की।
1950-भारत के स्वतन्त्रता संग्राम सेनानी एवं स्वतन्त्र भारत के प्रथम गृह मंत्री सरदार वल्लभ भाई पटेल का निधन।
1953-भारत की एस विजयलक्ष्मी पंडित संयुक्त राष्ट्र महासभा के आठवें सत्र की प्रथम महिला अध्यक्ष चुनी गई।
1965-बंगलादेश में गंगा नदी के तट पर आये चक्रवात में 15,000 लोगों की मौत हुई।
1970-पश्चिम बंगाल में भारतीय जनता पार्टी के नेता शुभेन्दु अधिकारी का जन्म।
1976-भारत के प्रसिद्ध फुटबॉल खिलाड़ियों में से एक बाइचुंग भूटिया का जन्म।
1991-जाने माने फिल्म निर्माता सत्यजीत रे सिनेमा जगत में उनकी उपलब्धियों के लिए स्पेशल ऑस्कर से नवाजा गया।
1993-जेनेवा में गैट (व्यापार एवं तटकर पर आम अहमति) विश्व व्यापार समझौते पर 126 देशों द्वारा हस्ताक्षर।
1995-यूरोपीय यूनियन के नेताओं में समग्र एकीकृत यूरोप की मुद्रा यूरो के लिए सहमति।
1997-अरुंधति रॉय को उनके उपन्यास 'द गॉड ऑफ स्मॉल थिंग्स' के लिए ब्रिटेन के सबसे प्रतिष्ठित साहित्यिक पुरस्कार 'बुकर पुरस्कार' से नवाजा गया।
2000-चेरनोबिल रिएक्टर सदा के लिए बंद।
2001-इटली में पीसा की झुकी मीनार को 11 साल बंद रहने के बाद दोबारा खोला गया।

**बयान** — *संयुक्त राष्ट्र महासभा अध्यक्ष ने बातचीत से किया आग्रह*

# सुरक्षा परिषद सुधार पर गतिरोध दूर हो

**संयुक्त राष्ट्र, 14 दिसम्बर (एजेंसियां)। संयुक्त राष्ट्र महासभा के अध्यक्ष डेनिस फ्रांसिस ने विश्व निकाय के सदस्यों से बातचीत के जरिए सुरक्षा परिषद सुधार पर गतिरोध को दूर करने की अपील की है। सुरक्षा परिषद रिफॉर्म पर ग्लोबल साउथ थिंक टैंक के एक सम्मेलन में उन्होंने बुधवार को कहा, दुनिया भर में संघर्ष फैल रहा है, ऐसे में सुरक्षा परिषद चिंताजनक स्थिति में फंसी हुई लगती है। ऐसा माना जाता है कि परिषद अपने मैंडेट को पूरा नहीं कर रही है। परिणामस्वरूप, पूरे संयुक्त राष्ट्र की विश्वसनीयता खतरे में है।**

हमें एक ऐसी परिषद की आवश्यकता है जो अधिक संतुलित, अधिक प्रतिनिधित्वपूर्ण, अधिक उत्तरदायी, अधिक लोकतांत्रिक और अधिक पारदर्शी हो। यूएनजीए प्रमुख ने कहा कि सुधार लाने के लिए, सदस्य देशों को बातचीत से मुद्दे का समाधान ढूंढना होगा। हमारा उद्देश्य सतत गतिरोध से आगे बढ़ने के तरीके ढूंढना और/या बनाना होना चाहिए। गोलमेज सम्मेलन का आयोजन एल- 69 द्वारा किया गया था, जो भारत के संयुक्त राष्ट्र मिशन के सहयोग से सुरक्षा परिषद में सुधार की वकालत करने वाले दुनिया भर के 30 से अधिक देशों का एक समूह है। भारत की स्थायी प्रतिनिधि रुचिरा कंबोज ने परिषद की वर्तमान संरचना को कालभ्रमित बताया जो पिछले दशकों में अंतरराष्ट्रीय संबंधों में आए बदलावों के अनुकूल ढलने में विफल रही है। उन्होंने कहा, सुरक्षा परिषद की स्थायी सदस्यता में ग्लोबल नॉर्थ के देशों की प्रधानता है, इसे बदलना होगा।



'संयुक्त राष्ट्र की विश्वसनीयता खतरे में'

परिषद को न केवल विस्तार करना चाहिए, बल्कि यह सुनिश्चित करते हुए लोकतंत्रीकरण भी करना चाहिए कि गैर-स्थायी सदस्यों की भी निर्णय लेने की प्रक्रियाओं में महत्वपूर्ण भूमिका हो। उन्होंने कहा, हम ग्लोबल साउथ का प्रतिनिधित्व करते हैं, हमारी मांग केवल प्रतिनिधित्व के लिए नहीं है बल्कि उन फैसलों में न्यायसंगत भागीदारी के लिए है जो सीधे हमारे क्षेत्रों को प्रभावित करते हैं। ऑस्ट्रिया के स्थायी प्रतिनिधि अलेक्जेंडर मार्शचिक, जो परिषद सुधारों के लिए अंतर सरकारी वार्ता (आईजीएन) के सह-अध्यक्ष हैं, ने कहा कि इस विचार को लेकर काफी समानता है कि सुरक्षा परिषद में ग्लोबल साउथ की आवाज को मजबूत करने की जरूरत है।

सम्मेलन का संचालन करने वाले ऑब्जर्वर रिसर्च फाउंडेशन के अध्यक्ष समीर सरन ने कहा कि सुधारों पर विचार करते समय, हमें इस बात पर पुनर्विचार करना चाहिए कि महासभा को किस तरह से प्रयास करना चाहिए और परिषद की विकृतियों को सुधारने की क्षमता होनी चाहिए।

## दुनिया को जानें


### इंग्लैंड में कोरोना महामारी के बाद से धूम्रपान करने वालों की संख्या बढ़ी

**ब्रिटेन,** 14 दिसम्बर (एजेंसियां)। इंग्लैंड में कोरोना महामारी के बाद से धूम्रपान में दशकों से चली आ रही गिरावट लगभग रुक गई है। बीबीसी ने एक अध्ययन के हवाले से यह जानकारी दी है। शोध के अनुसार, गिरावट की दर महामारी से पहले के वर्षों में 5.2फीसदी से धीमी होकर अप्रैल 2020 और अगस्त 2022 के बीच केवल 0.3 फीसदी रह गई। मुख्य शोधकर्ता ने कहा कि आशंका है कि अधिक युवा धूम्रपान करने लगे हैं और तत्काल उपाय करने की आवश्यकता है। सरकार ने कहा कि वह कानूनी उम्र बढ़ाने सहित इंग्लैंड को धूम्रपान मुक्त बनाने के लिए 'ठोस कार्रवाई'कर रही है। शोधकर्ताओं ने 101,960 वयस्कों के साथ सर्वेक्षण के आधार पर, अनुमान लगाया कि जून 2017 में 16.2 फीसदी लोग धूम्रपान करते थे, जो मार्च 2020 में महामारी की शुरुआत तक गिरकर 15.1 फीसदी हो गया, लेकिन अगस्त 2022 में केवल 15 फीसदी रह गया, तब से गिरवाट की धीमी दर लगातार बनी हुई है। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय का आंकड़ा भी 2000 और 2020 के बीच धूम्रपान में साल-दर-साल गिरावट दर्शाता है।

# खेल जगत

## संग्राम सिंह की नजर छह साल बाद पेशेवर कुश्ती में वापसी पर

**नई दिल्ली,** 14 दिसंबर (एजेंसियां)। दो बार के कॉमनवेल्थ हैवीवेट चैंपियन संग्राम सिंह 24 फरवरी, 2024 को दुबई में होने वाली दुबई प्रो रेसलिंग चैंपियनशिप में छह साल बाद पेशेवर कुश्ती में वापसी करने के लिए तैयार हैं। उन्होंने आखिरी बार केडी जाधव मेमोरियल इंटरनेशनल कुश्ती चैंपियनशिप में भाग लिया था, जहां उन्होंने केविन रेडफोर्ड जूनियर को हराकर स्वर्ण पदक जीता था। संग्राम सिंह ने कहा, यह लगभग छह वर्षों के बाद मेरी वापसी के लिए एकदम सही मंच है और मैं फरवरी 2024 में दुबई में प्रदर्शित होने वाली प्रतिस्पर्धा के स्तर की प्रतीक्षा कर रहा हूं। इस लड़ाई का उद्देश्य मुख्य रूप से युवाओं को प्रेरित करना है और दर्शकों को यह बताना है कि यह एक सज्जनों का खेल भी है। खेल और जीवन दोनों में उम्र की कोई बाधा नहीं है और हर कोई किसी भी उम्र में जो कुछ भी ठान लेता है उसे हासिल कर सकता है।



# जर्मनी से हारकर विश्वकप से बाहर हुआ भारत

■ भारत फिर जू. पुरुष हॉकी विश्वकप के सेमीफाइनल में जर्मनी से 1-4 से हारा ■ भारत की जू. टीम को दर्जन भर पेनल्टी कॉर्नर पर गोल न कर पाना भारी पड़ा

**सत्येन्द्र पाल सिंह**

नई दिल्ली, 14 दिसंबर (देशबन्धु)। स्ट्राइकर सुदीप चिरिमाको की धार व रफ्तार दिखा दागे एक गोल, गोलरक्षक मोहित के आधा दर्जन से ज्यादा बेहतरीन बचावों के बावजूद दर्जन भर पेनल्टी में से एक को गोल में तब्दील न कर पाना भारत को छह बार की चैंपियन जर्मनी के खिलाफ जूनियर पुरुष हॉकी विश्व कप के पहले सेमीफाइनल में बृहस्पतिवार को भारी पड़ा। स्ट्राइकर बेन हैशबाख के मौकों की भुनाने की बानगी दिखा दागे दो और पॉल ग्लैनडर के दूसरे पेनल्टी कॉर्नर तथा फ्लोरियन स्पर्लिंग के खेल खत्म होने से मात्र दो मिनट पहले दागे बेहतरीन मैदानी गोल की बदौलत इतिहास की सबसे कामयाब टीम जर्मनी की जूनियर टीम ने भारत की जूनियर टीम को लगातार दूसरी बार 4-1 से हरा कुल नौवीं बार फाइनल में स्थान बना लिया। जर्मनी की जूनियर टीम टीम ने मैच में मिले दोनों पेनल्टी कार्नर को गोल में बदला और यही उसकी सेमीफाइनल में जीत का सबब रहा। शुरू के दो क्वार्टर में भारत और बाद के दो क्वॉर्टर में जर्मनी की जूनियर टीम हावी रही। जर्मनी की जूनियर टीम ने मौकों को भुनाने की कला की बानगी दिखाते हुए यह अहम सेमीफाइनल जीता। भारत की जूनियर टीम की टीम की जर्मनी से अपने घर में 2021 के संस्करण में सेमीफाइनल में मिली 2-4 की हार का हिसाब चुकता करने की हसरत एक बार फिर अधूरी रही। सुदीप चिरिमाको ने दूसरा क्वॉर्टर खत्म होने से पांच मिनट पहले जोरदार रिवर्स हिट जमाई लेकिन जमाई लेकिन जर्मनी की जूनियर टीम के गोलरक्षक जोशुआ ओनवेकवुई ननजी ने रोक भारत की जूनियर टीम को बढ़त लेने से रोक दिया। भारत की जूनियर टीम एक बार फिर कांसे के भिड़ेगी।



भारत की जूनियर टीम ने यदि शुरू के दो क्वॉर्टर में मिले दस में से तीन पेनल्टी कॉर्नर को भी गोल में बदल दिया होता तो वह 1-2 से पिछड़ने के बजाय हाफ टाइम तक कम से 4-2 की बढ़त ले सकती थी ऐसा नहीं हुआ वह एक बार फिर बड़े इम्तिहान में फेल हो गई। 2001 और 2016 की चैंपियन भारत की जूनियर टीम अब एक बार फिर कांसे के लिए भिड़ेगी।भारत की जूनियर टीम की हार में चीफ कोच सीआर कुमार की रणनीति पर सवाल उठेगा क्योंकि उनके पास टीम को मिले दर्जन भर पर पेनल्टी कॉर्नर पर जर्मनी की जूनियर टीम के बचावों के सामने कोई प्लान %बी' नहीं था।

भारत जूनियर टीम की अग्रिम पंक्ति में सुदीप चिरिमाको, सौरभ आनंद कुशवाहा , अरिजित सिंह हुंदल और कप्तान उत्तम सिंह ने शुरू से तेज हमलों की रणनीति अपना कर पहला क्वॉर्टर में शुरू के दस मिनट में ही जर्मनी के खिलाफ चार पेनल्टी कॉर्नर अर्जित किए लेकिन इन्हें गोल में तब्दील नहीं कर पाए। बेन हैशबाख ने खेल के रुख के उलट लियाम हॉल्डरमैन और माइकल स्टर्टहाफ के प्रयास पर डी में मिली गेंद को तेजी से फ्लिक कर गोल में जर्मनी को मैच के आठवें मिनट में 1-0 की बढ़त दिला दी। बराबर तेजी से आगे बढ़ कर हमले बोलने वाले आदिवासी स्ट्राइकर सुदीप चिरिमाको ने तीन मिनट बाद डी के भीतर सौरभ आनंद कुशवाहा से मिली गेंद पर रिवर्स हिट से गोल कर भारत को एक-एक की बराबरी दिला दी। सुदीप चिरिमाको और सौरभ ने बराबर दूसरे क्वॉर्टर में तेज हमले बोले और शुरू में ही भारत की जूनियर टीम को मैच का पांचवां पेनल्टी कॉर्नर दिलाया लेकिन इसे परोक्ष गोल में बदलने की अमनदीन लाकरा की कोशिश नाकाम रही। भारत की जूनियर टीम को दूसरा क्वॉर्टर खत्म होने से तीन मिनट पहले लगातार तीन पेनल्टी कॉर्नर और मिले लेकिन जर्मनी की जूनियर टीम के रशर ने लगातार रोहित के फ्लिक का कोण भांपकर उन्हें अपने गोल पर शॉट न लेने देकर उनकी अपनी टीम को बढ़त दिलाने की कोशिश नाकाम कर दी। दूसरा क्वॉर्टर खत्म होने से ठीक मिनट पहले सुनील जोजो की गलती से मिले मैच के पहले पेनल्टी कॉर्नर पर पीर हिनरिख के शॉट को भारत के गोलरक्षक मोहित ने रोका लेकिन लौटती गेंद को बेन हेशबाख ने संभाल तेज शॉट जमा गोल कर जर्मनी को 2-1 से आगे कर दिया। बस यहीं से सेमीफाइनल में जर्मनी की जूनियर टी मने मैच पर ऐसी पकड़ बनाई कि भारत की जूनियर टीम को सेमीफाइनल में वापसी का कोई मौका ही नहीं मिल पाया। पॉल ग्लैनडर ने तीसरा क्वार्टर खत्म होने से चार मिनट पहले मैच में दूसरे पेनल्टी कॉर्नर पर तेज फ्लिक से गोल में बदल कर जर्मनी की जूनियर टीम को 3-1 से आगे कर उसकी मैच पर मजबूत पकड़ बना दी। भारत की जूनियर टीम को इससे ठीक पहले उत्तम सिंह के प्रयास पर मैच का 11 वां पेनल्टी कॉर्नर मिला लेकिन इस पर बॉबी सिंह धामी के तेज फ्लिक को जर्मनी की जूनियर टीम के गोलरक्षक जोशुआ ओनवेकवुई ननजी से अच्छा पूर्वानुमान लगाते हुए रोक कर बेकार कर दिया और इसके बाद और एक पेनल्टी कॉर्नर मिला लेकिन यह भी बेकार गया। फ्लोरियन स्पर्लिंग के खेल खत्म होने से मात्र दो मिनट पहले हॉकी की कलाकारी दिखा कर बेहतरीन मैदानी गोल कर जर्मनी को 4-1 से आगे कर उसकी जीत और फाइनल में स्थान पक्का कर दिया।

# शमी के द.अफ्रीका में टेस्ट सीरीज खेलने पर सस्पेंस!



**नई दिल्ली,** 14 दिसंबर (एजेंसियां)। भारत के अनुभवी तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी का टखने की चोट के कारण दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ आगामी टेस्ट सीरीज में खेलना अनिश्चित है। 30 नवंबर को दक्षिण अफ्रीका दौरे के लिए टीम की घोषणा करते हुए शमी को टेस्ट सीरीज के लिए शामिल किया गया था, लेकिन भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने कहा था कि शमी फिलहाल मेडिकल ट्रीटमेंट से गुजर रहे हैं और उनकी उपलब्धता फिटनेस पर निर्भर है।

गुरुवार को क्रिकबज की एक रिपोर्ट में बताया गया कि शमी टेस्ट के लिए चुने गए बाकी खिलाड़ियों के साथ दक्षिण अफ्रीका नहीं जाएंगे। इसमें बताया गया है, कप्तान रोहित शर्मा सहित खिलाड़ियों का आखिरी जत्था शुक्रवार (15 दिसंबर) को जोहान्सबर्ग के लिए रवाना होने वाला है, लेकिन 33 वर्षीय अनुभवी तेज गेंदबाज उनमें शामिल नहीं होंगे।

रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि रोहित के अलावा, विराट कोहली, जसप्रीत बुमराह, रविचंद्रन अश्विन, नवदीप सैनी और हर्षित राणा शुक्रवार को दुबई के रास्ते दक्षिण अफ्रीका के लिए उड़ान भरेंगे। अब तक, 75 से अधिक पुरुष क्रिकेटर सीनियर पुरुष टीम और भारत ए टीम के लिए दक्षिण अफ्रीका के दौरे पर हैं।

रिपोर्ट में यह भी गया है कि चयनकर्ताओं ने अभी तक शमी के प्रतिस्थापन की घोषणा नहीं की है, लेकिन धारणा यह है कि कई खिलाड़ी पहले से ही टी20, वनडे, टेस्ट और ए सीरीज के लिए दक्षिण अफ्रीका में हैं। उनमें से एक तेज गेंदबाज को टेस्ट सेट-अप में शामिल किया जा सकता है। इसमें आगे कहा गया, विश्व कप 2023 में अग्रणी विकेट लेने वाले शमी टखने के दर्द से पीड़ित थे और यह पता चला है कि उन्होंने दर्द के बावजूद टूर्नामेंट में गेंदबाजी का कार्यभार संभाला था। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ भारत के दो टेस्ट 26-30 दिसंबर तक सेंचुरियन में और 3-7 जनवरी, 2024 तक केप टाउन में खेले जाएंगे। यह 2023-2025 विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप चक्र की भारत की दूसरी श्रृंखला है। आखिरी बार भारत ने दक्षिण अफ्रीका में दिसंबर 2021- जनवरी 2022 में टेस्ट सीरीज खेली थी।

उस समय भारत ने सेंचुरियन में पहला टेस्ट जीता था। इससे पहले दक्षिण अफ्रीका ने जोहान्सबर्ग और केप टाउन में मैच जीतकर वापसी की और अंतत: श्रृंखला पर 2-1 से कब्जा किया।

# रबाडा की चोट से दक्षिण अफ्रीका चिंतित



डरबन 14 दिसंबर (वार्ता) दक्षिण अफ्रीका के अनुभवी गेंदबाज कगिसो रबाडा के चोट से उबरने की मंथर गति से दक्षिण अफ्रीका का टीम प्रबंधन चिंता में है।

रबाडा को विश्व कप के सेमीफ़ाइनल मैच में एड़ी में चोट लगी थी, जिसके कारण वह मैच के अंतिम ओवरों में गेंदबाज़ी नहीं कर पाए थे। मेजबान टीम को 26 दिसंबर से भारत के खिलाफ टेस्ट श्रृखंला खेलनी है मगर रबाडा की चोट को देखते हुये उनके अंतिम एकादश में शामिल होने को लेकर संशय के बादल मंडरा रहे हैं।

दरअसल, दक्षिण अफ्रीका की टेस्ट टीम के कप्तान तेम्बा बवूमा और कगिसो रबाडा को लायंस की टीम की तरफ़ से गुरुवार से शुरू हो रहे एक मैच में हिस्सा लेना था, लेकिन लायंस के टीम प्रबंधन ने साफ किया है कि दोनों खिलाड़ी इस मैच के लिए उपलब्ध नहीं होंगे। लायंस के बयान में कहा गया है कि बवूमा निजी कारणों से इस मैच में हिस्सा नहीं लेंगे और रबाडा की एड़ी में दिक्कत है। क्रिकइंफो के अनुसार अगर रबाडा पूरी तरह से चोट से नहीं उबर पाते हैं तो दक्षिण अफ़्रीका के लिए यह बहुत बड़ी चिंता का विषय है। उनके ज़्यादातर फ़्रंटलाइन तेज़ गेंदबाज़ टीम से बाहर हैं। अनरिख़ नॉर्ख़िए पहले से ही पीठ में लगी चोट के कारण टेस्ट सीरीज़ से बाहर हो चुके हैं। वहीं लुंगी एनगिडी को भी टखने में चोट लगी है, जिसके कारण वह टी20 सीरीज़ का हिस्सा नहीं बन पाए थे। दो अन्य तेज़ गेंदबाज़ जेराल्ड कोएत्ज़ी और मार्को यानसन को मौजूदा टी20 सीरीज़ के टीम से भी रिलीज़ कर दिया गया है। साथ ही वे वनडे सीरीज़ में हिस्सा नहीं लेंगे। दोनों तेज़ गेंदबाज़ प्रथम श्रेणी मैचों में हिस्सा लेंगे ताकि वह टेस्ट सीरीज़ के लिए तैयारी कर सकें। बवूमा ने वनडे विश्व कप के सेमीफ़ाइनल के बाद कोई भी मैच नहीं खेला है। 16 नवंबर को हुए उस मैच में भी वह हैमस्ट्रिंग की चोट से जूझ रहे थे।

# इंग्लैंड के खिलाफ भारत की ठोस शुरुआत



**मुबंई** 14 दिसंबर (एजेंसियां)। सतीश शुभा (69),जेमिमाह रॉड्रिग्स (68),यास्तिका भाटिया (66) और दीप्ति शर्मा (60 नाबाद) के शानदार अर्धशतकों की मदद से भारत ने गुरुवार को इंग्लैंड के खिलाफ शुरु हुये पहले टेस्ट मैच में पहली पारी में सात विकेट खोकर 410 रन बनाये।

डॉ. डीवाई पाटिल स्पोर्ट्स अकादमी में भारतीय कप्तान हरमनप्रीत कौर ने टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी का फैसला लिया। स्मृति मंधाना (17) और शेफाली वर्मा (19) के विकेट जल्दी गिरने के बाद क्रीज पर आयी सतीश और जेमिमाह ने इंग्लैंड के गेंदबाजों की धुनाई करते हुये टीम के स्कोर को जल्द ही तीन अंकों तक पहुंचा दिया और बाद में अपने अपने अर्धशतकों को पूरा कर लिया। पारी के 33वें ओवर में सोफ़ी एकल्सटन की गेंद पर आउट होने से पहले सतीश अपनी पारी के दौरान 13 बार गेंद को सीमा रेखा के पार पहुंचा चुकी थीं।

इंग्लैंड के गेंदबाजों को इसके बाद जल्द ही एक और सफलता जेमिमाह के विकेट के तौर पर मिली मगर दूसरे छोर पर आयी हरमनप्रीत ने नये बल्लेबाज यास्तिका के साथ मिल कर मेहमान क्षेत्ररक्षकों को एक बार फिर व्यस्त कर दिया। हरमनप्रीत दुर्भाग्यशाली तरीके से 49 रन के निजी स्कोर पर रन आउट हुयी। कप्तान के आउट होने से दूसरे छोर पर यास्तिका का भी आत्मविश्वास डगमगाया,नतीजन वे शार्लेट डीन की गेंद पर आउट होकर पवेलियन लौट गयीं। उन्होने अपनी अर्धशतकीय पारी के दौरान 88 गेंदो पर दस चौके और एक छक्का जड़ा।

स्नेह राणा (30) के तौर पर इंग्लैंड को सातवीं सफलता मिली। दिन का खेल खत्म होने के समय दीप्ति शर्मा 60 और पूजा वस्त्रकर चार रन बनाकर क्रीज पर डटी हुयी थी।

# निदा डार बाहर, न्यूजीलैंड के खिलाफ फातिमा को पाकिस्तान की कमान

**क्राइस्टचर्च,** 14 दिसंबर (एजेंसियां)। न्यूजीलैंड के खिलाफ पहले एक दिवसीय मैच में चोटिल हुयी पाकिस्तान महिला क्रिकेट टीम की कप्तान निदा डार दूसरे मैच से बाहर हो गई हैं। निदा की गैरमौजूदगी में तेज गेंदबाज फातिमा सना को पाकिस्तान का नया कप्तान नियुक्त किया गया है। दूसरा वनडे शुक्रवार को क्राइस्टचर्च के हेगले ओवल में खेला जायेगा। 22 वर्षीय फातिमा वनडे में पाकिस्तान महिला टीम का नेतृत्व करने वाली 10वीं कप्तान बनेंगी। युवा गेंदबाज खुद चोट के कारण बांग्लादेश के खिलाफ हालिया सीरीज में नहीं खेल पाई थी। हालाँकि इससे पहले टी20 श्रृंखला में उन्हें प्लेयर ऑफ़ द सीरीज़ के सम्मान से नवाजा गया था। उन्होंने श्रृंखला में 5.60 की इकॉनमी से छह विकेट लिए थे और पहले टी20 मैच में प्लेयर ऑफ द मैच रहीं। फातिमा ने मैच की पूर्व संध्या पर एक प्रेस कांफ्रेंस में कहा एकदिवसीय मैचों में पाकिस्तान महिला टीम का नेतृत्व करना सम्मान की बात है, हालांकि निदा डार की चोट के कारण परिस्थितियां दुर्भाग्यपूर्ण हैं। वह एक प्रेरणा रही हैं और मैं उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करती हूं। उन्होने कहा न्यूजीलैंड के खिलाफ हमने ऐतिहासिक टी20 सीरीज जीती थी और मुझे पता है कि खिलाड़ी वनडे सीरीज में भी अच्छा प्रदर्शन करने के लिए उत्सुक हैं। हालांकि पहले वनडे में हमारा प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा, लेकिन हम कल के खेल में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए तैयार हैं। फातिमा ने इससे पहले हांगकांग में आयोजित एसीसी महिला इमर्जिंग टीम एशिया कप में पाकिस्तान टीम की कप्तानी की थी। वह घरेलू क्रिकेट में भी कप्तानी कर चुकी हैं। पाकिस्तान को चोटों की समस्या का सामना करना पड़ रहा है और उसके तीन खिलाड़ी बाहर हैं। निदा के अलावा, डायना बेग को उंगली की चोट के कारण पहले वनडे से ठीक एक दिन पहले श्रृंखला के शेष भाग से बाहर कर दिया गया था जबकि शवाल जुल्फिकार दूसरे टी20 के बाद टीम से बाहर हो गयी थी। तीसरे वनडे के लिए निदा की उपलब्धता अभी तक निर्धारित नहीं की गई है। उन्हें दो दिनों के लिए पूर्ण आराम की सलाह दी गई है। सुजी बेट्स के शानदार शतक के दम पर न्यूजीलैंड ने तीन वनडे मैचों में से पहला मैच 131 रनों के आसान अंतर से जीत लिया। दूसरे वनडे के लिए पाकिस्तान महिला टीमः फातिमा सना (कप्तान), आलिया रियाज, बिस्माह मारूफ, गुलाम फातिमा, मुनीबा अली (विकेटकीपर), नजीहा अल्वी (विकेटकीपर), नाशरा सुंधू, नतालिया परवेज, ओमाइमा सोहेल, सदफ शमास, सादिया इकबाल, सिदरा अमीन, उम्म-ए-हानी और वहीदा अख्तर।

# मैंने खुद कप्तान बनने की इच्छा जताई थी : नीतीश राणा



**नई दिल्ली,** 14 दिसंबर (एजेंसियां)। भारत के बल्लेबाज नीतीश राणा ने कहा कि आईपीएल 2023 में कोलकाता नाइट राइडर्स की कप्तानी करने के प्रयासों में उन्हें टीम प्रबंधन की ओर से पूछे गए कई सवालों के जवाब देने पड़े थे । राणा ने जियो सिनेमा से कहा, मैं पिछले 3-4 वर्षों में टीम का वरिष्ठ सदस्य बन गया था। इस अवधि में मुझे कप्तानी भूमिका मिल गयी थी। इसकी शुरुआत ब्रेंडन मैकुलम ने की थी। वह मुझे हमेशा एक कप्तान की तरह सोचने के लिए प्रोत्साहित करते थे।

नीतीश राणा ने कहा, उन्होंने कहा कि यह महत्वपूर्ण नहीं है कि आप खेल को नियंत्रित करेंगे, यह महत्वपूर्ण नहीं है कि आप जो कहेंगे मैं उसे सुनूंगा। लेकिन कप्तानी क्या होती है इसके बारे में आपको अपना दिमाग सक्रिय रखना होगा। इससे मुझे बहुत मदद मिली। श्रेयस अय्यर की अनुपस्थिति में राणा ने अंतत: उस सीज़न में केकेआर की कप्तानी की, जहां टीम अंक तालिका में सातवें स्थान पर रही। सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में अपनी पूर्व घरेलू टीम दिल्ली का नेतृत्व करने के बाद यह पहली बार था जब राणा ने किसी आईपीएल टीम की कप्तानी की। आईपीएल 2024 के लिए, राणा अय्यर के उप-कप्तान होंगे, जो दो बार की चैंपियनशिप विजेता टीम का नेतृत्व करने के लिए वापस आएंगे। कप्तान बनने के बाद अपनी मानसिकता के बारे में बात करते हुए बाएं हाथ के बल्लेबाज ने कहा, जब मैं बच्चा था तब से मैंने गौतम गंभीर भैया को कप्तान के रूप में देखा है। मैंने कई बड़े खिलाड़ियों को अलग-अलग टीमों की कप्तानी करते देखा है। मैंने इन खिलाड़ियों की हर छोटी-छोटी बात पर गौर किया था। मैंने हमेशा अपनी आंखें और कान खुले रखे।

# पर्थ टेस्ट में शतक लगाकर वार्नर ने आलोचकों को शांत किया

**पर्थ,** 14 दिसंबर (एजेंसियां)। ऑस्ट्रेलिया के अनुभवी सलामी बल्लेबाज डेविड वार्नर ने गुरुवार को पाकिस्तान के खिलाफ पहले टेस्ट के शुरुआती दिन गुरूवार को 211 गेंदों पर 164 रन की तूफानी शतकीय पारी खेलकर आलोचकों का मुंह बंद कर दिया है।

37 वर्षीय खिलाड़ी को तिहरे आंकड़े तक पहुंचने के लिए सिर्फ 125 गेंदों की जरूरत थी। अपनी उल्लेखनीय पारी के दौरान, उन्होंने 16 चौके और चार छक्के लगाए, जो उनके करियर का 26वां शतक और जनवरी 2020 के बाद उनका पहला शतक था।

अपनी अविश्वसनीय पारी के दौरान, वार्नर मैथ्यू हेडन और माइकल क्लार्क को पीछे छोड़ते हुए टेस्ट क्रिकेट में ऑस्ट्रेलिया के लिए सबसे ज्यादा रन बनाने वाले शीर्ष पांच खिलाड़ियों में शामिल हो गए। सर्वकालिक सूची में, उनके बड़े शतक ने उन्हें धुरंधर सर विव रिचर्ड्स और वीरेंद्र सहवाग से आगे निकलने में मदद की।

वार्नर अब 8651 रनों के साथ ऑस्ट्रेलिया के सबसे अधिक टेस्ट रन बनाने वालों में पांचवें स्थान पर हैं, वह केवल स्टीव स्मिथ, स्टीव वॉ, एलन बॉर्डर और रिकी पोंटिंग से पीछे हैं।



वार्नर ने पर्थ की सतह पर पहले बल्लेबाजी करने के पैट कमिंस के फैसले को सही ठहराया क्योंकि वह इरादे के साथ उतरे थे। उन्होंने केवल 41 गेंदों पर अर्धशतक पूरा किया और उस्मान ख्वाजा के साथ तेज गति से शतकीय साझेदारी की। जबकि उनके साथी अच्छी शुरुआत का फायदा नहीं उठाने के दोषी थे - स्मिथ उस दिन केवल 41 रनों के साथ अगले सर्वोच्च स्कोरर थे - वार्नर ने अपना 26वां टेस्ट शतक बनाया, जिसके बाद उनकी ट्रेडमार्क छलांग और जश्न मनाया।

अपने शतक तक पहुंचने के बाद, 37 वर्षीय को कुछ जीवनदान मिले - पहले, खुर्रम शहजाद ने कैच लेने का मौका गंवा दिया, और फिर सरफराज अहमद स्टंपिंग करने में असफल रहे। वॉर्नर ने रनों का अंबार लगाकर और 150 रन बनाकर पाकिस्तान को इसका खामियाजा भुगतने के लिए मजबूर किया।

मेहमान टीम ने आखिरकार शॉर्ट-बॉल रणनीति अपनाकर वार्नर पर बाजी मार ली, जिससे ऑस्ट्रेलियाई ओपनर दिन का खेल खत्म होने से कुछ ओवर पहले ही डीप में पकड़े गए।

इसके बाद मिचेल मार्श और एलेक्स कैरी ने शेष ओवरों में बिना कोई और झटका दिए ऑस्ट्रेलिया को पांच विकेट पर 346 रन की मजबूत स्थिति में पहुंचा दिया।

पूर्व तेज गेंदबाज मिशेल जॉनसन के विस्फोटक कॉलम के बाद टेस्ट टीम में वार्नर की स्थिति सार्वजनिक बहस का विषय बन गई थी।

जॉनसन जॉनसन ने अपने अंतिम ऑस्ट्रेलियाई टेस्ट समर से पहले वेस्ट ऑस्ट्रेलियन में एक कॉलम के साथ वार्नर पर बहस छेड़ दी, उन्होंने सवाल उठाया कि बाएं हाथ के सलामी बल्लेबाज को हीरो की विदाई क्यों मिल रही है, जबकि वह अब भी कुख्यात 2018 गेंद छेड़छाड़ कांड में अपनी भूमिका से मुक्त नहीं हो पाए हैं।

## सार संक्षेप

### श्रेयस की केकेआर में कप्तान के तौर पर वापसी

**कोलकाता।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के आगामी सत्र में श्रेयस अय्यर कोलकाता नाइड राइडर्स (केकेआर) के कप्तान के तौर पर वापसी करेंगे। टीम के उपकप्तान की कमान नितीश राणा को सौंपी गयी है। केकेआर के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) वेंकी मैसूर ने गुरुवार को यह ऐलान करते हुये कहा श्रेयस चोट के कारण आईपीएल 2̀23 के सत्र में नहीं खेल सके थे। हमें ख़ुशी है कि उनकी केकेआर के कप्तान के रूप में वापसी हुई हैं। जिस तरह से उन्होंने अपनी चोट से उबरने के लिए कड़ी मेहनत की है और उसी तरह की फॉर्म उनके पास है और वह इसे प्रदर्शित कर अपना लोहा मनवाएंगे। उन्होंने कहा, हम इस बात के लिए भी आभारी हैं कि नीतीश पिछले सीजन में श्रेयस की जगह लेने के लिए राजी हुए थे और उन्होंने टीम के लिए शानदार काम किया। इसमें कोई संदेह नहीं है कि उप-कप्तान के रूप में नीतीश केकेआर के हित के लिए हर संभव श्रेयस का साथ देंगे। श्रेयस अय्यर ने कप्तानी मिलने पर कहा, पिछले सीजन में हमें कई चुनौतियों का सामना करना पड़ा, जिसमें चोट के कारण मैं टीम का हिस्सा नहीं बन सका था। नितीश ने न केवल मेरी जगह लेने के लिए बल्कि अपने सराहनीय नेतृत्व से बहुत अच्छा काम भी किया। मुझे ख़ुशी है कि केकेआर ने उन्हें उप-कप्तान बनाया है।

### स्पोर्ट्स इंडिया 2̀23 के 11वें संस्करण की हुई शुरूआत

**नई दिल्ली।** तीन दिवसीय स्पोर्ट्स इंडिया 2̀23 के 11वें संस्करण की शुरूआत गुरुवार को प्रगति मैदान में हुई। इस प्रदर्शनी में खेल से जुड़े सामान, स्पोर्ट्स वियर, स्पोर्ट्स एक्सेसरीज़, फिटनैस एवं हेल्थ वैलफेयर, रीहेबिलिटेशन उपकरणों, स्पोर्ट्स टेक्नोलॉजी, एडवेंचर एवं अम्यूज़मेन्ट प्रोडक्ट्स, स्पोर्ट्स वैलनैस, ब्यूटी, कच्चे माल, स्पोर्ट्स के सामान की मैनुफैक्चरिंग मशीनों, स्पोर्ट्स की दवाओं आदि के बारे में दर्शकों को बताया जाएगा। प्रदर्शनी का उद्घाटन करते हुए केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण राज्य मंत्री एसपी सिंह बघेल ने कहा कि सरकार ने हाल ही में खेलों के विकास के लिए कई कदम बढ़ाए हैं। खेलो इंडिया गेम्स, खेलो इंडिया यूथ गेम्स, खेलो इंडिया विंटर गेम्स, मेंबर ऑफ पार्लियामेन्ट स्पोर्ट्स कॉम्पीटीशन और आगामी खेलो इंडिया पैरा गेम्स भारत में खेलों की संस्कृति को बढ़ावा दे रहे हैं। ऐसे में इस तरह की प्रदर्शनियों ब्राण्ड्स, विशेषज्ञों एवं उपभोक्ताओं को एक ही मंच पर लाकर हेल एवं वैलनैस की ओर मार्ग प्रशस्त करती हैं। इंडियन एक्ज़हीबिशन सर्विसेज़ के डायरेक्टर स्वदेश कुमार ने कहा कि हम भारत में खेलों के क्षेत्र में समावेशन एवं विविधता पर ध्यान दे रहे हैं। हमें उम्मीद है कि प्रदर्शनी में रोज़ाना 6̀ आगंतुक पहुंचंगे। इस अवसर पर राज्यसभा सांसद डॉ. अनिल अग्रवाल, युवा एवं खेल मामले मंत्रालय में संयुक्त सचिव कुणाल विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहें।

# [अर्थ जगत]

| सर्वाधिक बढ़ने वाले शेयर | |
|---|---|
| रियल्टी | 3.80 प्रतिशत |
| आईटी | 3.21 प्रतिशत |
| टेक | 2.72 प्रतिशत |
| दूरसंचार | 2.14 प्रतिशत |
| कमोडिटीज़ | 0.75 प्रतिशत |

| सर्वाधिक घटने वाले शेयर | |
|---|---|
| सन फार्मा | 1.90 प्रतिशत |
| मारुति | 1.87 प्रतिशत |
| टाइटन | 1.71 प्रतिशत |
| इंडसइंड बैंक | 1.71 प्रतिशत |
| रिलायंस | 1.43 प्रतिशत |

## सर्राफा

| | |
|---|---|
| सोना (प्रति दस ग्राम)स्टैंडर्ड | 47,310 |
| बिटुर | 47,320 |
| गिन्नी (प्रति आठ ग्राम) | 31,400 |
| चांदी (प्रति किलो) टंच हाजिर | 70,096 |
| वायदा | 70,183 |
| चांदी सिक्का लिवाली | 870 |
| बिकवाली | 880 |

## मुद्रा विनिमय

| मुद्रा | क्रय | विक्रय |
|---|---|---|
| अमेरिकी डॉलर | 67.77 | 78.57 |
| पौड स्टर्लिंग | 90.94 | 105.45 |
| यूरो | 76.54 | 88.78 |
| चीन युआन | 08.24 | 13.38 |

## अनाज

| | |
|---|---|
| देसी गेहूँ एमपी | 2400-3000 |
| गेहूं दडा | 2500-2600 |
| आटा | 2800-2900 |
| मैदा | 2900-2950 |
| चोकर | 2000-2100 |

## मोटा आनाज

| | |
|---|---|
| बाजरा | 1300-1305 |
| मक्का | 1350-1500 |
| ज्वार | 3100-3200 |
| जौ | 1430-1440 |
| काबुली चना | 3500-4000 |

## चावल

| | |
|---|---|
| चीनी एस | 3640-3740 |
| चीनी एम | 3800-3900 |
| मिल डिलीवरी | 3520-3620 |
| गुड़ | 4300-4400 |

## दाल-दलहन

| | |
|---|---|
| चना | 6450-6550 |
| दाल चना | 7450-7550 |
| मसूर काली | 7800-7900 |
| उड़द दाल | 10600-10700 |
| मूंग दाल | 9900-10000 |
| अरहर दाल | 10400-10500 |

## पेट्रोल और डीजल की कीमतें स्थिर



**नई दिल्ली,** 14 दिसम्बर (एजेंसियां)। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में जारी तेजी के बीच घरेलू स्तर पर पेट्रोल और डीजल के दाम में आज टिकाव रहा, जिससे दिल्ली में पेट्रोल 96.72 रुपए प्रति लीटर तथा डीजल 89.62 रुपए प्रति लीटर पर पड़े रहे। तेल विपणन करने वाली प्रमुख कंपनी हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन की वेबसाइट पर जारी दरों के अनुसार, देश में आज पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। दिल्ली में इनकी कीमतों के यथावत रहने के साथ ही मुंबई में पेट्रोल 106.31 रुपए प्रति लीटर पर और डीजल 94.27 रुपए प्रति लीटर पर रहा।

# खाद्य, विनिर्मित उत्पादों की महंगाई से थोक मुद्रास्फीति सात माह बाद शून्य से ऊपर



**नई दिल्ली,** 14 दिसम्बर (एजेंसियां)। थोक मूल्य सूचकांक पर आधारित मुद्रास्फीति खाद्य और विनिर्मित वर्ग की विभिन्न वस्तुओं की कीमतों में तेजी के चलते नवंबर, 2023 में बढ़ कर 0.26 प्रतिशत रही। यह लगातार सात महीने से शून्य के नीचे थी। थोक मुद्रास्फीति लम्बे समय बाद शून्य से ऊपर आई है। इसका अर्थ है कि बाजार में थोक कीमतों में एक साल पहले की तुलना में वृद्धि हुई है। अक्टूबर, 23 में थोक मुद्रास्फीति शून्य से 0.52 प्रतिशत और पिछले वर्ष नवंबर में 6.12 प्रतिशत थी। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय द्वारा गुरुवार को जारी प्रारंभिक आंकड़ों के अनुसार सभी वर्ग की वस्तुओं संबंधी थोक मूल्य सूचकांक (आधार वर्ष 2011-12=100) इस वर्ष नवंबर में 152.9 अंक रहा जो एक माह पूर्व 152.1 अंक था।

सरकारी आंकड़ों के अनुसार नवंबर में प्रथमिक वस्तुओं की कीमतों में सालाना आधार पर 4.76 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गयी जबकि ईंधन और बिजली का थोक मूल्य स्तर 4.61 प्रतिशत नीचे रहा और विनिर्मित उत्पादों की कीमतें 0.64 प्रतिशत नीचे रहीं। एक माह पहले ईंधन-और बिजली वर्ग में सामान्य कीमत स्तर एक साल पहले की तुलना में 2.47 प्रतिशत नीचे और विनिर्मित उत्पादों का कीमत स्तर 1.13 प्रतिशत नीचे है। आंकड़े दर्शाते हैं कि इन तीनों ही श्रेणियों में थोक कीमतों में नवंबर में तेजी आयी है। दो दिन पहले आए खुदरा मूल्य सूचकांक के अनुसार नवंबर में खुदरा मुद्रास्फीति 5.55 प्रतिशत पर पहुंच गयी जो अक्टूबर में 4.8 प्रतिशत थी। थोक मूल्य सूचकांक के आंकड़ों के अनुसार नवंबर,23 में खाद्य वस्तुओं की कीमतें सालाना आधार पर 8.18 प्रतिशत ऊंची थी। इनमें अनाजों की मुद्रास्फीति 7.12 प्रतिशत ऊंची रही। नवंबर में चावल का थोक भाव एक साल पहले से 10.44 प्रतिशत , दालें 21.64 प्रतिशत , प्याज के भाव 101.24 प्रतिशत ऊंचे चल रहे हैं। आलू का थोक मूल्य नवंबर,22 की तुलना में 27.22 प्रतिशत नीचे है। भारतीय रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति समिति नीति निर्धारण में खुदरा मुद्रास्फीति के आंकड़ों पर ध्यान देती है। उसके समाने खुदरा मुद्रास्फीति को 2-6 प्रतिशत की सीमा में रखने का लक्ष्य है। रिजर्व बैंक पिछली कुछ द्वैमासिक समीक्षाओं में नीतिगत ब्याज दर को 6.5 प्रतिशत के स्तर पर अपरिवर्तित रखा है।

# मुंबई के यूजर ने इस साल स्विगी पर 42.3 लाख रुपए का खाना ऑर्डर किया




**नई दिल्ली,** 14 दिसम्बर (एजेंसियां)। 'हाउ इंडिया स्विगी' ड इन 2023' में इस साल की खास बातों को उजागर करते हुए ऑनलाइन फूड डिलीवरी प्लेटफॉर्म ने गुरुवार को बताया कि मुंबई के एक अकेले यूजर ने इस साल खाने के ऑर्डर पर 42.3 लाख रुपए खर्च किए। प्लेटफ़ॉर्म को 10 हजार रुपए से अधिक के सबसे ज्यादा ऑर्डर चेन्नई, दिल्ली और हैदराबाद के यूजर अकाउंट्स से प्राप्त हुए। बिरयानी लगातार आठवें वर्ष स्विगी पर सबसे अधिक ऑर्डर किए जाने वाले व्यंजन के रूप में चार्ट में शीर्ष पर रही। प्लेटफ़ॉर्म को 2023 में प्रति सेकंड बिरयानी के 2.5 ऑर्डर मिले। शाकाहारी बिरयानी के मुकाबले चिकन बिरयानी का ऑर्डर 5.5 गुना रहा। स्विगी ने कहा, 'प्लेटफ़ॉर्म पर बिरयानी को आश्चर्यजनक रूप से 40,30,827 बार खोजा गया है। हर छठी बिरयानी हैदराबाद से ऑर्डर की गई थी और बिरयानी ब्रिगेड का चैंपियन शहर का एक स्विगी यूजर रहा जिसने इस साल 1,633 बिरयानी का ऑर्डर दिया था - रोजाना चार बिरयानी से अधिक।' दुर्गा पूजा के दौरान गुलाब जामुन के 77 लाख से ज्यादा ऑर्डर मिले। गरबा के साथ-साथ, नवरात्रि के सभी नौ दिनों के शाकाहारी ऑर्डरों में मसाला डोसा सबसे पसंदीदा था। इडली ने भी एक समय सर्वोच्च स्थान हासिल किया जब हैदराबाद के एक ग्राहक ने उस पर छह लाख रुपये खर्च किए।

सभी के पसंदीदा चॉकलेट केक के लिए 85 लाख ऑर्डर के साथ बेंगलुरु को 'केक कैपिटल' के रूप में सम्मानित किया गया। कंपनी ने कहा कि 2023 में वेलेंटाइन डे के दौरान, भारत ने प्रति मिनट 271 केक का ऑर्डर दिया। स्विगी इंस्टामार्ट पर जयपुर के एक यूजर ने एक ही दिन में 67 ऑर्डर दिए। सबसे बड़ा अकेला ऑर्डर 31,748 रुपये का था। चेन्नई के इस यूजर ने कॉफ़ी, जूस, कुकीज़, नाचोज़ और चिप्स का स्टॉक कर लिया। इस वर्ष, स्विगी के डिलीवरी पार्टनर ने इलेक्ट्रिक वाहनों और साइकिलों का उपयोग करके प्रभावशाली 16.642 करोड़ हरित किलोमीटर की दूरी तय की, जिससे टिकाऊ और पर्यावरण-अनुकूल डिलीवरी में योगदान मिला। चेन्नई के डिलीवरी पार्टनर वेंकटसेन और कोच्चि की सैंथिनी ने 10,360 और 6,253 ऑर्डर डिलिवर किये। अतिरिक्त प्रयास करते हुए, स्विगी के एक डिलीवरी पार्टनर ने फास्ट फूड पहुंचाने के लिए 45.5 किमी की यात्रा की।

# ई-कॉमर्स कंपनी इट्सी ने की 225 कर्मचारियों की छंटनी

**सैन फ्रांसिस्को,** 14 दिसम्बर (एजेंसियां)। ई-कॉमर्स कंपनी इट्सी अपने कारोबार के पुनर्गठन और लागत को सुव्यवस्थित करने के लिए 11 फीसदी कर्मचारियों की छंटनी कर रही है। सीएनबीसी की रिपोर्ट के अनुसार, छुट्टियों के मौसम में इट्सी में लगभग 225 कर्मचारी अपनी नौकरियां खो देंगे, इससे इसके मुख्य बाज़ार में कर्मचारियों की संख्या लगभग 1,770 रह जाएगी। इट्सी के सीईओ जोश सिल्वरमैन ने एक ईमेल में कर्मचारियों को बताया, 'हम एक बहुत ही चुनौतीपूर्ण मैक्रो और प्रतिस्पर्धी माहौल में काम कर रहे हैं, और (सकल व्यापारिक बिक्री) 2021 से अनिवार्य रूप से स्थिर बनी हुई है।' उन्होंने कहा, इसका मतलब है कि हम अपने विक्रेताओं को अधिक बिक्री नहीं ला रहे हैं, जो कि उनके लिए सबसे महत्वपूर्ण चीज है, जो हम कर सकते हैं। साथ ही, कर्मचारियों के खर्च में वृद्धि हुई है, भले ही हमने लागत में कटौती के उपाय पेश किए हैं और भर्ती योजनाओं को रोक दिया है। घोषणा के बाद इट्सी स्टॉक 2 प्रतिशत गिरकर बंद हुआ, जबकि पहले दिन में इसमें 7 प्रतिशत की गिरावट आई थी। छंटनी के कारण इट्सी की लागत 25-30 मिलियन डॉलर के बीच होगी, इसमें विच्छेद भुगतान, कर्मचारी लाभ और अन्य संबंधित लागतें शामिल हैं। पुनर्गठन से सार्थक परिचालन दक्षता और लागत बचत और/या लागत से बचाव की उम्मीद है।

# कोटक महिंद्रा बैंक की स्कूल ऑफ सस्टेनेबिलिटी की स्थापना के लिए आईआईटी कानपुर से साझेदारी

**नई दिल्ली,** 14 दिसम्बर (एजेंसियां)। भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान कानपुर (आईआईटीके) और कोटक महिंद्रा बैंक ने आज कोटक स्कूल ऑफ सस्टेनेबिलिटी - आईआईटी कानपुर में शुरू करने की घोषणा की। एकीकृत स्कूल ऑफ सस्टेनेबिलिटी की स्थापना के लिए बैंक ने आईआईटी कानपुर के साथ साझेदारी की है। करने की घोषणा की। आईआईटी कानुपर के निदेशक प्रो एस गणेश और बैंक के अध्यक्ष प्रकाश आप्टे ने आज यहां यह घोषणा की। इस मौके पर प्रो गणेश ने कहा 'स्थिरता हमारे समय की सबसे प्रमुख वैश्विक चुनौतियों में से एक बनकर उभरी है जिसके लिए विभिन्न हितधारकों को एक साथ काम करने की आवश्यकता है और इस मिशन में हमारे जैसे शैक्षणिक संस्थानों की भूमिका बेहद महत्वपूर्ण है। आईआईटी कानपुर की कई अग्रणी पहलों को जोड़ते हुए और कोटक महिंद्रा बैंक के उदार सीएसआर फंडिंग समर्थन के साथ, संस्थान विचारशील नेतृत्व प्रदान करने, स्थिरता कार्यों के लिए ठोस समाधान विकसित करने और भविष्य की पीढ़ियों को तैयार करने के समग्र दृष्टिकोण के साथ सतत विकास का नेतृत्व करने के लिए 'कोटक स्कूल ऑफ सस्टेनेबिलिटी' की स्थापना कर रहा है।

श्री आप्टे ने कहा, हमें आईआईटी कानपुर के सहयोग से कोटक स्कूल ऑफ सस्टेनेबिलिटी की स्थापना की घोषणा करते हुए खुशी हो रही है। यह सहयोग आर्थिक, सामाजिक और पर्यावरणीय मापदंडों पर सकारात्मक प्रभाव के माध्यम से समुदायों के जीवन की गुणवत्ता को बढ़ाने के हमारे सीएसआर दृष्टिकोण के अनुरूप है, जो भारत के सामाजिक विकास उद्देश्यों और संयुक्त राष्ट्र के एसडीजी के अनुरूप है। हमारा मानना है कि इस स्कूल के निर्माण से कोटक और आईआईटी कानपुर दोनों को एक परंपरा विकसित करने और स्थिरता की दिशा में काम करने का सही समय पर अवसर मिल है, जो आज हमारे सामने अस्तित्व को बचाने की सबसे महत्वपूर्ण चुनौती है।

कोटक स्कूल ऑफ सस्टेनेबिलिटी का नेतृत्व दुनिया भर के अनुभवी प्रोफेसरों और अग्रणी उद्योग विशेषज्ञों द्वारा किया जाएगा।

## सार संक्षेप

### घरेलू बी2बी ई-कॉमर्स यूनिकॉर्न उड़ान ने 34 करोड़ डॉलर जुटाए

नई दिल्ली। बी2बी ई-कॉमर्स प्लेटफ़ॉर्म उड़ान ने गुरुवार को कहा कि उसने ब्रिटेन स्थित बचत और निवेश कंपनी एमएंडजी प्रूडेंशियल के नेतृत्व में सीरीज ई राउंड में 34 करोड़ डॉलर (इक्विटी और परिवर्तनीय नोट्स का मिश्रण) जुटाए हैं। इस राउंड में मौजूदा निवेशकों लाइटस्पीड वेंचर पार्टनर्स और डीएसटी ग्लोबल ने भी भाग लिया। उड़ान ने कहा कि इसका उद्देश्य ग्राहक अनुभव, बाजार में पैठ, रणनीतिक विक्रेता साझेदारी को मजबूत करने और आपूर्ति-श्रृंखला तथा क्रेडिट की दीर्घकालिक क्षमताओं को मजबूत करने के लिए नए फंड की जरूरत को पूरा करना है। उड़ान के सह-संस्थापक और मुख्य कार्यकारी अधिकारी वैभव गुप्ता ने कहा, 'ताजा फंडिंग 'विकास और लाभप्रदता की हमारी निरंतर यात्रा को सक्षम बनायेगी, जिससे हम अगले एक-डेढ़ साल में सार्वजनिक-बाजार के लिए तैयार हो जायेंगे हैं। 'सन् 216 में स्थापित बेंगलुरु स्थित उड़ान ने अब तक 1.8 अरब डॉलर की फंडिंग जुटाई है। यूनिकॉर्न ने कहा कि नवीनतम फंडिंग दौर नियामक अनुमोदन के अधीन है। पिछले साल, उड़ान ने नए निवेशकों को परिवर्तनीय नोट जारी करके 2 करोड़ डॉलर का ऋण जुटाया था। गुप्ता ने कहा, सीरीज़ ई राउंड हमारी बैलेंस शीट को मजबूत करता है और हमारी व्यावसायिक योजना को पूरी तरह से वित्तपोषित करता है। क्षेत्रीय-संचालित डिज़ाइन हमें अपने ग्राहकों के करीब लाएगा और हमारे संचालन को अधिक चुस्त और कुशल बनायेगा।

### लावा ने लांच किया युवा3 प्रो स्मार्टफोन

**नई दिल्ली।** मोबाइल फोन बनाने वाली कंपनी लावा इंटरनेशनल ने आज किफायती श्रेणी में अपना नया स्मार्टफोन युवा 3 प्रो लांच करने की घोषणा की जिसमें आठ जीबी रैम और 5 एमपी का डुअल रियर कैमरा है। ।


कंपनी ने यहां जारी बयान में कहा कि 8999 रुपए मूल्य पर लाँच इस स्मार्टफोल का प्रीमियम ग्लास फिनिश डिजाइन है। इसमें पंच होल डिस्प्ले है। इसका स्क्रीन 6.5 इंच का है और इसमें आठ जीबी का रैम और 128 जीबी रॉम है। इसमें आठ जीबी वर्चुअल रैम की सुविधा भी मिलती है।

इस फोन में 5 एमपी का डुअल एआई रियर कैमरा और आठ एमपी का फ्रंट कैमरा है। यूएनआईएसओसी टी 616 ऑक्टा कोर प्रोसेसर आधारित इस स्मार्टफोन में 5 एमएएच की बैटरी है जो 18 वॉट चार्जिंग तकनीक से लैस है। इसकी बिक्री आज से ही कंपनी की वेबसाइट और ऑफलाइन स्टोर पर शुरू हो गयी है।

### रियलमी ने लांच किया सी 67 5जी स्मार्टफोन

**नई दिल्ली।** स्मार्टफोन बनाने वाली कंपनी रियलमी ने आज भारतीय बाजार में नया 5 जी स्मार्टफोन रियलमी सी 67 लाँच करने की घोषणा की जिसमें 5 एमपी का एआई कैमरा है। कंपनी ने इसे एक वर्चुअल कार्यक्रम में लाँच करते हुये कहा कि मीडियाटेक माइमेंसिटी 61 प्लस 5 जी चिपसेट वाले इस 5 जी स्मार्टफोन में 5 एमएएच की बैटरी है जो 33 वॉट सुपरवूक फास्ट चार्जिंग से लैस है जिसेस मात्र 29 मिनट में यह फोन 5 प्रतिशत चार्ज हो सकता है।

# सेंसेक्स 70 और निफ्टी 21 हजार अंक के पार




मुंबई, 14 दिसम्बर (एजेंसियां)। अमेरिकी फेड रिजर्व के ब्याज दरों में कटौती करने के संकेत से विश्व बाज़ार की तेजी से उत्साहित निवेशकों की स्थानीय स्तर पर हुई चौतरफा लिवाली की बदौलत आज शेयर बाजार ने इतिहास रच दिया और सेंसेक्स पहली बार 70 हजार एवं निफ्टी 21 हजार अंक को पार कर गया। बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 929.60 अंक अर्थात 1.34 प्रतिशत की उद्दन भरकर सार्वकालिक उच्चतम स्तर 70 हजार अंक के मनोवैज्ञानिक स्तर के पार 70514.20 अंक पर पहुंच गया। इसी तरह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 256.35 अंक यानी 1.23 प्रतिशत की छलांग लगाकर अबतक के रिकॉर्ड 21182.70 स्तर पर रहा।

इस दौरान बीएसई का मिडकैप 1.06 प्रतिशत की तेजी के साथ 36,223.86 अंक और स्मॉलकैप 0.62 प्रतिशत चढ़कर 41,841.93 अंक पर रहा। बीएसई में कुल 3892 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 2064 में लिवाली जबकि 1702 में बिकवाली हुई वहीं 126 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह निफ्टी की 38 कंपनियों के शेयर हरे जबकि शेष 12 लाल निशान पर बंद हुए। विश्लेषकों के अनुसार, अमेरिकी केंद्रीय बैंक फेडरल रिजर्व के अध्यक्ष जेरोम पॉवेल ब्याज दरों में कटौती करने के स्पष्ट संदेश ने आने वाले दिनों में एक स्मार्ट सांता क्लॉज़ रैली के लिए प्लेटफार्म तैयार कर दिया है। यह चुनाव पूर्व रैली को भी गति दे सकता है, जो बाजार को नई ऊंचाइयों पर ले जा सकता है। फेड के कल के संदेश का अर्थ यह है कि सख्ती का दौर खत्म हो गया है और वर्ष 2024 में तीन बार ब्याज दरों में कटौती संभव है। अमेरिका में 10 वर्षीय यील्ड में चार प्रतिशत की गिरावट से घरेलू बाजार में बड़े पूंजी प्रवाह को बढ़ावा मिलेगा। यह पूंजी लार्ज कैप ख़ासकर बैंकिंग और आईटी जैसे समूहों के लिए होगा।

इससे बीएसई में कंज्यूमर ड्यूरेबल्स की 0.20 प्रतिशत की गिरावट को छोड़कर 19 समूहों में जमकर लिवाली हुई। इस दौरान रियल्टी 3.80, आईटी 3.21, टेक 2.72, दूरसंचार 2.14, कमोडिटीज़ 0.75, सीडी 0.88, ऊर्जा 1.28, एफएमसीजी 0.31, वित्तीय सेवाएं 1.38, हेल्थकेयर 0.02, इंडस्ट्रियल्स 0.52, यूटिलिटीज़ 0.78, ऑटो 0.67, बैंकिंग 1.26, कैपिटल गुड्स 0.47, धातु 0.84, तेल एवं गैस 1.36, पावर 0.89 और सर्विसेज समूह के शेयर 0.48 प्रतिशत चढ़ गए।

इस दौरान अंतरराष्ट्रीय स्तर पर तेजी का रुख रहा। ब्रिटेन का एफ़टीएसई 1.89, जर्मनी का डैक्स 0.69 और हांगकांग का हैंगसेंग 1.07 प्रतिशत उछल गया। हालांकि जापान का निक्केई 0.73 और चीन के शंघाई कम्पोजिट में 0.33 प्रतिशत की गिरावट रही।

# एस्सार ने गुजरात सरकार के साथ ऊर्जा परिवर्तन, बिजली और बंदरगाह क्षेत्रों में 55 हजार करोड़ रुपए के तीन समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर किए

**अहमदाबाद,** 14 दिसम्बर (एजेंसियां)। एस्सार ने वाइब्रेंट गुजरात ग्लोबल समिट 2024 से पहले कुल 55 हजार करोड़ रुपए के निवेश के लिए गुजरात सरकार के साथ तीन समझौता ज्ञापनों (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं। एस्सार राज्य में ऊर्जा परिवर्तन, बिजली और बंदरगाह क्षेत्रों में रणनीतिक निवेश करने के नए चरण में है। इस पहल का लक्ष्य 10 हजार से अधिक रोजगार के अवसर पैदा करना है। पिछले चार दशकों में, एस्सार ने गुजरात में ऊर्जा, धातु एवं खनन, और बुनियादी ढांचा क्षेत्रों में एक लाख करोड़ रुपए से अधिक का निवेश किया है।

एस्सार की विकास गाथा में गुजरात ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। मुख्य औद्योगिक परियोजनाओं में कंपनी के निवेश ने राज्य के औद्योगिक परिदृश्य को बेहतर किया है, जो निवेश गंतव्य के रूप में राज्य की क्षमता के लिए एक केस-स्टडी के रूप में काम कर रहा है। एस्सार कैपिटल के निदेशक प्रशांत रुइया ने एमओयू पर टिप्पणी करते हुए कहा, गुजरात एस्सार के रणनीतिक निवेश में लगातार सबसे आगे रहा है। हमें ऊर्जा और बुनियादी ढांचा क्षेत्रों में 55 हजार करोड़ रुपये के अतिरिक्त निवेश के साथ राज्य की आर्थिक प्रगति में योगदान करने में खुशी हो रही है।

### ऊर्जा परिवर्तन में निवेश

एस्सार ने एक गीगावाट ग्रीन हाइड्रोजन परियोजना विकसित करने के लिए एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं। इस पहल में 30 हजार करोड़ रुपए का अनुमानित निवेश शामिल है।

### बिजली उत्पादन क्षेत्र में निवेश

एस्सार पावर ने अपने सलाया पावर प्लांट में दूसरे चरण के विस्तार के लिए 16 हजार करोड़ रुपए के अतिरिक्त निवेश की घोषणा की है।

### बंदरगाह क्षेत्र में निवेश

एस्सार पोर्ट्स 10 हजार करोड़ रुपए के निवेश के साथ अपने सलाया बंदरगाह को लॉजिस्टिक्स हब में बदलने के लिए तैयार है। इन समझौतों पर हस्ताक्षर करना गुजरात के बहुमुखी विकास पथ में अपना योगदान जारी रखने की एस्सार की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

# जिंसों में टिकाव

**नई दिल्ली,** 14 दिसम्बर (एजेंसियां)। विदेशी बाजारों में तेजी लौटने के बावजूद स्थानीय स्तर पर उठाव सुस्त रहने से आज दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य तेल समेत सभी जिंसों में टिकाव रहा।

तेल-तिलहन: वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में दिसंबर का पाम ऑयल वायदा बढ़त के साथ 3585 रिंगिट प्रति टन पर पहुंच गया। इसी तरह दिसंबर का अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.28 सेंट की तेजी लेकर 50.11 सेंट प्रति पौंड बोला गया।



इस दौरान घरेलू बाजार में खाद्य तेलों में टिकाव रहा। सरसों तेल, मूंगफली तेल, सूरजमुखी तेल, पाम ऑयल, पाम ऑयल और वनस्पति तेल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ।

गुड़-चीनी: मीठे के बाजार में स्थिरता रही। इस दौरान चीनी और गुड़ के भाव पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर टिके रहे।

दाल-दलहन : दाल-दलहन बाजार में टिकाव रहा। इस दौरान चना, दाल चना, मसूर दाल, मूंग दाल, उड़द दाल और अरहर दाल के भाव पड़े रहे।

अनाज : अनाज मंडी में भाव स्थिर रहे। इस दौरान गेहूं और चावल के दाम में कोई बदलाव नहीं हुआ।

# पिछड़ेपन का दंश झेल रहे आठ जिले बनेंगे यूपी के विकास के ग्रोथ इंजन

**लखनऊ,** 14 दिसम्बर (एजेंसियां)। यूपी ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के दौरान देश-विदेश के औद्योगिक समूहों की ओर से मिले 40 लाख करोड़ के निवेश प्रस्ताव को सरकार धरातल पर उतारने की तैयारी में जोर-शोर से जुटी हुई है। सबसे अहम बात ये है कि क्रियान्वित होने जा रहे निवेश के मामले में यूपी के बड़े और औद्योगिक शहर ही नहीं, बल्कि वो जनपद भी किसी से पीछे नहीं हैं, जिन्हें अब तक सबसे पिछड़ा माना जाता रहा है।

देशभर के 100 आकांक्षात्मक जिलों में से आठ उत्तर प्रदेश में हैं, जिन्हें पिछड़ा माना जाता है। मगर, ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी के प्रथम फेज के लिए इनकी परफॉर्मेंस ने सबको चौंका दिया है। अब तक सात लाख करोड़ के निवेश में से एक लाख करोड़ से अधिक का निवेश इन आठ आकांक्षात्मक जिलों में धरातल पर उतरने जा रहा है। विभाग के एक अधिकारी ने बताया कि यूपी का सोनभद्र, चंदौली जिला, जो कभी देश में




नक्सलियों से प्रभावित था, आज प्रदेश के विकास में अपनी अहम भूमिका निभा रहा है। इसके अलावा डकैतों के आतंक से प्रभावित चित्रकूट और पिछड़ा जिला होने का दंश झेल रहे सिद्धार्थनगर, बहराइच, फतेहपुर, श्रावस्ती और बलरामपुर ने बड़ी संख्या में निवेशकों को अपनी ओर आकर्षित किया है। यह मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की छोटे जिलों को विकास से जोड़ने की मुहिम का ही असर है।

वहीं, पहले इन जिलों में अव्यवस्था और नक्सल-दस्यु गतिविधियों के चलते उद्योग जगत यहां बड़ा निवेश करने से कतराते रहे हैं। अब, परिस्थितियां बिल्कुल बदल चुकी हैं। योगी सरकार की अपराध और अपराधियों के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति, दुर्गम और हाशिये वाले क्षेत्रों में मूलभूत सुविधाओं का विकास, आधारभूत संरचनाओं का निर्माण और बेहतर कनेक्टिविटी से ये जिले यूपी के विकास के ग्रोथ इंजन बनने जा रहे हैं।

इस निवेश से ना सिर्फ पूर्वांचल बल्कि प्रदेश के विकास को भी रफ्तार मिलेगी। तकरीबन 78,815 करोड़ की 43 निवेश परियोजनाएं सोनभद्र में कार्यान्वित होने के लिए बिल्कुल तैयार हैं। इसी तरह कभी नक्सल गतिविधियों का गढ़ माने जाने वाले चंदौली जिले में 17,455 करोड़ की 69 परियोजनाएं धरातल पर उतरने के लिए पूरी तरह से तैयार हैं। वहीं, आकांक्षात्मक जिलों में शामिल चित्रकूट में 6,765 करोड़ की 42 परियोजनाएं, सिद्धार्थनगर में 297 करोड़ की 56 परियोजनाएं, फतेहपुर में 1,831 करोड़ की 72 परियोजनाएं धरातल पर उतरने के लिए तैयार हैं। इसके अलावा तराई वाले जिले बहराइच में 736 करोड़ की 69 परियोजनाएं, श्रावस्ती में 866 करोड़ की 74 परियोजनाएं और बलरामपुर में 368 करोड़ की 36 परियोजनाएं धरातल पर उतरने को तैयार हैं।

# जिले को मंत्रियों का इंतजार

## शहर में कैबिनेट मंत्रीमंडल को लेकर हो रही चर्चा

## जातिगत और क्षेत्रीय संतुलन में किस पर कौन पड़ेंगे भारी, छत्तीसगढ़ में मुख्यमंत्री के बाद अब मंत्रियों की बारी

**बिलासपुर**, 14 दिसम्बर (देशबन्धु)। बुधवार को मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय व दो उप मुख्यमंत्री अरुण साव व विजय शर्मा ने पद एवं गोपनीयता की शपथ ले ली है। सीएम व दो डिप्टी सीएम के शपथ लेते ही मंत्रिमंडल को लेकर चर्चा का दौर शुरू हो गया है। जिले से तीन कद्दावर नेता विधानसभा पहुंच गए हैं। मंत्रिमंडल में जगह बनाने दिग्गजों व नए चेहरे के बीच कड़ी सियासी प्रतिस्पर्धा देखी जा रही है। क्षेत्रीय संतुलन और जातिगत समीकरणों की बात भी होने लगी है। दोनों ही समीकरण में कौन फिट बैठ रहे हैं यह







भी देखने वाली बात रहेगी। पांच साल के वनवास के बाद राज्य की सत्ता में भाजपा की वापसी हो गई है। पूर्व केंद्रीय मंत्री व पूर्व प्रदेशाध्यक्ष विष्णु देव साय ने बुधवार को मुख्यमंत्री पद की शपथ ले ली है। उनके बाद अरुण साव व विजय शर्मा को राज्यपाल ने उप मुख्यमंत्री पद की शपथ दिलाई। सीएम व दो डिप्टी सीएम प्रदेश की जनता को मिल गया है। अब मंत्रिमंडल को लेकर चर्चा छिड़ गई है। छत्तीसगढ़ राज्य गठन के बाद हुए पहले विधानसभा चुनाव में भाजपा सत्ता में आई जो बीते 15 वर्षों तक जारी रही। वर्ष 2003 से 2018 तक भाजपा सत्ता में रही। इस दौर में भी प्रदेश की राजनीति में जिले का महत्व बना रहा। राज्य की सत्ता में भागीदारी भी प्रभावी रही। उस दौर में अपने कामकाज के साथ ही संगठनात्मक असर और कार्यकर्ताओं के बीच सामंजस्य के चलते जिले के कद्दावर नेताओं ने सत्ता व संगठन में बराबर संतुलन बनाकर रखा। क्रियाशीलता और कामकाज के दम पर असरकारी प्रभाव छोड़ते रहे हैं। अविभाजित जिले की राजनीति में दिग्गज भाजपाइयों की तिकड़ी का प्रभाव रहा है। इनमें पुन्नूलाल, अमर अग्रवाल व धरमलाल के बीच राजनीतिक सामंजस्य भी गजब का रहा। यही कारण है कि इनके समर्थकों के बीच कभी विवाद की स्थिति नहीं बनी और ना ही गुटीय राजनीति का कोई झमेला ही नजर आया। तिकड़ी के इर्द-गिर्द ही जिले की भाजपाई राजनीति चक्कर काटती रही है। डिप्टी सीएम बनने के बाद जिले की राजनीति में अरुण साव जैसे एक और असरकारी चेहरा सामने आ गया है। अरुण साव के डिप्टी सीएम के पद पर काबिज होने के बाद राज्य मंत्रिमंडल में अविभाजित जिले के प्रतिनिधित्व को लेकर चर्चा छिड़ गई है। यह स्वाभाविक है। क्षेत्रीय और जातिगत संतुलन को लेकर भी राजनीति के दिग्गज अटकलें लगाने लगे हैं।

# सूने मकान से जेवर चोरी करने वाला नाबालिग पकड़ाया

## तोरवा पुलिस ने चोरी के माल किया बरामद

**बिलासपुर** , 14 दिसम्बर (देशबन्धु)। देवरीखुर्द के सूने मकान में चोरी करने वाले नाबालिग को तोरवा पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पकड़े गए आरोपी के पास से पुलिस ने चोरी के माल भी बरामद कर लिए है।

तोरवा पुलिस ने बताया कि प्रार्थी प्रवेन्द्र बुंदेला निवासी देवरीखुर्द के द्वारा दस अक्टूबर को अज्ञात आरोपी द्वारा प्रार्थी के निवास से अलमारी का लॉकर तोडकर उसके रखे सोने चांदी के जेवर नगदी रकम एवं चांदी का हाथी के चोरी करने के संबंध में रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी कि रिपोर्ट पर थाना तोरवा में अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना किया गया। थाना प्रभारी तोरवा कमला पुसाम ठाकुर के नेतृत्व में टीम तैयार कर पता तलाश की जा रही थी जो पता तलाश दौरान तोरवा पुलिस ने मुखबिर से सूचना पर विधि से संघर्षरत बालक को पकडकर पूछताछ किया



जिससे पूछताछ करने पर चोरी करना स्वीकार किया। जिनके कब्जे से चोरी गये चांदी का हाथी 1 नग चांदी का पायल, चांदी का अंगूठी, सोने का टॉप्स 02 नग सोने की फुल्ली जप्त किया गया है। उक्त विधि से संघर्षरत बालक लगातार चोरी कर रहा है जिसे रोकने के उद्देश्य से न्यायालय के दिशा निर्देशो को ध्यान में रखकर न्यायिक रिमांड में न्यायालय पेश किया गया है। उक्त कार्रवाई में थाना प्रभारी कमला पुसाम ठाकुर उनि. दिनेश पुरैना उनि. कमल नारायण शर्मा ,आरक्षक अजय शर्मा, अनूप किण्डो लक्ष्मी कश्यप, अशोक चंद्राकर का सराहनीय योगदान रहा।

# प्राइवेट प्रैक्टिस करने वाले डाक्टरों को अब देनी होगी सभी जानकारी

## अधिकारियों ने जब सिम्स का निरीक्षण किया तो उन्हें तमाम तरह की मिली खामियां

## सिम्स की व्यवस्था सुधारने की कवायद

**बिलासपुर** , 14 दिसम्बर (देशबन्धु)। सिम्स की व्यवस्था को पटरी में लाने की कवायद चल रही है। शासन स्तर पर अधिकारी सिम्स की निगरानी करते हुए व्यवस्था सुधारने में जुटे हुए हैं। वही अब निर्देश दिया गया है कि जो भी डाक्टर प्राइवेट प्रैक्टिस करते है तो उन्हें उसकी तमाम जानकारी देनी होगी। जानकारी नहीं देने पर प्राइवेट प्रैक्टिस की बात सामने आने पर संबंधित डाक्टर के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।



बीते दो महिने से सिम्स की बिगड़ी व्यवस्था को पटरी में लाने की कोशिश शासन स्तर पर किया जा रहा है ताकि यहां पहुंचने वाले मरीजों को उचित चिकित्सकीय सुविधा और ठीक इलाज मिल पाए। अधिकारियों ने जब सिम्स का निरीक्षण किया तो उन्हें तमाम तरह की खामियां मिली। ज्यादातर अधिकारी, चिकित्सक व कर्मचारी अपने दायित्वों के निर्वहन में कोताही बरतते पाए गये। ऐसे में सिम्स में जरूरी बदलाव करते हुए स्टाफ पर भी लगाम लगाने का काम किया जा रहा है। इसी के तहत शासन की ओर से निर्देश है कि सिम्स में जितने भी डाक्टर प्राइवेट प्रैक्टिस करते हैं। उन्हें अपनी जानकारी सार्वजनिक करनी होगी। इसमें किस समय और कितने घंटे प्रैक्टिस करते हैं, फीस कितने लेते हैं, निजी क्लीनिक या फिर निजी अस्पताल में प्रैक्टिस करते हैं। इस तरह की तमाम जानकारी देनी होगी। मालूम हो कि यह बात भी सामने आई है कि ड्यूटी के टाइम में भी कई डाक्टर प्राइवेट प्रैक्टिस करते हैं। ऐसे डाक्टरों पर लगाम लगाने की कवायद की जा रही है। 30 से ज्यादा डाक्टर करते हैं प्राइवेट प्रैक्टिस सिम्स को लेकर अब तक यह बात सामने आ चुकी है कि यहां के 30 से ज्यादा छोटे-बड़े डाक्टर प्राइवेट प्रैक्टिस करते हैं। ऐसे में इन डाक्टरों से जानकारी ली जा रही है। यदि डाक्टर नियमानुसार प्राइवेट प्रैक्टिस कर रहे हैं तो कोई बात नहीं है। यदि इनके प्राइवेट प्रैक्टिस से सिम्स की चिकित्सकीय सेवा प्रभावित हो रहा है तो उन डाक्टरों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

# आइएएस रानू साहू की जमानत पर बहस अधूरी

## छत्तीसगढ़ के कोयला घोटाला मामले में जेल में बंद निलंबित आइएएस रानू साहू की जमानत याचिका पर सुनवाई आगे बढ़ गई

**बिलासपुर,** 14 दिसम्बर (देशबन्धु)। कोयला घोटाले में निलंबन की सजा भुगत रही और जेल में बंद आइएएस रानू साहू की जमानत याचिका पर हाई कोर्ट में बहस चल रही है। बहस अधूरी रही। अगली सुनवाई के लिए कोर्ट ने आठ जनवरी की तिथि तय कर दी है। छत्तीसगढ़ के कोयला घोटाला मामले में जेल में बंद निलंबित आइएएस रानू साहू की जमानत याचिका पर सुनवाई आगे बढ़ गई है। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने रानू साहू को जुलाई 2023 में हिरासत में लिया था। ईडी की ओर से उन पर कथित कोयला घोटाले में शामिल होने का आरोप है। इससे पहले बुधवार को इसी केस में कांग्रेस विधायक देवेंद्र यादव समेत नौ आरोपी फिर से कोर्ट में पेश नहीं हुए। जेल में बंद आरोपियों की वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए आनलाइन पेशी हुई। इनके कोर्ट में गैरहाजिर रहने पर ईडी के वकील ने आपत्ति जताई तो जेल प्रशासन की ओर से फोर्स की कमी का हवाला दिया गया। मामले की अगली सुनवाई छह जनवरी को होगी। आरोपी अगर अब कोर्ट में पेश नहीं होते तो जमानती वारंट जारी किया जाएगा।

### नौ आरोपियों को फिर से नोटिस



ईडी के वकील सौरभ पांडेय ने बताया कि मामले में आरोपी विधायक देवेंद्र यादव और पूर्व विधायक चंद्रदेव राय समेत 9 लोगों को कोर्ट ने फिर से नोटिस जारी किया है। इनमें कांग्रेस नेता आरपी सिंह, विनोद तिवारी, रोशन सिंह, पीयूष साहू, नारायण साहू, मनीष उपाध्याय भी शामिल हैं।कोयला घोटाले केस में जेल में बंद सौम्या चौरसिया, आइएएस समीर बिश्नोई, रानू साहू और सूर्यकांत तिवारी समेत अन्य आरोपियों को कोर्ट में पेश होना था। मामले से जुड़े आरोपी पिछली तीन सुनवाई से कोर्ट में हाजिर नहीं हो रहे हैं, ना ही वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए जुड़ रहे हैं।

### बढ़ सकती है इन अफसरों की मुश्किलें

छत्तीसगढ़ में चुनाव से पहले ईडी ने बड़ी कार्रवाईयों को अंजाम दिया था। ईडी ने सरकार के करीबियों और अफसरों के ठिकानों पर लगातार छापेमारी भी की थी। फिलहाल समीर बिश्नोई, रानू साहू और सौम्या चौरसिया न्यायिक हिरासत में जेल में है। तीनों ही अफसर पिछली सरकार के काफी खास थे। ऐसे में माना जा रहा है कि अब सरकार बदलने के बाद इनकी मुश्किलें कम होने के बजाय बढ़ सकती हैं।

### ईडी ने इन्हें बनाया है आरोपी

छत्तीसगढ़ कोयला स्कैम केस में ईडी ने निलंबित आइएएस रानू साहू, निखिल चंद्रकार समेत विधायक देवेंद्र यादव, पूर्व विधायक चंद्रदेव राय, कांग्रेस नेता आरपी सिंह, विनोद तिवारी, रोशन सिंह, पीयूष साहू, नारायण साहू, मनीष उपाध्याय को आरोपी बनाया है। इनमें से आइएएस रानू साहू और निखिल चंद्राकर पहले से ही जेल में हैं। रानू साहू को 22 जुलाई को गिरफ्तार किया गया था।

## सार-संक्षेप



# पंधी, खैरा व गतौरा में नुक्कड़ नाटक आयोजित

## एयू के रासेयो छात्रों ने बच्चों व ग्रामीणों को किया जागरूक

**बिलासपुर** , 14 दिसम्बर (देशबन्धु)। राष्ट्रीय सेवा योजना एवं छत्तीसगढ़ शासन उच्च शिक्षा विभाग तथा यूनिसेफ छत्तीसगढ़ के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित दो दिवसीय ग्राम संपर्क अभियान सुरक्षित पारा सुरक्षित लईकामन के अंतर्गत आज अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय के स्वयंसेवक डॉक्टर मनोज सिन्हा समन्वयक के निर्देशन पर तखतपुर ब्लॉक के विभिन्न ग्राम तथा मस्तूरी ब्लाक के पंधी, खैरा, गतौरा ग्राम के विभिन्न स्थलों में जाकर जैसे स्कूल सामुदायिक भवन एवं बाजार हाट में नुक्कड़ नाटक के माध्यम से बच्चों के अधिकारों के प्रति उन्हें जागरूक किया गया।


जैसे बच्चों के सुरक्षित स्पर्श एवं असुरक्षित स्पर्श की जानकारी दी गई । साथ ही साथ बच्चों को बाल मजदूरी एवं छोटे बच्चों के द्वारा किए जा रहे नशीले पदार्थों के सेवन, बाल यौन शोषण से संबंधित विभिन्न जागरूकताओं के बारे में विस्तार से नुक्कड़ नाटक के माध्यम से मंचन किया गया ।

ग्रामीण जनों से अपने बच्चों को सरकार द्वारा प्रदान की जाने वाली निशुल्क शिक्षा उपलब्ध कराने हेतु आग्रह किया गया। साथ ही उन्हें बच्चों के अधिकार से संबंधित विभिन्न कानून के बारे में जानकारी प्रदान की गई । इस वृहद जागरूकता अभियान में राष्ट्रीय सेवा योजना जिला संगठक श्रीमती कांति अंचल, राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी यूपेश कुमार, सुश्री संस्कृत शास्त्री, ने महत्वपूर्ण भूमिका अदा की । राष्ट्रीय सेवा योजना एवं यूनिसेफ के तत्वाधान में किया जा रहे इस कार्यों की सराहना राष्ट्रीय सेवा योजना के राज्य अधिकारी डॉ नीता बाजपेयी एवं अटल बिहारी वाजपेई विश्वविद्यालय के कुलपति आचार्य ए.डी.एन. बाजपेयी द्वारा की गई । इस जन जागरूकता अभियान में राष्ट्रीय सेवा योजना के 80 स्वयंसेवक सक्रिय रूप से विभिन्न ग्रामो में जाकर जन जागरूकता अभियान चला रहे हैं ।

# दिन में धूप रात में चल रही हल्की ठंडी हवा

## दो तीन दिनों में बढ़ेगी ठंड

**बिलासपुर** , 14 दिसम्बर (देशबन्धु)। मौसम खुशनुमा बना हुआ है। दिन में वातावरण शुष्क है तो वहीं शाम ढलते ही सर्दी कंपा रही है। रात में हल्की ठंडी हवाएं चलने लगी हैं। सुबह कंपकंपी के बीच सैर करने वालों की संख्या भी बढ़ रही है। मौसम विशेषज्ञ सिराज खान का कहना है कि सर्दी ने अब अपना असर दिखाना प्रारंभ कर दिया है। यह स्थिति अब एक-दो दिन बनी रहेगी। इसके बाद एक नया पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होगा। संभवत 19 दिसंबर के बाद ठंड और तेज होगा। 21 के ठंडी तीखी होगी। बिलासपुर सर्दी में लिपट जाएगा। मौसम विभाग ने भी संभावना जताते हुए कहा है कि आने वाले दिनों में सुबह घना कोहरा और तापमान नीचे आ सकता है। ऐसी स्थिति में लोग गर्म कपड़ों की बिक्री निश्चित रूप से बढ़ेगी। बता दें कि अभी शाम ढलते ही सर्दी कंपाने लगी है। ग्रामीण अंचल और पहाड़ी क्षेत्रों में तापमान और भी कम है। पेंड्रारोड में न्यूनतम तापमान 12 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है। यानी स्पष्ट है



कि इन क्षेत्रों में शीत लहर जैसी स्थिति बनने लगी है।

### पश्चिमी विक्षोभ तंत्र होगा सक्रिय

आगामी दिनों में पश्चिमी विक्षोभ तंत्र सक्रिय होगा, जिससे तापमान में उतार-चढ़ाव का दौर जारी रहेगा। वहीं कहीं-कहीं आसमान में हल्के बादल छाए रह सकते हैं। सुबह पारा कम होने से पौधे पर ओस की बूंदें जमी हुई नजर आएंगी। हिमालय क्षेत्र से उत्तरी सर्द हवाओं का आना शुरू होगा। इससे अधिकतम और न्यूनतम तापमान में कमी आने से सर्दी का असर बढ़ने लगेगा।

### अलाव का लिया जा रहा सहारा

न्यायधानी में सर्दी का आलम ऐसा है कि घर के छत और दीवारें भी ठंडी पड़ने लगी है। हाथ से छूते ही ठंड का अहसास होने लगता है। ठंडी बढ़ने के साथ गर्म पानी का उपयोग भी बढ़ने लगा है। अधिकांश घरों में हीटर का उपयोग बढ़ा है। इसके अलावा आसपास ग्रामीण अंचलों में शाम को अलाव का सहारा भी लिया जा रहा है।

### आज शुष्क रहेगा मौसम, बढ़ेगी ठंड

मौसम वेधशाला के मौसम विज्ञानी डा. एचपी चंद्रा के मुताबिक आज से ठंडी हवा में तेजी आने की संभावना बन रही है। इसके कारण प्रदेश में न्यूनतम तापमान में गिरावट का दौर प्रारंभ होने की संभावना है। प्रदेश में मौसम शुष्क रहने की संभावना है। बिलासपुर में ठंड बढ़ेगी।

# सीएमडी कॉलेज के आर्यन सिंह का एनसीसी इंडियन मिलिट्री कैंप में चयन

## शासी निकाय के अध्यक्ष पं.संजय ने किया सम्मानित

**बिलासपुर** , 14 दिसम्बर (देशबन्धु)। अंचल के प्रतिष्ठित सीएम दुबे स्नातकोत्तर महाविद्यालय के एनसीसी कैडेट आर्यन सिंह का चयन इंडियन मिलिट्री अकेडमी अटैचमेंट कैंप के लिए हुआ है। चयन की जानकारी के बाद महाविद्यालय परिवार में खुशी की लहर दौड़ गई। शासी निकाय के अध्यक्ष पं.संजय दुबे और प्राचार्य डा.संजय सिंह ने आर्यन को पुष्पगुच्छ प्रदान कर सम्मानित किया। इंडियन मिलिट्री अकेडमी अटैचमेंट कैंप (आइएमए) देहरादून (उत्तराखंड) के लिए चयन किया गया है। सातवीं सीजी बटालियन एनसीसी के कमान अधिकारी कर्नल अमिताभ श्रीवास्तव के मार्गदर्शन में आर्यन ने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। पंडित संजय ने इस अवसर पर कहा कि सातवीं सीजी बटालियन में सीएम दुबे स्नातकोत्तर महाविद्यालय के एनसीसी. कैडेट का चयन किया



गया। हम सभी के लिए बड़ी उपलब्धि है। इसके पूर्व कैडेट रीता थंगाल का असम रायफल में चयन हो चुका है। इस अवसर पर प्राचार्य डा. संजय सिंह एवं एनसीसी अधिकारी रोहित लहरे ने कहा कि इंडियन मिलिट्री अकादमी अटैचमेंट कैंप के दौरान एनसीसी कैडेट्स को भारतीय सेना को करीब से देखने का और उनकी जीवन शैली को सीखने का मौका मिलता है। साथ ही साथ इस कैम्प के दौरान इंडियन मिलिट्री के साथ कार्य करने का मौका मिलेगा, साथ ही साथ भारतीय सेना किस तरीके से अपने कार्य को करती है। इन बातों को बारीकियों से जानने का मौका मिलता है। एनसीसी. आइएमए का महत्वपूर्ण कैम्प है जिसमें पूरे छत्तीसगढ़ से तीन कैडेट्स का चयन किया गया है और 7 सीजी बटालियन से एक कैडेट का चयन हुआ है। यह कैम्प 17 दिसंबर से 28 दिसंबर तक देहरादून में होगा।

# सघन पेट्रोलिंग से संरक्षित परिचालन सुनिश्चित

## यात्रियों को बेहतर यात्रा अनुभव प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे

**बिलासपुर** , 14 दिसम्बर (देशबन्धु)। ट्रेनों का संरक्षित परिचालन सुनिश्चित करना रेलवे की पहली प्राथमिकता रही है, और इसके लिए समय-समय पर दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे में अनेक अभियान चलाये जा रहे हैं । इसी कड़ी में ठंड के दिनों में भी सुगम एवं निर्बाध रूप से व्यवधान-मुक्त रेल सेवा प्रदान करने हेतु शीतकालीन पेट्रोलिंग प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष ज़ोरशोर से शुरू की गई है । सर्दियों के मौसम में आमतौर पर रेल परिचालन बेहद कठिन और चैलेंजिंग हो जाता है । इस दौरान कोहरे के साथ ही रेल फ्रैक्चर की घटनाएं भी काफी दर्ज की जाती हैं । शरीर की हड्डी कंपा देने वाली इस ठंड में रेल लाइन की देखभाल करते हुए रेल यात्रियों की यात्रा को सुरक्षित बनाने में बड़ी जिम्मेदारी ट्रैकमैन की होती है । ये ट्रैकमैन भारतीय रेल के रीढ़ की हड्डी हैं जो सेना के जवान की तरह काम करते हैं । ठंड हो या गर्मी यहां तक कि ख़राब मौसम में भी ये ट्रैकमैन रेलवे ट्रैक पर अपनी ड्यूटी पर तैनात रहते हैं । सर्दियों में रेल लाइनों पर संरक्षा को और अधिक मजबूत बनाने के लिए दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के तीनों रेल मंडलों बिलासपुर, रायपुर एवं नागपुर के सभी रेलखंडों में पेट्रोलिंग कर्मचारियों की तैनाती की गई है । दक्षिण पूर्व मध्य



रेलवे में लगभग 921 बीट है । एक बीट 2 किलोमीटर का होता है, जिसमें 02 पेट्रोलिंग कर्मचारी, जो कि ट्रेकमेन, कीमेन होते है प्रतिदिन रात्रि 10 बजे से लेकर प्रात: 06 बजे तक 4 चक्कर लगते है । इस प्रकार प्रत्येक पेट्रोलिंग दल प्रतिदिन 16 किलोमीटर चलकर रेल लाइनों का निरीक्षण करता है । सभी पेट्रोलमैन को जीपीएस ट्रैकर यानी ग्लोबल पोजिशनिंग सिस्टम दिया गया, जिससे पेट्रोलिंग के समय इन पर निगरानी रखी जा सके । इसके अलावा, आपातकालीन स्थिति में इसी ट्रैकर की मदद से मोबाइल फोन द्वारा पेट्रोलमैन से कम्यूनिकेशन किया जा सकता है । रेलवे का पेट्रोलमैन आपात स्थिति में रेलवे लाइन को सुधारने वाले सभी आवश्यक उपकरणों जो कि लगभग 20 से 25 किलो सामान उठाकर रोजाना 16 से 20 किलोमीटर चलता है । रात के वक्त ट्रैक की पेट्रोलिंग करने वाले कर्मचारियों को एचएसएल लैंप (रात को इंडीकेशन करने वाली लैंप), लाल झंडी, नट बोल्ट कसने के लिए चाबी व पटाखे दिए जाते हैं । रात के वक्त यदि कोई नट बोल्ट अथवा क्लैंप ढीला पाया जाता है तो उसे तुरंत कस दिया जाता है । अगर ट्रैक में कोई दरार पाई जाती है तो पेट्रोलिंग कर्मचारी तुरंत इसकी सूचना देने के साथ लगते स्टेशन के स्टेशन मास्टर को देते है, ताकि समय रहते किसी भी अनहोनी को टाला जा सके । दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे का बिलासपुर-अनुपपुर, रायगढ़-झारसुगुड़ा, अनुपपुर-अम्बिकापुर, चांपा-कोरबा, दुर्ग-गोंदिया, गोंदिया-चांदाफोर्ट, गोंदिया-बालाघाट-जबलपुर, दुर्ग-दल्लीराझरा जैसे अधिकांश सेक्शन अभ्यारण्य क्षेत्र से सटा है और पूरे क्षेत्र में जंगली जानवरों की भरमार है । ऐसे में भी पेट्रोलमैन अंधेरे में जंगली जानवरों के क्षेत्र में अपनी ड्यूटी पूरी ज़िम्मेदारी के साथ निभाता है । विपरीत मौसम में, सर्दी के समय जब रात को कड़ाके की ठंड पड़ती है, ऐसे में भी पेट्रोलमैन अपना कार्य करते हैं, ताकि रेल यात्रियों का सफर संरक्षा के साथ पुरा हो सके । इसके साथ ही रेलवे के सभी सम्बन्धित विभागों द्वारा भी शीतकालीन के दौरान विशेष संरक्षा अभियान चलाया गया है, जिसके तहत समपार फाटकों, रेल पुलों, रेल पथों, संरक्षा एवं सुरक्षा से जुड़े संसाधनों, ओ.एच.ई.लाइन, सम्बद्ध उपकरणों, सिग्नल प्रणाली आदि का सघन निरीक्षण एवं जांचकर आवश्यकतानुसार उनका अनुरक्षण किया गया है, जिससे शीतकालीन के दौरान भी रेल परिचालन निर्बाध और सुचारू रूप से चलता रहे ।

## NECC

| 15.12.2023 | अंडा | मुर्गी | काकरेल |
|---|---|---|---|
| फार्म | 585 | 75 | 135 |
| चिल्हर | 690 | 90 | 165 |

डिलीवरी 600 सैकड़ा

दर्जन अंडा 83 रु.

मुर्गी खाद प्रति ट्राली 1000 रू.

CSPFA


प्रकाशक मुद्रक एवं सम्पादक- राजीव रंजन श्रीवास्तव द्वारा पत्रकार प्रकाशन, प्रा.लि. के लिए पत्रकार प्रकाशन प्रा.लि. प्रेस में मुद्रित एवं गर्ल्स कॉलेज के पास, जरहाभाटा, बिलासपुर से प्रकाशित। प्रेस पंजीयन- 52158/91 डाक पंजीयन 112-002/2002 सी जी फोन- 07752 422771, 428159 फैक्स नं. 415188